फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 25, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 2 मार्च, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : चमकीली होती सोने की चमक

अन्दर : रविंद्र जडेजा ने चटकाए चार विकेट



डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# हमने विकास को बढ़ाया, आपने माफिया को

## विधानसभा में सपा पर बरसे योगी, पांच साल में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था होगा उप्र

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट के आकार पर कहा कि यह बजट पिछले छह साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हुए विकास को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बजट का आकार तीन लाख 40 हजार करोड़ था जबकि इस बार हमने 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने यूपी को बीमारू प्रदेश बना दिया था हम अगले पांच साल में इसे देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

आपने प्रदेश में माफियाओं को खड़ा किया और प्रदेश को विकास के पैमाने पर पीछे जाने को मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। आपने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' दिया था। उन्होंने सपा पर प्रदेश के कलाकारों व लघु उद्यमियों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की नामौजूदगी पर निशाना साधते हुए कहा

**यूपी विधानमंडल सत्र**

### जाति का मुद्दा उठाना ध्यान हटाने का प्रयास, वैक्सीन किसी की जाति देखकर नहीं लगाई अनाज देने में भेद नहीं किया

### आप महज घोषणा करते थे, हम संकल्प लेते हैं और उन्हें पूरा करते हैं

कि हर समस्या के सामने दो रास्ते होते हैं। एक... निदान के लिए भाग लो या फिर समस्या देखकर ही भाग लो...। जैसे अभी नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) की कुर्सी खाली है वैसे ही प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार समस्याओं से अपना पीछा छुड़ाकर भाग लेती थी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता है यूपी हमारा राज्य आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। हमारे पास आज के दिन बढ़ा राजस्व लोक कल्याण का आधार बन रहा है। गरीबों, किसानों, माताओं और बेटियों के कल्याण का आधार बन रहा है। वर्ल्ड



क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने का आधार बन रहा है। यूपी को जिसे आप लोगों ने बीमारू बना दिया था, आज वह बीमारू से उबर चुका है, देश की बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है। मैं कह सकता हूं कि हमारा पहला ग्राउंड ब्रेकिंग होने दीजिए यूपी नंबर दो की अर्थव्यवस्था होगी, पांच साल में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था होगा। सीएम ने आगे कहा कि पिछले पांच वर्ष में कोई अतिरिक्त टैक्स जनता पर नहीं लगाया। पेट्रोल डीजल के दाम यूपी में सबसे कम है, अगल-बगल के राज्यों से मिला लीजिए। यूपी में जीएसटी देने के लिए व्यापारी वर्ग उतावला है। 26 लाख से अधिक व्यापारियों ने जीएसटी में रजिस्ट्रेशन किया है और लगातार कर रहा है। सरकार ने हर व्यापारी को 10 लाख की सुरक्षा बीमा का कवर उपलब्ध कराया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा सरकार की जिम्मेदारियों के बारे में बात करते हुए कहा कि इतने बड़े प्रदेश के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सब 25 करोड़ जनता के प्रतिनिधि के रूप में यहां बैठे हैं। नेता प्रतिपक्ष कह रहे थे कि आप दावोस गए होते तो 50 लाख करोड़ का प्रस्ताव आता। यानी उन्हें विश्वास है कि प्रस्ताव आए हैं। ये जो 34.09 लाख करोड़ के प्रस्ताव आए हैं। ये जनविश्वास और सरकार की क्रेडिबिलिटी का ही प्रतीक है। यह 2017 से पहले क्यों नहीं आता था। प्रदेश की जनता और दुनिया 2013 के वाकये को नहीं भूली होगी, जब कुंभ पर प्रजेंटेशन के लिए हावर्ड गए थे और चचाजान को तलाशी से गुजरना पड़ा। प्रदेश को हमने कहां पहुंचा दिया था। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की बात कर रहे थे न, 2012 से 17 के बीच क्या हुआ था हर कोई जानता है। 2016-17 में अनुसूचित जाति और जनजाति के 21 लाख 21 हजार 629 छात्र-छात्राओं की तत्कालीन सरकार ने छात्रवृत्ति रोक दी थी। जब हमारी सरकार आई मार्च 17 में हमने दोनों साल का जोड़कर स्कॉलरशिप दिया था। यही लोग दलितों, गरीबों, वंचितों, पिछड़े के हक पर डकैती डालने का काम करते थे, जब कुछ नहीं होता तो जाति जाति चिल्लाने का काम करते हैं। कोई मुद्दा न मिले तो जाति का मुद्दा उठाकर समाज के ध्यान को हटाने का प्रयास किया जाता है।

### ओडीओपी आज दुनिया भर में लोकप्रिय

सीएम योगी ने आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि हमारी सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की अभिनव योजना प्रदेश की एमएसएमई को देश के अंदर और दुनिया के अंदर प्रस्तुत किया। आज ये दुनिया की लोकप्रिय योजना बन चुकी है। प्रधानमंत्री आज पूरी दुनिया में कहीं जाते हैं और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रतिकृति उपहार में देते हैं तो कलाकार की कृति को वैश्विक मान्यता मिलती है। इस पर गौरव करने की जगह इसका उपहास उड़ाना अपने हस्तशिल्पियों का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्हें हम हतोत्साहित कर रहे हैं, जबकि हमें उसे प्रोत्साहित करना चाहिए, वो हमारे विरासत का हिस्सा है। आपके लिए वो जाति का हिस्सा हो सकता है, हमारे लिए एक हस्तशिल्पी की कला को सम्मान देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि टेस्ट, वैक्सीन और राशन किसी की जाति देखकर नहीं लगाए गए थे। योजनाओं का लाभ, विकास सब तक पहुंचाने का काम हमने पूरी मजबूती के साथ किया।

# सिसोदिया और जैन के इस्तीफे में नया मोड़



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मनीष सिसोदिया का इस्तीफा अस्वीकार कर दिया है। उनके कारण सत्येंद्र जैन का इस्तीफा भी स्वीकृत नहीं हो सका है। उपराज्यपाल ने इस्तीफों को अस्वीकार करने के साथ ही दोनों से विभागों की जिम्मेदारी ले ली है। उपराज्यपाल के दफ्तर से इस्तीफा अस्वीकार करने की वजहें भी बताई गई हैं। उपराज्यपाल के दफ्तर से जो वजहें बताई गईं हैं उनमें सिसोदिया के इस्तीफे पर तारीख न लिखा होना कहा जा रहा है। बताया गया कि मनीष सिसोदिया का इस्तीफा बिना डेट का है और सत्येंद्र जैन का 27 फरवरी को लिखा गया है। दोनों ही इस्तीफे एलजी को 28 फरवरी को भेजे

**दिल्ली सरकार**

### उपराज्यपाल ने नहीं मंजूर किया मनीष सिसोदिया-सत्येंद्र जैन का इस्तीफा, सिर्फ विभाग हटाए

गए। कहा जा रहा है कि सिसोदिया ने ये इस्तीफा जेल से तो टाइप नहीं किया होगा। तो क्या उन्होंने यह सीबीआई की पूछताछ पर जाने से पहले ही लिख दिया था। क्या जैन का प्लेन और हस्तलिखित इस्तीफा उसके बाद लिया गया है? अगर सिसोदिया ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था और जैन ने 27 को दिया तो इस्तीफे की घोषणा इतनी देर से क्यों हुई?







# यूपी की जनता को होली पर तोहफा

**लखनऊ।** रंगों के उत्सव होली पर योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। इस बार होली के अवसर पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने सात से नौ मार्च तक कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप होली के अवसर पर सात मार्च की शाम छह बजे से नौ मार्च की सुबह सात बजे तक पूरे प्रदेश में कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति से संबंधित निर्देश दिए गए हैं। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने कहा कि पूरे प्रदेश में इस अवधि में सबको

**तैयारी**

### सात से नौ मार्च तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी

### टोल फ्री नंबर पर सूचनाओं पर हो तत्काल कार्रवाई

निर्बाध बिजली प्राप्त हो इसके लिए सभी डिस्काम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी प्रबन्ध निदेशकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने डिस्कॉम में कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लें। यह भी निर्देशित किया गया है कि 1912 टोल फ्री नम्बर पर आपूर्ति सम्बन्धी प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## होली पर हुड़दंग किया तो जब्त होगा वाहन, लाइसेंस निरस्त, कार्रवाई का निर्देश

**लखनऊ।** होली के दौरान अगर किसी ने वाहनों पर हुड़दंग या स्टंट किया तो तुरंत उनके वाहन को सीज करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा। डीएम ने इसके लिए एआरटीओ प्रवर्तन को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं पुलिस भी इस दौरान सख्ती करेगी। घायलों का इलाज दिलाने के लिए अस्पतालों में भी आपात टीमें मौजूद रहेंगी। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने होली समितियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों संग त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और हादसे रोकने के लिए तैयारी बैठक की। डीएम ने कहा कि दोपहिया वाहन चालक नशे की हालत में स्टंट करते हैं। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसा न करें। पुलिस के अलावा एआरटीओ प्रवर्तन इसके लिए कार्रवाई कराएंगे। होली के त्योहार के दौरान अभियान भी चलेगा। इस दौरान तेज गति, नशे में वाहन चलाना और स्टंटबाजी की चेकिंग की जाएगी।

# होली पर महंगाई का रंग! रसोई गैस की कीमत 50 रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** होली से पहले देश की राजधानी दिल्ली के लोगों को एक और महंगाई का झटका लगा है। लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलिंडर की कीमतों में इजाफा हुआ है। घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में 14.2 किलो के घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत बढ़कर अब 1,103 रुपये हो गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में 350.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत बढ़कर 2119.50 रुपये हो गई है। इसके साथ ही यूपी की राजधानी लखनऊ में घरेलू एलपीजी सिलिंडर अब 1,140 रुपये में मिलेगा। इससे पहले, तेल विपणन कंपनियों ने नए वर्ष पर कॉमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 25 रुपये की बढ़ोतरी की थी।

**महंगाई की मार**

### एलपीजी के दाम में बढ़ोतरी पर खड़गे ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

### कहा- कब तक जारी रहेंगे लूट के फरमान, लखनऊ में घरेलू एलपीजी सिलिंडर अब 1,140 रुपये में मिलेगा



### पांच साल में 45 फीसदी बढ़े रसोई गैस के दाम

पिछले कुछ वर्षों में एलपीजी के दाम तेजी से बढ़े हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, एक अप्रैल, 2017 से 6 जुलाई, 2022 के बीच एलपीजी की कीमतों में 58 बार बदलाव हुआ। इससे एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 45 फीसदी की बढ़त हुई। आपको बता दें कि अप्रैल 2017 में एलपीजी सिलिंडर की कीमत 723 रुपये थी। जुलाई 2022 तक 45 प्रतिशत बढ़कर 1,053 रुपये हो गई थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर और वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि लूट के फरमान कब तक जारी रहेंगे। खरगे ने ट्वीट किया, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़े, वाणिज्यिक गैस सिलेंडर 350 रुपये महंगे हुए। जनता पूछ रही है-अब कैसे बनेंगे होली के पकवान, कब तक जारी रहेंगे लूट के ये फरमान?

## प्रयागराज से 6.30 घंटे में गोरखपुर पहुंचाएगी बापूधाम एक्सप्रेस

**लखनऊ।** प्रयागराज से गोरखपुर का सफर अब और आसान होने जा रहा है। रेलवे द्वारा बनारस से बिहार के मुजफ्फरपुर के बीच चलने वाली बापूधाम एक्सप्रेस का विस्तार प्रयागराज रामबाग तक किया जा रहा है। यह ट्रेन सुबह पांच बजे रामबाग से रवाना होगी जो बनारस होते हुए 11.35 बजे गोरखपुर पहुंच जाएगी। प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को यह ट्रेन संचालित होगी। सुपरफास्ट श्रेणी की बापूधाम एक्सप्रेस के प्रयागराज रामबाग तक विस्तार होने से दैनिक यात्रियों को भी खासी राहत मिलेगी। सुबह के समय ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह और बनारस जाने वाले यात्रियों को भी इससे फायदा होगा। सुबह पांच बजे चलने के बाद गाड़ी संख्या 12538 बापूधाम एक्सप्रेस ज्ञानपुर रोड से 06.02 बजे, माधोसिंह से 06.20 बजे तथा बनारस से 07.25 बजे ही पहुंच जाएगी।

# मणिशंकर की बेटी के एनजीओ का लाइसेंस सस्पेंड

## आयकर सर्वे के बाद जांच के दायरे में था, आईसीएसएसआर से भी अनुदान प्राप्त

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने कानूनों के उल्लंघन पर 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' थिंक-टैंक का एफसीआरए लाइसेंस निलंबित कर दिया है। एक अधिकारी ने आज यह जानकारी दी। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर दिल्ली स्थित इस एनजीओ की अध्यक्ष और सीईओ हैं। पिछले साल सितंबर में आयकर विभाग के सर्वेक्षण अभियान के बाद सीपीआर और ऑक्सफैम इंडिया जांच के घेरे में था। अधिकारियों ने बताया कि सीपीआर का विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) का लाइसेंस कानूनों के उल्लंघन के कारण निलंबित कर दिया गया है।ऑक्सफैम का एफसीआरए लाइसेंस पिछले साल जनवरी में निलंबित कर दिया गया था, जिसके बाद गैर सरकारी संगठन ने गृह मंत्रालय में एक पुनर्विचार याचिका दायर की थी। एफसीआरए के तहत दिए गए लाइसेंस के निलंबन के साथ, सीपीआर विदेश से कोई धन प्राप्त नहीं कर पाएगा। अधिकारियों ने कहा कि सीपीआर के दाताओं में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट और ड्यूक विश्वविद्यालय शामिल हैं।

**कार्रवाई**

### सीपीआर एक गैर लाभकारी संगठन है



सीपीआर एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसे भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) से भी अनुदान प्राप्त होता है। सीपीआर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की एक मान्यता प्राप्त संस्था है। अधिकारियों ने कहा कि थिंक टैंक को एफसीआरए कोष के बारे में स्पष्टीकरण और दस्तावेज देने के लिए कहा गया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस अंतिम बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण कराया जाना था। सीपीआर की वेबसाइट पर कहा गया है कि सीपीआर एक गैर-लाभकारी, गैर-पक्षपातपूर्ण, स्वतंत्र संस्थान है जो अनुसंधान करने के लिए समर्पित है। यह उच्च गुणवत्ता वाली छात्रवृत्ति, बेहतर नीतियों और भारत में जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में अधिक मजबूत सार्वजनिक विमर्श में योगदान देता है। वेबसाइट के मुताबिक सीपीआर भारत की 21वीं सदी की चुनौतियों पर ध्यान देने के साथ नीति-संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर उन्नत और गहन शोध करता है।

# कैलाश गहलोत दिल्ली के नए गृहमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे के बाद वित्त, पीडब्ल्यूडी, बिजली, गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार मिला। गहलोत के पास पहले से परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी है। वहीं, दिल्ली के सामाजिक कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद को सिसोदिया के इस्तीफे के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। मनीष सिसोदिया के 18 विभागों में से वित्त और पीडब्ल्यूडी सहित 8 विभाग कैलाश गहलोत के पास होंगे वहीं अन्य 10 विभाग राजकुमार आनंद को दी गई है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल सरकार के 2 प्रमुख मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने अपने पद से मंगलवार को त्यागपत्र दे दिया।

दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत को वित्त तथा बिजली विभाग जबकि सामाजिक कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद को शिक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि उन्हें मंत्रिमंडल में नए मंत्रियों की नियुक्ति होने तक यह अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह घोषणा मंगलवार को की गयी जब कुछ घंटे पहले दिल्ली के मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया।

**जिम्मेदारी मिली**

### राजकुमार आनंद को भी मिली जिम्मेदारी, 18 में से 8 विभाग संभालेंगे कैलाश गहलोत, शेष 10 की जिम्मेदारी आनंद को



सिसोदिया के पास दिल्ली सरकार के कुल 33 विभागों में से 18 विभाग थे। उनके विभागों का प्रभार स्थायी व्यवस्था होने तक गहलोत तथा आनंद के बीच बांटा गया है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, नए मंत्रियों की नियुक्ति होने तक गहलोत वित्त, योजना, लोक निर्माण विभाग, बिजली, गृह, शहरी विकास, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण तथा जल विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। राजकुमार आनंद शिक्षा, भूमि और भवन, सतर्कता, सेवा, पर्यटन, कला संस्कृति और भाषा, श्रम, रोजगार, स्वास्थ्य तथा उद्योग का प्रभार संभालेंगे।

# दूसरे गनर ने इलाज के दौरान तोड़ दिया दम

**लखनऊ।** उमेश पाल हत्याकांड में घायल गनर राघवेंद्र सिंह की भी मौत हो गई। उसका उपचार पीजीआई लखनऊ में चल रहा था। मंगलवार को डॉक्टरों ने उसके शरीर में संक्रमण फैलने की बात बताई थी। बुधवार को उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद उमेश पाल हत्याकांड में मरने वालों की संख्या तीन पहुंच गई। एक गनर उमेश पाल और एक गनर संदीप निषाद की मौत मौके पर ही हो गई थी। गंभीर रूप से घायल राघवेंद्र को पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया था।

लालगंज क्षेत्र के कोरिहर गांव निवासी राघवेंद्र के पिता रामसुमेर सिंह पुलिस विभाग में सिपाही थे, जिनका बीमारी से देहांत हो गया था। राघवेंद्र को मृतक आश्रित के रूप में नौकरी मिली थी। परिवार में मां अरुणा, बहन अर्चना और भाई ज्ञानेंद्र हैं। पांच मई को राघवेंद्र की शादी भी तय थी। प्रयागराज में हुई घटना में अपराधियों ने राघवेंद्र पर बम से हमला करते हुए गोली मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हुए थे।

**उमेश पाल हत्याकांड**

### लालगंज क्षेत्र के कोरिहर गांव का रहने वाला था घायल सिपाही राघवेंद्र



## सोशल ऑडिट में नहीं मिला करोड़ों का हिसाब

**लखनऊ।** मनरेगा व प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास में खर्च करोड़ों रुपये का हिसाब-किताब सोशल ऑडिट में नहीं मिला है। न ही ब्योरा ग्राम पंचायत स्तर से उपलब्ध कराया गया है। इससे विभाग की प्रगति खराब है। वर्ष 2017-23 तक गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर व मेरठ को छोड़कर अन्य जिलों की बात करें तो सोशल ऑडिट में 13686 मामलों में 42.77 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता पाई गई थी। जिसमें आगे की प्रक्रिया में 19.99 करोड़ रुपये के 7794 मामले सही मिले। यानी खर्च धनराशि की पुष्टि हुई। जबकि 5892 प्रकरणों में खर्च धनराशि संबंधित अभिलेख पर मिलने पर 22.78 करोड़ रुपये का झोल मिला था। जिसके कार्यों की पुष्टि नहीं हो पाई थी। जिसकी जिले स्तर से वसूली की जानी है। लेकिन, वसूली की प्रगति बेहद धीमी है। इस कारण अब तक के वर्षों में 2272 मामलों में सिर्फ 5.43 करोड़ रुपये वसूल हो पाए हैं।

# अतीक को एनकाउंटर का डर, सुप्रीम कोर्ट में अर्जी

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार सुबह माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के धूमनगंज थाना क्षेत्र के चकिया मोहल्ले के घर को बुलडोजर से गिराया जा रहा है। इसी घर में अतीक का परिवार किराए पर रहता था। जफर के घर से तलवार, पिस्टल और राइफल भी मिली है। जफर के दो मंजिला मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम गिरा रही है। दो मंजिला घर की मार्केट वैल्यू करीब 3 करोड़ बताई जा रही है। अतीक का मकान जब जब्त किया गया था तो जफर ने ही उसके परिवार को पनाह दी थी। जफर अतीक का खास गुर्गा है। दोनों बिजनेस पार्टनर भी हैं। हाल ही में उमेश पाल ने जफर पर भी केस दर्ज कराया था।

**जताई आशंका**

### कहा- अहमदाबाद जेल से कहीं और न भेजें, यूपी में करीबी के घर पर चला बुलडोजर

वहीं अतीक के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें अहमदाबाद जेल से यूपी की जेल में प्रस्तावित ट्रांसफर का विरोध किया गया। इसमें कहा गया है, यूपी सरकार के कुछ मंत्रियों के बयान से ऐसा लगता है कि उनका फर्जी एनकाउंटर किया जा सकता है। उन्होंने अतीक की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं।

अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ ने कहा कि आज जो मकान चकिया में 297/205 ध्वस्त किया जा रहा है वो बेनामी संपत्ति नही है। ये मकान जफर अहमद खान का है।



जफर मूलतः बांदा का रहने वाला है। इस मकान को 7 जनवरी 2021 को जफर के पिता ने अपने धन से खरीदा था। इसके ठीक सामने अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन का मायका है। अतीक अहमद का चकिया स्थित मकान गिराए जाने के बाद वो अपने मायके में ही रह रही थीं। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन ने जफर अहमद से इस मकान को किराए पर ले लिया था। शाइस्ता और उनका परिवार इसी मकान में 2021 से रह रहा था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से जफर अहमद को बिना किसी नोटिस दिए ही अवैध तरीके से बुलडोजर चलाया जा रहा है। माफिया अतीक के भाई अशरफ की पत्नी जैनब को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हटवा स्थित मायके से पुलिस ने हिरासत में लिया है। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के बारे में जैनब से पुलिस जानकारी जुटा रही है। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद होने के बाद अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन फरार हैं। कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा, 'याद रखो जब विकास दुबे नहीं बचा तो इन दुर्दांतों का क्या होगा। ये बताने की आवश्यकता नहीं है। अब यदि गाड़ी अतीक की भी पलट जाए तो मुझे कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## संक्षेप

### देहव्यापार कराने में शामिल महिला समेत दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** जैतपुरा पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर और पैसे का लालच देखकर देहव्यापार कराने के मामले में बुधवार को दो आरोपियों को कमलापति त्रिपाठी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। इसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस की माने तो 16 फरवरी को एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज करायी कि उसकी नाबालिग बेटी घर से अक्सर गायब रहती है। उन्हें शक है कि वो किसी बहकावे या दबाव में कुछ कर रही है। उक्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने जांच की तो मामला सामाने आया। पता चला कि किशोरी प्रकाश विश्वकर्मा निवासी देवकालपुर थाना केराकत के संपर्क में है और प्रकाश किशोरी से देहव्यापार करा रहा है। इस धंधे में आरोपी का साथ एक महिला भी दे रही है। ऐसे में सटिक जानकारी पर दोनों को सिगरा थाना क्षेत्र के कैंट रेलवे स्टेशन, कमलापति त्रिपाठी इंटर कॉलेज के पास से हिरासत में लिया। उक्त दोनों आरोपियों पर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है। वही नाबालिक किशोरी को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### महिला से 2.40 लाख की लूट, दो हिरासत में

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना अंतर्गत कछिया गांव निवासी बाइक सवार महिला से घात लगाये बदमाशों ने हैंडबैग छीना। बैग में 2.40 लाख रुपये बताया गया वहीं घटना में शामिल दो बदमाशों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दबोचा। जानकारी के अनुसार महिला संजू देवी निजी बैंक की बीसी सखी है साथ ही कॉस्मेटिक की दुकान चलाती हैं। बुधवार को दुकान बंद करके अपने पति रविंद्र पटेल के साथ लौट रही थी। पिंडरा झांझोर मार्ग के पास एक बारात जा रही थी ऐसे में पति ने बाइक धीमी की इस बीच घात लगाये बदमाशों ने महिला का हैंडबैग छीन लिया और भागने लगे। संजू देवी के शोर मचाने पर गांव के लोगों ने एक बदमाश को मौके पर पकड़ लिया जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ा। तीसरा अभियुक्त पैसे लेकर फरार है जिसकी तलाश में धरपकड़ जारी है। एसीपी ने बताया कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश होगा फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गये दोनों की निशानदेही पर धरपकड़ में जुट गयी है।

### अधिवक्ताओं की हड़ताल से टला ज्ञानवापी का आदेश

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर का कब्जा, भगवान आदि विश्वेश्वर को सौंपने आदि सभी मामले एक साथ सुनवाई करने सबंधित प्रार्थना पत्र पर बुधवार को जिला जज डा अजय कृष्ण विश्वेष की अदालत ने आदेश के लिए 13 मार्च की तिथि नियत की। पिछले तिथि पर केस स्थानांतरण सबंधित अर्जी पर सभी ने अपनी दलील पेश की। कोर्ट ने इस मामले में आदेश हेतु एक मार्च की तिथि नियत की है। मगर न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण बुधवार को आदेश की सुनवाई टल गई। श्रृंगार गौरी प्रकरण के चार वादिनि लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से आवेदन दिया गया है। कहा गया था की किरण सिंह और अन्य द्वारा दाखिल वाद को स्थानातरण कर जिला जज की कोर्ट चलाने की गुहार लगायी थी। इस अर्जी पर आपत्ति करते हुए किरन सिंह कहा कि जिस वाद को स्थानांतरण की मांग की गई है। मगर प्रयागराज में हड़ताल के चलते सुनवाई टल गयी।

### होली और शब-ए-बरात को लेकर डीसीपी ने की बैठक

**वाराणसी।** होली और शब-ए-बरात को लेकर डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम में बुधवार को बजरडीहा चौकी में बैठक की। उन्होंने कहा कि परंपरागत स्थलों पर ही होलिका दहन होगा और परंपरागत जुलूस पूर्व में निर्धारित मार्ग से ही निकाला जायेगा। होली के मद्देनजर महिलाओं के साथ छेड़खानी या अन्य घटनाओं की जानकारी मिलेगी तो कड़ी कार्रवाई की जोयगी। रंग खेलने के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए कि किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति पर रंग ना फेका जाए। होलिका दहन कमेटी अपने कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र मुहैया करायेगा। संदिग्ध वस्तु मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। बैठक में एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक लंका, प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर, थानाध्यक्ष चितईपुर, सर्किल भेलूपुर के सभी चौकी प्रभारी और क्षेत्र के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहें।

### कैंट पुलिस ने लूट के आरोपी को मिर्जामुराद से दबोचा

**वाराणसी।** कैण्ट पुलिस ने लूट के वांछित अभियुक्त को मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के करधना से दबोचा। बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने उसके गांव करधना में दबिश दी। अभियुक्त की पहचान प्यारेलाल के तौर पर हुई। आरोपी के खिलाफ कैंट थाने में पीड़िता ने दुष्कर्म, लूट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था।

# संतुष्टि अस्पताल का रहा विवादों से नाता

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आयुष स्कैम केस के तहत संतुष्टि आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. ऋतु गर्ग को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और यहां से उन्हें 13 मार्च तक जेल में रखने का आदेश दिया।

ऐसा नहीं कि डॉ. ऋतु गर्ग और उनके संतुष्टि कॉलेज ऑफ नर्सिंग और कॉलेज में अनियमितता को लेकर ये पहला प्रकरण हैं। इसके पहले भी कई बाद सवालों के घेरे में ये रहीं लेकिन उपर तक पहुंच होने के चलते मामला ठंडे बस्ते में चला जाता था। लेकिन इस बार दाल नहीं गली क्योंकि केस आयुष स्कैम तहत दर्ज था बात भ्रष्टाचार की थी। ऐसे में एसटीएफ ने उन्हें दबोचा और जेल भेजा।

इसके पहले मान्यता को लेकर संतुष्टि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग के विद्यार्थियों ने धरना दिया। विद्यार्थियों ने प्रबंधन पर सीधे

**दागदार अतीत**

**कार्यशैली पर कई बार उठ चुके हैं सवाल**

**विद्यार्थियों ने कॉलेज के खिलाफ चलाया था अभियान**

धोखाधड़ी का आरोप लगाया था और मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि इस मामले को प्रबंधन ने कोर्ट में मामला होने का हवाला देकर ठंडे बस्ते में डाल दिया। विद्यार्थियों का कहना था कि संतुष्टि मेडिकल कालेज महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध हैं।

इस कॉलेज को मान्यता वर्ष 2019, 2020 और 2021 का मिला हैं। जबकि कॉलेज की ओर से छात्रों का दाखिला 2018 में लेकर पूरा दो साल का फीस भी जमा करा लिया गया। परीक्षा कराने के नाम पर छात्रों से 40 हजार रुपये लेने के बाद भी परीक्षा नहीं कराने का आरोप विद्यार्थियों ने लगाया था।

## लॉकडाउन में छात्राओं से जबरन काम लेने का लगा था आरोप

लाकडाउन के दौरान संतुष्टि नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोला था। क्योंकि लाउडाउन में लगातार काम कराने को लेकर एक छात्रा की तबीयत खराब हो गयी थी जैसा कि छात्राओं ने आरोप लगाया था। छात्राओं ने आरोप लगाया था कि उनसे प्रबंधन 24 घंटे काम लेने का आदेश दिया था नहीं करने पर 50 हजार का अर्थडंड लगाने की चेतावनी दी थी।

## तत्कालीन डीएम ने अनियमितता की शिकायत पाई थी सही

**वाराणसी।** तत्कालीन जिलाधिकारी योगेश्वर राम मिश्र ने संतुष्टि कॉलेज ऑफ मेडिकल एंड हायर स्टडीज प्रबंधन को एएनएम और जेएनएम पाठ्यक्रम की छात्राओं को ब्याज सहित फीस वापस करने का आदेश दिया था। सुन्दरपुर, नेवादा स्थित संतुष्टि कॉलेज में संचालित कोर्स के संचालन में अनियमितता की शिकायत सही मिली। संस्थान को इन कोर्स को बंद करने का भी निर्देश दिया गया। संतुष्टि कॉलेज के छात्रों ने संस्थान के कोर्स की मान्यता न होने का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार से शिकायत की थी। इसके बाद डीएम ने अपर जिलाधिकारी नगर और सीएमओ से संयुक्त जांच कराई थी। जांच में इंडियन नर्सिंग काउंसिल और यूपी मेडिकल नर्सिंग फैकल्टी की अनुमति के बिना कोर्स संचालन की शिकायत सही मिली थी।

# अधिवक्ता हत्याकांड के खिलाफ वकीलों का मार्च




जुलूस निकालकर नारे लगाते वकील

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रयागराज में अधिवक्ता उमेश पाल की गोली मारकर हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने मार्च निकाला और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बनारस बार के पुर्व महामंत्री नित्यानन्द राय के नेतृत्व अधिवक्ताओं ने बनारस कचहरी गेट नम्बर तीन से गोलघर कचहरी होते हुए अम्बेडकर पार्क तक विरोध मार्च निकाला। अम्बेडकर पार्क पहुचकर उमेश पाल के चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विजय प्रताप पाल, गणेश पाल, सीता देवी, आनन्द कुमार प्रजापति, जय प्रकाश पाल, विवेक शर्मा, विनोद पाल,सचिन राज यादव, राजेश कुमार,अनिल पटेल, सत्येन्द्र बल्लभ आनंद आदि शामिल हुए।

# किशोर की गंगा में डूबने से मौत

**दुखद**

**मंगलवार को घर से नाराज होकर निकला था**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन घाट पर बुधवार को गंगा में डूबने से 14 साल के बच्चे की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर मोर्चरी में भिजवाया। हालांकि देर शाम मृतक की पहचान सोनिया निवासी आलोक के तौर पर हुई। इसके पहले आदमपुर इंस्पेक्टर अजीत वर्मा ने किशोर की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन सुराग नहीं मिला।

किशोर के डूबने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शाम करीब पांच बजे सिगरा थाना क्षेत्र के सोनिया निवासी विनोद कुमार आदमपुर थाने पहुंचे और मृतक की शिनाख्त अपने पुत्र आलोक के तौर पर की। विनोद ने बताया कि आलोक मंगलवार को घर से गुस्सा होकर चला गया था। उसकी खोजबीन करने के बाद सिगरा थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी थी साथ ही तलाश में जुटे थे। पुलिस को घाट पर मौजूद लोगों ने बच्चे के डूबने की जानकारी दी। ऐसे में एनडीआरएफ के साथ मिलकर करीब दो घंटे बाद बच्चे को निकाला गया। घाट किनारे रहने वालों की माने तो त्रिलोचन समेत आसपास के घाटों पर किनारे पानी गहरा है। ऐसे में यहां डूबने की घटनाएं अक्सर होती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन को यहां चेतावनी बोर्ड लगाना चाहिए ताकि यहां आने वालों को गहरायी का अंदाजा हो पाये।



एनडीआरएफ ने घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

### ट्रक से बाइक टकरायी, होटलकर्मी की मौत

**सारनाथ।** सारनाथ थाना क्षेत्र के तिलमापुर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने खड़ी ट्रक में बाइक सवार जा भिड़ा। घटना बुधवार की तड़के चार बजे की है और दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। बाइक सवार युवक पहड़िया की तरफ से आ रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हुकुलगंज निवासी गुड्डू श्रीवास्तव (25) बुधवार की तड़के चार बजे पहड़िया से आशापुर की ओर जा रहा था। तिलमापुर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने सड़क के बायी और ट्रक खड़ा था। अंधेरे की वजह से उसे ट्रक दिखा नहीं और सीधे जाकर टकरा गया। बाइक की रफ्तार ज्यादा थी ऐसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। गुड्डू श्रीवास्तव संदहा स्थित एक होटल में काम करता था। सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### एनडीआरएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**वाराणसी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत बुधवार को एनडीआरएफ की टीन ने कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में जल पुलिस, गंगा सेवा निधि और नगर निगम वाराणसी के साथ मिलकर दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत लोगों से संवाद कर साफ सफाई रखने की अपील की गयी।

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बलिया**
**वाद सं0-26/2021 दफा 30 रा. संहिता**
**मौजा मझौली मु. करनई, परगना-बलिया**
**अनिता पाण्डेय बनाम राज्य सरकार**

1-उपेन्द्र तिवारी, 2. राजीव लोचन तिवारी, पुत्रगण श्यामानन्द तिवारी, 3. देवमणि देवी स्त्री स्व0 रविन्द्र तिवारी, 4. विजय शंकर, 5. विक्रान्त पुत्रगण रविन्द्रनाथ तिवारी, 6. केशव कुमार, 7. त्रिलोकीनाथ पुत्रगण सच्चितानन्द तिवारी, 8. बच्चा जी पुत्र सच्चितानन्द तिवारी, 9. जगदीश, राजन, कैलाश, राम बेलास, शिव बेलास पुत्रगण देवसरन समस्त साकिनान -मझौली, परगना, तहसील व जिला-बलिया।

वजह हो कि वादी ने आपके नाम एक मुकदमा दायर किया है जिसमें ता0 पेशी 09.03.2023 नियत की गयी है। अतः आप नियत तिथि को न्यायालय में मय अधिवक्ता हाजिर होकर वाद में आपत्ति दाखिल करें एवं पैरवी करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने पर वाद में एक तरफा कार्यवाही कर दी जायेगी।

**आज्ञा से-अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बलिया।**

# होली पर हवाई यात्रा भी हुई महंगी

**असुविधा**

**दिल्ली, मुम्बई सहित अहमदाबाद के लिए त्योहार पर टिकट की मांग ज्यादा**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** होली पर घरों को जाने वालों के लिए हवाई यात्रा भी असुविधा युक्त होगी असुविधा युक्त इसलिए कि किराये में वृद्धि देखी जा रही है। ट्रेनें ठसाठस भरी हैं, एसी फर्स्ट क्लास तक में रिजर्वेशन अब बचा नहीं है। इस सुनहरे मौके को विमानन कंपनियां जमकर भुना रही हैं। दिल्ली या मुंबई से वाराणसी आने वाली उड़ानों के किराये बैंकॉक के सफर से भी ज्यादा है।

फ्लाइट टिकट के दाम ऑफ-पीक सीजन की तुलना में कई गुना तक बढ़ चुके हैं। वाराणसी से मुंबई जाने-आने का सफर सबसे ज्यादा महंगा हुआ है। आधिकारिक वेबसाइट पर जो ब्योरा उपलब्ध है, उसके मुताबिक मंगलवार को मुंबई से वाराणसी के लिए एक व्यक्ति के नान स्टॉप विमान का किराया 20,381 रुपये तक पहुंच गया।

**ज्यादातर विमानों की सीटें फुल :** वाराणसी से मुंबई जाने के लिए एक व्यक्ति को अधिकतम 33,216 रुपये किराया देना पड़ सकता है। ज्यादातर विमानों की सीटें भी फुल हो गई हैं। होली सात-आठ मार्च को मनाई जाएगी। इससे पहले रंगभरी एकादशी की धूम रहेगी। लिहाजा, बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन हो रहा है। इसका असर हवाई सेवाओं पर भी देखने को मिल रहा है।

विमानन कंपनियों से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि विमानों का किराया फ्लैक्सी होता है। जिन लोगों ने पहले टिकट बुक करा लिए थे, वे सस्ता सफर कर सकते हैं। अब किराया महंगा हो गया है। यह स्थिति मार्च के दूसरे सप्ताह तक रह सकती है। जिस तेजी से बुकिंग चल रही है, उससे लग रहा है कि छह, सात और आठ मार्च को विमानों में भी जगह नहीं मिलेगी। अगर जगह मिली भी तो ज्यादा किराया देकर उड़ान भरा सा सकेगा।

**दिल्ली और मुंबई से आने वालों की संख्या ज्यादा :** विमानन कंपनी के प्रतिनिधियों के अनुसार, दिल्ली और मुंबई से वाराणसी आने वालों की संख्या ज्यादा है। बंगलूरू, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, हैदराबाद का भी हवाई ट्रैफिक अच्छा है। ज्यादातर विमान फुल आ रहे हैं।

# सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए आगे आएं युवाः प्रो.आलोक

**वाराणसी।** अंडर वाटर कल्चर हेरिटेज लगभग 100 वर्ष पुराना है। सांस्कृतिक पर्यटन में विकास और रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहरों पर विशेष रूप से काम कर रहा है ,इसके लिए वह नौसेना सहित यूनेस्को की भी सहायता ले रहा है। उक्त बातें एडिशनल डायरेक्टर जनरल आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के प्रोफेसर आलोक त्रिपाठी ने पर्यटन अध्ययन संस्थान में आयोजित अंतर जलीय सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन की अपार संभावनाएं विषयक एक दिवसीय में बतौर मुख्य वक्ता कही। उन्होंने कहा कि शोध एवं विकास के लिए जन सहयोग की आवश्यकता है। इसलिए सांस्कृतिक पर्यटन को जन व्यापी बनाने के लिए संस्थाओं और युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में विद्यापीठ कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान कुलसचिव डॉ.हरीश चंद्र कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह मौजूद रहीं। स्वागत पर्यटन अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष कुमार ने किया और संचालन डॉ. ज्योतिमा सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पवन सिंह ने किया।



प्रोफेसर आलोक त्रिपाठी को बुके देकर किया गया सम्मानित

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर ठाकुर दयाल (किरहा), वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रामपुर ठाकुर दयाल (किरहा), विकास खण्ड पटेहरा कलां, द्वारा वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 04.03.2023 को 2 बजे अपराह्न तक नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आपूर्ति हेतु सामग्री का दर आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा गठित समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ नियत तिथि को टेण्डर खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 100 रुपया मात्र में प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगा उसे जमा करना होगा। टेण्डर खोलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो वो रह सकते है। जिसका टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। कायार्देश के पश्चात 3 प्रतिशत जमानती धनराशि के रूप में एफ0डी0/एन0एस0सी जमा करना होगा तथा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। बिल के साथ विभाग के रूप पत्र एम0 एम0 11 सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**कार्य** – प्रा0 विद्यालय रामपुर ठाकुर दयाल का बाउंड्रीवाल निर्माण।

**कार्य** – पूर्व मा0 विद्यालय रामपुर ठाकुर दयाल का बाउंड्रीवाल निर्माण।

**सामग्री** – पत्थर गिट्टी 40 एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, मोटा बालू, पोर्टलैण्ड सीमेन्ट, ईंट प्रथम श्रेणी, पत्थर गिट्टी 10 एम एम, माइल्ड स्टील, फाईन सेन्ड, सफेद चूना, स्टील ऐंगल चैनल, माइल्ड स्टील राउण्ड वार 12 एम एम, ब्लैक इनामेण्ड माइल्ड स्टील, फ्लैट अप 10 एम एम थिकनेस, पेन्ट्स, साईन बोर्ड।

**कार्य** – झलरी पत्नी सखराज का बकरी शेड निर्माण।

**कार्य** – बबिता पत्नी ओंकार का बकरी शेड निर्माण।

**सामग्री** – स्टोन ब्लास्ट 40 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 20 एम एम, मोटा बालू, पोर्टलैंड सीमेन्ट, वोल्डर, ईंट प्रथम श्रेणी, प0चि0 10 एम एम, सरिया, महीन बालू, पाईप 40 एम एम, स्टील शीट, फ्लैट्स अप 10 एम एम, लोहा पेंट, डिस्टेम्पर, साईन बोर्ड।

**सचिव** **अरुण शुक्ला** | **ग्राम प्रधान** **कुसुम देवी**

**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत**

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** – जय प्रभा चंद्रशेखर महाविद्यालय जयप्रकाश नगर बलिया में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय अंग्रेजी, अर्थशास्त्र एवं मनोविज्ञान में एक-एक प्रवक्ताओं की शैक्षणिक योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय के परिनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

प्रबंधक/प्राचार्य
मो.-9473723340,7905271895

**आवश्यकता है** – दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली सहतवार बलिया में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित,वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान में एक-एक प्रवक्ताओं की एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय में समाजशास्त्र तथा स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय में भी एक-एक प्रवक्ताओं की शैक्षणिक योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय के परिनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

प्रबंधक/प्राचार्य
मो.-9473723340,7905271895

# वाराणसी से गुजरेंगी आठ जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए होली स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ा दी है। इनमें से आठ जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें वाराणसी ( कैंट और बनारस रेलवे स्टेशन) से होकर गुजरेंगी।

होली पर घर आने वालों की भीड़ ट्रेनों में दिखने लगी है। भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया है। इनमें से आठ जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें वाराणसी ( कैंट और बनारस रेलवे स्टेशन) से होकर गुजरेंगी। इन ट्रेनों के परिचालन के लिए अलग-अलग तिथियां भी तय है। जो दो मार्च से शुरू हो रही हैं। अब होली में एक सप्ताह का समय बचा है। बाहर रहने वाले लोग घर लौटने लगे हैं। सभी ट्रेनों में सीटें भर चुकी हैं। वेटिंग लिस्ट बढ़ती जा रही है। ऐसे में रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए वाराणसी होकर 8 जोड़ी ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है।

**दिल्ली से आएंगी ये स्पेशल ट्रेनें**

गाड़ी संख्या 04068 दिल्ली-दरभंगा के लिए 2 से 9 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को चलाई जाएगी, जबकि अगले दिन दरभंगा से यही गाड़ी संख्या 04067 दरभंगा से दिल्ली के लिए चलेगी।

गाड़ी संख्या 04052-51 (डाउन और अप) भी चलेगी। इसे वाराणसी से शनिवार और सोमवार को चलना है, जो आनंद विहार से चलकर वाराणसी तक आएगी। यह ट्रेन तीन से 13 मार्च के बीच चलती रहेगी। इसमें कुल 19 कोच होंगे। आनंद विहार से यह ट्रेन सप्ताह में शुक्रवार और रविवार को चलेगी।

गाड़ी संख्या 04530-29 (डाउन और अप) त्योहार विशेष ट्रेन दोनों तरफ से तीन-तीन बार चलाई जाएगी। यह ट्रेन भटिंडा से चलकर बरेली, लखनऊ के रास्ते रायबरेली, प्रतापगढ़ रुकते हुए वाराणसी आएगी। वाराणसी से सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को रवाना होगी। यह ट्रेन पांच से 13 मार्च के बीच चलेगी।

गाड़ी संख्या 04060-59 (डाउन और अप) त्योहार विशेष ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से बरेली, लखनऊ, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी रुकते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए जयनगर तक जाएगी। ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से सप्ताह में मंगलवार और शुक्रवार को चलेगी। जयनगर से बुधवार और शनिवार को चलेगी। ट्रेन का परिचालन तीन से 11 मार्च के बीच होगा।

**ये ट्रेनें भी वाराणसी आएंगी**

गाड़ी संख्या 04066-65 (डाउन और अप) त्योहार विशेष ट्रेन दिल्ली से पटना के बीच चलाई जाएगी। यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज के रास्ते वाराणसी स्टेशन पर आएगी। इसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रुकते हुए दानापुर, पटना तक जाएगी। यह ट्रेन वाराणसी स्टेशन से चार से 12 मार्च के बीच तीन ट्रिप में चलाई जाएगी। दिल्ली से सप्ताह में बुधवार और शुक्रवार को चलेगी, जबकि पटना से मंगलवार और रविवार को चलाई जाएगी।

गाड़ी संख्या 08028 को पांच मार्च को रांची से बलरामपुर तक चलाई जाएगी। ये ट्रेन छह मार्च को वाराणसी कैंट पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 08027 बलरामपुर से सात मार्च को चलेगी, जो इसी दिन शाम को कैंट रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेगी।

गाड़ी संख्या 08183 सांतरागाछी-बलरामपुर के बीच 6 मार्च को चलाई जाएगी। ये ट्रेन सात मार्च को वाराणसी आएगी। जबकि गाड़ी संख्या 08184 बलरामपुर से आठ मार्च को चलेगी, जो वाराणसी कैंट से होकर सांतरागाछी के लिए जाएगी। गाड़ी संख्या 05193-94 छपरा से पनवेल तक 2 ,9 और 16 मार्च को चलेगी। ये ट्रेन वाराणसी कैंट और बनारस स्टेशन पर रुकेगी।

### निर्माण का विरोध करने पर मिली धमकी

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव निवासी शीतला प्रसाद ने जबरन निर्माण को विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। शीतला प्रसाद की माने तो बिहड़ा गांव में उनकी जमीन हैं। उक्त जमीनपर विपक्षी ठठरा गांव निवासी पारस, लाला, कैलाश और विजय कुमार जबरन निर्माण कराने लगे। इस बात का जब उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ गाली गलौच और जान से मारने की धमकी मिली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### दो दिनी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से

**वाराणसी।** बीएचयू के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के व्याकरण विभाग की ओर से दो दिनी अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन संकाय सभागार में तीन मार्च को पूर्वाह्न दस बजे आरंभ होगा। 'विविधशास्त्रदृष्ट्या शाब्दबोधविमर्शः' विषयक इस आयोजन में कई देशों के विषय विशेषज्ञ, विद्वान, कुलपति आदि शामिल होंगे।

**समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय) कानून 1956 आठवें नियम के अंतर्गत अपेक्षित 'जनसंदेश टाइम्स' वाराणसी नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा-**

**प्रपत्र-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1- प्रकाशन स्थान | : | वाराणसी |
| 2- प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3- मुद्रक का नाम | : | प्रवीण कुमार कुशवाहा वास्ते जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि. |
| क्या भारत के नागरिक हैं? | : | हाँ |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | - |
| पता | : | 44-अ, अतर्रा जिला बांदा (उ.प्र.)। |
| 4- प्रकाशक का नाम | : | प्रवीण कुमार कुशवाहा वास्ते जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि. |
| क्या भारत के नागरिक हैं? | : | हाँ |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | - |
| पता | : | 44-अ, अतर्रा जिला बांदा (उ.प्र.)। |
| 5- सम्पादक का नाम | : | प्रवीण कुमार कुशवाहा वास्ते जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि. |
| क्या भारत के नागरिक हैं? | : | हाँ |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | - |
| पता | : | 44-अ, अतर्रा, जिला बांदा (उ.प्र.)। |
| 6- उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो, तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : | जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि. सी 28/121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी (उ.प्र.)। |

मैं प्रवीण कुमार कुशवाहा एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 1 मार्च 2023

**प्रवीण कुमार कुशवाहा**
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)



# वाराणसी



# पारा 35 डिग्री का स्पर्श करने को है

**बढ़ रही गर्मी**

**मार्च के पहले हफ्ते में टेंपरेचर हाई**

**न्यूनतम तापमान भी बढ़ चला है**

**वाराणसी।** वैसे तो पूरे देश में तापमान असाधारण रूप से बढ़ रहा है, लेकिन पूर्वांचल भी तापलहरी मार्च के शुरू होते ही महसूस करने लगा है। पारा 34 डिग्री को स्पर्श कर चुका है और आगे हालात खतरनाक होने की आशंका है। पिछले कुछ दिनों से मौसम ने अपना रुख बदल लिया है। लोग मार्च के पहले हफ्ते में सिहरन महसूस करते थे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। हाफ स्वेटर पहनने की नौबत कितनों के लिए नहीं आई। जैकेट से सीधे मामला टी-शर्ट और शर्ट पर आ गया। रात ढलने के समय ही नैसर्गिक ठंड महसूस हो रही है। ग्रामीण अंचल से भी तरी अचानक गायब सी हो गयी है।

यह चर्चा चल पड़ी है कि पिछले साल की तरह गर्मी पड़ी तो गेहूं की फसल खराब हो जाएगी। दाने की मोटाई सूख जाएगी और इस स्थिति में बाजार में बेचने पर ज्यादा गेहूं देना पड़ेगा। जहां तक मौसम का सवाल है तो राजधानी दिल्ली में सुबह बारिश होने से तापमान गिर गया और लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि ठंड अचानक देश के मैदानी भागों से गायब हो गई और पहाड़ों पर बर्फ भी नहीं पड़ रही है। बुधवार को अधिकतम पारा 34 डिग्री बनारस में रहा जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री था। घरों में पंखों ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। अगले दो दिनों में पारा 35 डिग्री के पार पहुंच जाएगा जो अमूमन 15 मार्च के बाद रहता है।



गंगा किनारे खाली बोतलों से नौका बनाई गई है, जिसके सहारे गंगा में उतारे जाने की तैयारी है

## माह के अंत में आ सकते हैं पीएम मोदी



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस माह के अंत में अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आ सकते हैं। इस बारे विभिन्न विभागों में चल रही सुगबुगाहटों को मानें तो पीएम के आगमन की संभावनाओं को देखते हुए वर्तमान में ऐसी परियोजनाओं को समय से पूर्ण कर लेने की कवायद है जिन्हें इसी माह बनकर तैयार कर लेने का लक्ष्य है। साथ ही उन प्रोजेक्ट्स का भी सत्यापन कराया जा रहा है जो बीते फरवरी माह में पूर्ण हो चुकी हैं। इसके अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के नये पात्रों को लाभांवित करने के लिए सूची तैयार की जा रही है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आगमन आगामी 25 मार्च तक हो सकता है।

## होली पर राशि के अनुसार चुनें अबीर-गुलाल का रंग

**अनूठी जानकारी**

**होली के इन रंगों के साथ जीवन में आयेंगी खुशियां**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** इस साल सात और आठ मार्च को होली का पावन पर्व मनाया जएगा। वहीं इसके एक दिन पहले होलिका दहन किया जाएगा। हिंदू धर्म में होली प्रमुख त्योहारों में से एक है। होली रंगों के साथ उमंग और उत्साह का भी पर्व माना जाता है। हिंदू धर्म में रंगों को बेहद खास माना गया है। कहा जाता है कि व्यक्ति के जीवन में रंगों का जितना सकारात्मक होता है, उतना ही ये नकारात्मक प्रभाव भी डालते हैं। साथ ही रंगों को सुख, सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। वहीं शास्त्रों में मान्यता है कि राशि के अनुसार अगर रंगों का चुनाव किया जाय तो आपकी किस्मत को चमकने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे में इस बार होली पर यदि आप अपनी राशि के अनुसार रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो आपकी कुंडली से ग्रहों का अशुभ प्रभाव कम हो सकता है।

**मेष और वृश्चिक :** मेष और वृश्चिक राशि के स्वामी मंगल देव हैं और मंगल का रंग लाल माना जाता है। इसलिए इन दोनों ही राशि वालों को होली के दिन लाल रंग, गुलाबी या इससे मिलते-जुलते रंगों और गुलाल से होली खेलनी चाहिए।

**वृषभ और तुला :** वृषभ और तुला राशि के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। शुक्र का रंग सफेद और गुलाबी बताया गया है। वैसे तो होली पर सफेद रंग से होली खेलना संभव नहीं है, इसलिए आप सिल्वर रंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही आप लोग गुलाबी रंग से भी होली खेल सकते हैं।

**कन्या और मिथुन :** कन्या और मिथुन राशि के स्वामी युवा ग्रह बुध हैं। बुध का रंग हरा माना जाता है। हरे रंग का प्रयोग इन दोनों राशि के लोगों के जीवन में सुख शांति लाने वाला साबित होगा। हरे रंग के अलावा इन दोनों राशियों के लोग पीले, नारंगी और हल्के गुलाबी रंग से भी होली खेल सकते हैं।

**मकर और कुंभ :** मकर और कुंभ राशि के स्वामी शनि देव हैं। ज्योतिष के अनुसार शनिदेव का रंग काला या नीला माना जाता है। ऐसे लोगों के लिए सबसे ज्यादा शुभ तो नीला रंग है। काले रंग से भी होली खेलना संभव नहीं है। ऐसे में आप नीला रंग के अलावा हरे और फिरोजी रंग का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

**धनु और मीन :** इन दोनों राशियों के स्वामी गुरू बृहस्पति हैं और बृहस्पति का रंग पीला माना जाता है। ऐसे में इन राशि के लोगों के लिए सबसे लकी रंग पीला साबित हो सकता है। इसके अलावा आप नारंगी रंग के गुलाल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कर्क और सिंह :** इस राशि के स्वामी चंद्र देव हैं। ऐसे लोगों को सफेद रंग से होली खेलनी चाहिए। हालांकि सफेद रंग से होली खेलना संभव नहीं है। ऐसे में इन राशियों के लोग किसी भी रंग को लेकर उसमें थोड़ा सा दही या दूध मिक्स कर लें उसके बाद होली खेलें।

वहीं राशि की बात करें तो सिंह राशि के स्वामी सूर्यदेव हैं। ऐसे लोग नारंगी, लाल और पीले रंग से होली खेल सकते हैं।

# जिले के 403 किसानों का लंबित भुगतान दो दिन में

**दिया आश्वासन**

**जिले में सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की कुल खरीद तय लक्ष्य के सापेक्ष 83.03%**

**बीते 28 फरवरी तक 7019 कृषकों से कुल 3736522 एमटी धान खरीदा गया**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में इस सीजन में सरकार क्रय केंद्रों पर हुई धान खरीद कुल लक्ष्य के सापेक्ष 83.03% दर्ज की गयी है। धान का समर्थन मूल्य 2040 रुपये प्रति कुं. है। जबकि जिले के बाजार में धान का रेट 19 सौ रुपये से लेकर 22 सौ रुपये प्रति कुं. बना रहा। फलस्वरूप धान क्रय केंद्रों पर धान की आवक कम हुई। साथ ही क्रय केंद्रों पर टार्गेट के सापेक्ष खरीद में भी कमी रही। इसी प्रकार मंडी समिति और यूपीएसएस के क्रय केंद्रों पर भी धान खरीद लक्ष्य से कम हो सकी। सरकारी स्तर पर धान की खरीद का कार्य बीते 28 फरवरी को समाप्त हो चुका है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुनील भारती ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी जनपद में धान खरीद का लक्ष्य 45000 एमटी है। उसके सापेक्ष धान खरीद की समाप्ति तिथि 28 फरवरी तक कुल 3736522 एमटी खरीद 7019 किसानों से की गयी। क्रय पर पहुंचे सभी किसानों से धान की खरीद पूरी सहूलियत के साथ किये जाने का दावा करते हुए उन्होंने बताया है कि क्रय केंद्रों पर कृषकों को कोई समस्या नहीं हुयी। किसी भी किसान ने धान की खरीद न किये जाने संबंधी शिकायत नहीं की। श्री भारती ने बताया है कि क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों का भुगतान पीएफएमएस के जरिये किया जा रहा है। क्रय केंद्रों पर धान बेच चुके कुल 7019 किसानों में से 6596 कृषकों का भुगतान हो चुका है। शेष 403 किसानों का पेमेंट दो दिन में करा दिया जाएगा।



## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य 4 को आएंगे

**वाराणसी।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एकदिनी दौरे पर चार फरवरी को वाराणसी आएंगे। प्रोटोकाल विभाग के अनुसार डिप्टी सीएम आगामी शनिवार को दोपहर 1.35 बजे लखनऊ से बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचेंगे। उसके बाद अपराह्न 2.10 बजे सर्किट हाउस सभागार में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। उस मीटिंग के बाद श्री मौर्य सर्किट हाउस में ही ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के जिला स्तरीय अफसरों के साथ बैठक करेंगे। मीटिंग के बाद उप मुख्यमंत्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए जाएंगे। वह शाम 4.15 बजे तरना स्थित दि पाठशाला परिसर में आयोजित श्रीरामकथा में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद 5.05 बजे लखनऊ लौट जाएंगे।

## अब 'बचत सखी' देंगी बचत को प्रोत्साहन



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत बैंक सखियां राष्ट्रीय बचत विभाग से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में बचत को बढ़ावा देंगी। उनकी पहचान 'बचत सखी' के तौर पर होगी।

वह पोस्ट ऑफिस में आरडी, एफडी, एनएससी, मासिक आय योजना और पीपीएफ आदि में बचत कराने की दिशा में कार्य करेंगी। इसके एवज में उन्हें तय कमीशन मिलेगा। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी। बचत सखियों की नियुक्ति, कार्य का मूल्यांकन, नवीनीकरण आदि राष्ट्रीय बचत विभाग निर्धारित करेगा। इस बारे में विकास भवन सभागार में बुधवार को आयोजित एकदिनी कार्यशाला में जानकारी दी गयी। सीडीओ हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में यह आयोजन था। इस मौके पर डीसी एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर, एडीएसटीओ जितेंद्र, जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह, विक्रम सिंह आदि भी रहे।

## भाजपा लगाएगी 'समाधान चौपाल शिविर'



**वाराणसी।** आगामी नगर निकाय एवं लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय करने के लिए चल रही कार्यशालाओं के क्रम में बुधवार को भी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। गुलाबबाग व नीचीबाग स्थित पार्टी दफ्तर में बूथ सशक्तिकरण संबंधी यह कार्यशाला थी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 11 से 15 मार्च के बीच मंडल स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन होगा। उसमें प्रत्येक बूथों पर 11 सदस्यों की टीम का तय करेंगे। उसके बाद 15 से 25 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण अभियान चलेगा। वार्डों में 'समाधान चौपाल शिविर' भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, संदीप चौरसिया, नलिन नयन मिश्र, गोपालजी गुप्ता, अभिषेक वर्मा गोपाल, शत्रुघ्न पटेल, जितेंद्र यादव, जगन्नाथ ओझा आदि भी रहे।

## जिनके पास राशनकार्ड नहीं उनका बनेगा फैमिली आईडी

**ट्रेनिंग प्रोग्राम**

**'फैमिली आईडी, एक परिवार-एक पहचान योजना' के लिए एसडीएम और बीडीओ को दिया प्रशिक्षण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** 'फैमिली आईडी, एक परिवार-एक पहचान योजना' को अमली जामा पहनाने के लिए बुधवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसमें जिले के सभी एसडीएम तथा बीडीओ मौजूद थे। मुख्य विकास अधिकारी ने स्कीम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए प्रतिदिन के अपडेट का पर्यवेक्षण करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना, डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचाना, शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्रों पर पहुंचाने के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना है।

श्री नागपाल ने बताया कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए 12 अंको की एक विशिष्ट पहचान संख्या है। उसमें परिवार के सदस्यों का ब्योरा रहेगा। फैमिली आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता तय करने और लाभ से वंचित पात्रों को लाभांवित करने के लिए 'केंद्रीय भंडार' के तौर पर कार्य करेगा।

यह आईडी एक स्वैच्छिक सेवा है। सिर्फ वह परिवार जो केंद्र या राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं या लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की जरूरत हो सकती है।

उन परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड बनेगा जो राशनकार्ड धारक नहीं हैं। जिन परिवारों का राशनकार्ड पहले से बना हुआ है, उनकी राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी संख्या है।

## समय से पूर्ण करें शहर की सड़कों का सुन्दरीकरण

**जी 20 सम्मेलन**

**अधिकारियों ने बैठक कर संबंधित विभाग को दिया निर्देश**

**वाराणसी।** अपर जिलाधिकारी (नगर) गुलाबचंद ने आगामी जी-20 बैठक से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग को विभिन्न सड़को का सौंदर्यीकरण समय से पूर्ण कराने और इस कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। विद्युत विभाग को पोलों पर बिखरे तारों को यथाशीघ्र हटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी मुख्य बिल्डिंग पर लाइटिंग/फसाड लाइटिंग कराने एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से वार्ता/समन्वय कर उनके प्रतिष्ठानों पर लाइटिंग कराए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# डग्गामार वाहनों के ठहराव को लेकर एयरपोर्ट प्रशासन सख्त

**नहीं चलेगी मनमानी**

**पार्किंग में अतिरिक्त कैमरा लगाकर रखी जायेगी नजर**

जनसंदेश न्यूज

**बाबतपुर।** लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डग्गामार वाहनों को लेकर हवाई अड्डा प्रशासन सख्त हो गया है। इन वाहनों के रोकथाम के लिए स्थानीय प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।

हवाई अड्डे पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सलाहकार समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा कई सवाल उठाए गए थे। जिसको संज्ञान में लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे मछली शहर सांसद वीपी सरोज द्वारा सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए डग्गामार वाहनों पर पाबंदी लगाये जाने को लेकर अधिकारियों और हवाई अड्डा प्रशासन को सख्त निर्देश दिया गया था। वही सुरक्षा के दृष्टिगत पार्किंग क्षेत्र में अतिरिक्त कैमरे भी लगाए जायेगे जिससे हवाई अड्डे पर आने जाने वाले वाहनों का नम्बर और चालक की पहचान आसानी से हो सके। बतादे की डग्गामार वाहन चालकों के द्वारा आगमन द्वार से निकलते ही विमान यात्रियों के पास आकर अपने वाहन में बैठाए जाने को लेकर अभद्रता की जाती है। और कई यात्री इन वाहन चालकों के द्वारा ठगी का शिकार भी हो जाते हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही एक महिला विमान यात्री के साथ वाहन चालक द्वारा अभद्रता किये जाने की शिकायत भी मिली थी।इसके पहले भी यात्रियों के साथ कई घटनाएं हो चुकी है। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि हवाई अड्डे से चलने वाले डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही की जाएगी। वही सुरक्षा को देखते हुए पार्किंग क्षेत्र में अतिरिक्त सीसी कैमरे भी लगाए जाएंगे।



# रंगभरी एकादशी पर बदला दिखेगा बाबा धाम

## गौना के बाद स्वर्णिम गर्भगृह में माता पार्वती करेंगी पहली बार प्रवेश

**बदलेगी परम्परा**

**स्वर्णमंडित गर्भगृह से मां पार्वती सीधे कर पाएंगी मां गंगा के दर्शन**

जनसंदेश न्यूज


**वाराणसी।** इस साल की रंगभरी एकादशी मां पार्वती के लिए बहुत खास होगी। बाबा विश्वनाथ जब उनका गौना करा के शिवधाम लौटेंगे तो मां गौरा स्वर्णमंडित गृह में पहली बार प्रवेश करेंगी। स्वर्णिम आभा में श्री काशी विश्वनाथ धाम का नजारा भी बदला-बदला नजर आएगा। मां पार्वती पहली बार मां गंगा के दर्शन सीधे कर पाएंगी। दानदाता के करीब 60 किलो सोने से बाबा के गर्भगृह और शिखर को स्वर्णमंडित कराया गया है। रंगभरी एकादशी तीन मार्च को मनाई जाएगी। काशी में रंगों की छठा शिवरात्रि के दिन से ही शुरू हो जाती है, लेकिन बाबा की नगरी में एक दिन ऐसा भी रहता है, जब बाबा खुद अपने भक्तों के साथ होली खेलते हैं।



रंगभरी एकादशी के दिन बाबा की मां गौरा के साथ चल प्रतिमा निकलती है। वैसे तो हमारे देश में मथुरा और ब्रज की होली मशहूर है, लेकिन रंगभरी एकादशी के दिन साल में एक बार बाबा अपने परिवार के साथ निकलते हैं। इसी दिन से काशी में होली की शुरूआत मानी जाती है। रंगभरी एकादशी के दिन बाबा राजशाही पगड़ी धारण करेंगे और मां पार्वती बरसाने की घाघरा पहनेंगी। बाबा के भाल पर मथुरा के जेल में अरारोट और सब्जियों से कैदियों द्वारा तैयार की गई खास गुलाल सजेगा, जिसक बाद काशी की गलियों में गुलाल उड़ेगा। श्री काशी विश्वनाथ न्यास परिषद् के सदस्य ब्रजभूषण ओझा ने बताया कि बाबा रंगभरी एकादशी के दिन मां पार्वती का गौना कराकर वापस लौटते हें।

बाबा की पावन मूर्ति को बाबा विश्वनाथ के आसान पर बैठाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार रंगभरी एकादशी इसलिए भी खास है, क्योंकि मां जब गौने से बाबा विश्वनाथ के परिसर में आएंगी और पालकी मंदिर परिसर में घुमाई जाएगी तो माँ गौरा गर्भ गृह के स्वर्णीम आभा को पहली बार देखेंगी और बाबा के साथ स्वर्ण मंडित गर्भगृह में विराजेंगी।


















# मातृभाषाएं हमें जोड़ती हैं : डॉ. देवानंद

**विशेष व्याख्यान**

### भोजपुरी अध्ययन केंद्र बीएचयू में 'प्रवासन के भावनात्मक मुद्दे और उनके निहितार्थ' विषयक कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज


बीएचयू के भोजपुरी अध्ययन केंद्र स्थित राहुल सभागार में बुधवार को 'प्रवासन के भावनात्मक मुद्दे और उनके निहितार्थ' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया

वाराणसी। भारतीयों के लिए प्रवासन का मुद्दा हमेशा ही भावनात्मक रहा है। यद्यपि इसी प्रवसन ने भोजपुरी की कला, संस्कृति व साहित्य को पूरी दुनिया में फैलाया। इसी के भीतर से विदेसिया संस्कृति का विकास भी होता है। प्रवासी लोगों ने इस पूरी प्रक्रिया में भारतीय समाज की जाति प्रथा आदि जैसी तमाम जटिलताओं को भी छोड़ा और विदेशों में एक आदर्श भारतीय समाज की स्थापना की।

बीएचयू के भोजपुरी अध्ययन केंद्र स्थित राहुल सभागार में बुधवार को 'प्रवासन के भावनात्मक मुद्दे और उनके निहितार्थ' विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में केंद्र समन्वयक प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने यह बात कही। ब्राम्पटन (कनाडा) से आए भोजपुरी मूल के अतिथि डॉ. देवानंद भगवान ने अपने प्रवास और अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि दोबारा अपनी अपने मिट्टी पर लौटना, उसके लोगों से जुड़ना और उसे महसूस करना बहुत खुशी देती है। उन्होंने दक्षिण अमेरिका, गयाना और कनाडा के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग भारत को अपना ही मुल्क समझते हैं और अपनी मूल मातृभाषा भोजपुरी पर गर्व करते हैं।

इस अवसर पर विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित डॉ. देवानंद भगवान ने कहा कि मातृभाषा भोजपुरी जोड़ती है और तमाम भौगोलिक सीमाओं का अतिक्रमण करती है। अभी भी गयाना व भारत का संबंध भोजपुरी से समृद्ध होता है। भोजपुरी संगीत अभी भी बेहद लोकप्रिय है। लोक संगीत ने अभी भी हमारे संबंधों को मजबूत किया है। भोजपुरी की भाषा व संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता है।

डॉ. महेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हम कहीं भी रहें लेकिन हम अपनी मातृभाषा से जुड़े रहते हैं और हमारी मातृभाषा हमें आपस में जोड़कर रखती है। कार्यक्रम में शोधार्थी सविता पांडेय ने 'रेलिया बैरन' गीत और दशरथ पवार ने लोकगीत सुनाया। दिवाकर तिवारी के संचालन में शोध छात्र संतोष चौबे, अक्षत पांडेय और अमित कुमार ने भी विचार व्यक्त किये।

# बड़े होटलों व टीएफसी में होगी इंटरनेट सुविधा

**जी-20 की तैयारी**

### होटलों में फाइबर डालने का कार्य हो चुका है पूरा

जनसंदेश न्यूज



वाराणसी। जी-20 के लिए भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) शहर के कई होटलों व अन्य जगहों पर इंटरनेट की व्यवस्था कर रहा है। इसमें बड़ालालपुर स्थित टीएफसी सेंटर भी है। होटलों में नेशनल आप्टिकल फाइबर नेटवर्क का कार्य पूरा हो चुका है। शहर में छह बड़े ऐसे होटल हैं जहां पर जी-20 के प्रतिनिधि यहां पर ठहरेंगे। यह जानकारी बीएसएनएल के महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने बातचीत के दौरान दी।

बताया कि शहर के जिन होटलों में जी-20 के प्रतिनिधि ठहरेंगे उन होटलों में उन जगहों पर इंटरनेट व वाई फाई के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण एरिया में इंटरनेट कनेक्शन सेवा शुरू कर दी गई है। इसका प्रथम चरण समाप्त हो चुका है जबकि दूसरे चरण का कार्य चल रहा है। फाइबर इंटरनेट कनेक्शन लेने के लिए वैसे तो तीन हजार रुपये चार्ज होता है लेकिन इसे लोगों को फ्री दिया जा रहा है।

इस पर सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी मिला कर 472 रुपये देना पड़ता है। इसके अलावा ओटीपी वाला भी प्लान है। ग्रामीण एरिया जैसे सेवापुरी, आराजी लाइन, काशी विद्यापीठ, बड़ागांव, पिंडरा, चोलापुर व हरहुआ आदि गांवों में बीएसएनएल से जुड़ कर इंटरनेट कनेक्शन ले सकते हैं।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय समता पार्टी से शशि व प्रकाश निष्कासित



वाराणसी। राष्ट्रीय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन राजकुमार ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी भंग करने की चल रही चर्चाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 28 फरवरी 2023 को सोशल मीडिया पर चल रहे राष्ट्रीय समता पार्टी की राष्ट्रीय कमेटी को भंग करने की सूचना का खंडन करता हूं। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते मैंने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया और ना ही मेरे द्वारा ऐसी सूचना प्रसारित की गई, बल्कि पार्टी से चारों पदाधिकारियों को छह वर्षों के लिए निष्कासित करता किया गया।

### केक खिलाकर दी कमांडेंट को शुभकामना



बाबतपुर। वाराणसी विमान तल पर बुधवार को सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट अजय कुमार का जन्मदिन मनाया गया। निदेशक अर्यमा सान्याल ने विशेष रूप से कमांडेंट को केक खिलाकर उनके जन्मदिन की बधाई दी। निदेशक ने बताया कि लगभग तीन वर्षो से वाराणसी एयरपोर्ट की सुरक्षा की कमान सभांल रहें कमांडेंस अजय कुमार अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन कर रहे हैं। निदेशक के साथ सभी ने कमांडेंट को जन्मदिन की बधाई दी।

### चिरईगांव पीएचसी में प्रसव सुविधा बंद

चिरईगांव। स्थानीय पीएचसी में कुछदिनों के लिए प्रसव संबंधित सुविधा को बंद कर दिया गया है। प्रभारी डा. अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रसव कक्ष से सटा जच्चा बच्चा वार्ड वाराणसी गाजीपुर मार्ग के चौड़ीकरण की जद में आ गया है। वैसे भी वह जर्जर स्थिति में हो गया है। जो अब तोड़ा जायेगा। जिसके कारण प्रसव की सुविधा अब कुछ दिन के लिए स्थगित की जा रही है। प्रसव की सुविधा अब सीएचसी नरपतपुर पर उपलब्ध होगी।

### मनीष सिसोदिया के त्याग पत्र की मांग

वाराणसी। बहादुर आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला एवं संयोजक राजेन्द्र गांधी कुशवाहा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई. की गिरफ्तारी सही है। उन्होंने मनीष सिसोदिया से इस्तीफा की मांग की है। कहा कि लोकतंत्र का चुनाव ही भ्रष्टाचार की जननी है। जब तक चुनाव में बेतहाशा पैसा खर्चा होता रहेगा तब तक भारत में राजनैतिक पार्टियों द्वारा भ्रष्टाचार जारी रहेगा।

### ट्रांसजेंडर की पहचान स्वीकार करने की जरूरत

वाराणसी। समाज के संतुलित विकास के लिए जरूरी है कि विभिन्न मंचों से प्रत्येक लिंग के व्यक्ति की बात होनी चाहिए। साथ ही नारीवादी आंदोलन में ट्रांसजेंडर की बात अवश्य करने की जरूरत है। ट्रांसजेंडर आज भी लोगों को दिखते नहीं देते हैं। इसलिए समाज में इनकी पहचान को स्वीकार करना बहुत आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को बीएचयू के महिला महाविद्यालय स्थित हेरिटेज हॉल में प्रो. इनु मेहता की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में अकम संस्था की निदेशक ऋतुपर्णा ने यह बात कही। मुहिम संस्था की निदेशक स्वाती सिंह ने महावारी मुद्दे पर आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि डिजिटल तकनीक का महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय भूमिका है। इस तकनीक ने विकास के नये मार्गों को सशक्त किया है। उन्होंने लैंगिक समानता के लिए एक माहौल तैयार करने पर भी बल दिया। आरंभ में प्रो. कल्पना गुप्ता में कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो. रीता सिंह, प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. राखी गर्ग, डॉ. प्रतिमा गौड़, डॉ. रीता जायसवाल, डॉ. निधि मिश्रा एवं डॉ. धीरज कुमार आदि की भी उपस्थिति रही।

# अवध की सांस्कृतिक विरासत का पुनरावलोकन

**आयोजन**

### बीएचयू में मार्क ट्वेन यात्रा वृतांत पर संगोष्ठी



वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कला-इतिहास विभाग की ओर से मार्क ट्वेन के यात्रा-वृत्तान्त पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के तीसरे दिन बुधवार को चार सत्र हुए। जिनमें मार्क ट्वेन के यात्रा-वृत्तान्त पर मुख्य वक्ता के रूप में अवध के अंतिम नबाव वाजिदअली शाह के पर-पर-पोते शाहंशाह मिर्जा के द्वारा अपने वक्तव्य में इतिहास के उन पन्नों को खोला गया। जब 1856 ई में अंग्रेजों के द्वारा अवध के ब्रिटिश साम्राज्य में विलय के पश्चात वाजिदअली शाह को कलकत्ता भेजा जाना और कलकत्ते में उनके द्वारा अवध की सभ्यता और संस्कृति को विकसित करना दर्शाया गया।

सेन्टर ऑफ पर्शियन एण्ड सेन्ट्रल एशियन स्टजीज और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो अखलाक-ए-अहान ने अपने वक्तव्य में इण्डो-पर्शियन विद्वानों, कवियों और लेखकों के द्वारा बनारस की संस्कृति और साथ ही उनके साहित्यिक कृत्यों का एक परिदृश्य प्रस्तुत किया। जिसमें मुख्य रूप से दाराशिकोह, हाजिन लाहिजी, अलबरूनी, मिजार्गालिब आदि के साहित्यिक कृत्यों द्वारा बनारस की मध्यकालीन संस्कृति पर अप्रतिम प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें काशी की परम्परा में संगीत की तीनों विधाओं गायन, वादन एवं नृत्य का मनमोहक प्रस्तुतिकरण किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरूण सिंह ने की। स्वागत भाषण संगोष्ठी के अध्यक्ष एवं संयोजक प्रो अतुल त्रिपाठी ने किया।

## बेकसूर बुनकरों को फंसाया जा रहा

वाराणसी। सामाजिक कार्यकर्ता मतीन कैफी व शमीम अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बुनकर कल्याण परिषद के पदाधिकारी पुलिस आयुक्त से मिले। ईवीएम प्रकरण में बेकसूरों अन्य मामलों के लिए पत्रक सौंपे। ईवीएम प्रकरण में बेकसूर गरीब बुनकर समाज के बहुत सारे लड़कों और बुजुर्गों को भेजा गया था। जब लोग जमानत पर महीना बाद जेल से छूटे तो कई लोगों को जिलाबदर भी किया गया जिससे उन गरीबों बुनकरों मजदूरों के परिवार में भूखमरी हो रही है। साथ ही चेतगंज पुलिस ईवीएम प्रकरण में जांच के नाम पर मनगढ़ंत तरीके एफआईआर में भोले भाले बुनकरों का नाम जोड़ कर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस सिलसिले में डीआईजी संतोष कुमार सिंह साहब को पूर्व में प्रार्थना पत्र देकर बेकसूर गरीबों मजलूम बुनकरों को ईवीएम प्रकरण में फर्जी मुकदमे में ना फसाया जाए का प्रार्थना पत्र दिया गया था। बावजूद इसके चेतगंज पुलिस का प्रताड़ना जारी है। इस मौके पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल मतीन कैफी, समीम अंसारी, सैफ अंसारी, मुबारक अली अंसारी, अबु बकर अंसारी, इबादुल हक, हाजी बाबूआदि लोग शामिल थे।

# कार्डियक अरेस्ट में सीपीआर से जान बचाना संभव




जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। कार्डियक अरेस्ट होने पर (विशेष परिस्थिति में) पीड़ित के जीवन की रक्षा सीपीआर के द्वारा बचायी जा सकती है। सीपीआर एक महत्वपूर्ण क्रिया है जिसके प्रति समाज में सभी को जागरुक रहना चाहिए। नवागत नगर आयुक्त शिपू गिरी, अपर नगर आयुक्त दुष्यन्त कुमार मौर्या, सहायक नगर आयुक्त अमित शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एनपी सिंह, चीफ इंजीनियर मोइनूदिन सहित लगभग 200 नगर निगमकर्मी कर्मचारियों को सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए राजकीय चिकित्सक डॉ. शिवशक्ति द्विवेदी ने इस बात की जानकारी दी।

नगर निगम कर्मियों को सीपीआर की लाइव प्रस्तुति देते हुए उन्होंने बताया कि पहला तीन मिनट गोल्डन समय होता है, कार्डियक अरेस्ट होने पर पीड़ित के जीवन की रक्षा विषय पर सीपीआर महत्वपूर्ण है।

बताया कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। जॉगिंग और डांस करते समय भी लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है।

ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए।

डॉ. द्विवेदी ने बताया कि सीपीआर एक मेडिकल थेरेपी की तरह है। इससे कार्डियक अरेस्ट आने पर मरीज को सीपीआर देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाता है।

# वैदिक विज्ञान में है सर्वप्राणि सुख की बात

**आयोजन**

### वैदिक विज्ञान के विविध आयाम विषयक दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी आरंभ

जनसंदेश न्यूज


बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र की ओर से बुधवार को दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी आरंभ हुई

वाराणसी। विज्ञान हमारे चारों ओर प्रकृति के कई पहलुओं के बारे में व्यवस्थित ज्ञान के समूह को संदर्भित करता है। यह ज्ञान अवलोकन प्रयोग करने के आधार पर मिलता है। वेबसाइट पर लिखे गये वैदिक विज्ञान विषयक संदर्भों को तथ्य नहीं मानना चाहिए। सर्वप्राणि सुख की बात सिर्फ वैदिक विज्ञान ही कर सकता है।

बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र की ओर से बुधवार को केंद्र सभागार में आरंभ दो दिनी 'वैदिक विज्ञान के विविध आयाम' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के आचार्य प्रो. के. रामसुब्रह्मण्यम ने यह बात कही। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. धनंजय पांडेय पूर्व निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू थे। उन्होंने पाइथागोरस थियरम पर चर्चा करते हुए पाइथागोरस नाम के बजाय बौधायन का नाम रखने का सुझाव दिया। उत्तराखंड संस्कृत विवि हरिद्वार के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि प्राच्य और प्रतीचि की परिकल्पना महामना ने 100 साल पहले की थी। इस अवसर पर प्रो. हृदय रंजन शर्मा, प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी, केंद्र समन्वयक प्रो. उपेंद्र कुमार त्रिपाठी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में 'वैदिक एवं पौराणिक साहित्य में विज्ञान' पुस्तक का विमोचन किया गया।

## गंदगी करने वालों से वसूलें जुर्माना

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य यांत्रिक इंजीनियर निर्देशनुसार वाराणसी मंडल पर नवसृजित यांत्रिक विभाग द्वारा स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वाले यात्रियों, खान-पान वेंडरों एवं रेलवे कैंटीन में गन्दगी से काम करने वाले कर्मियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत यांत्रिक के अंतर्गत आने वाले मंडल के स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना वसूलते हुए उन्हें चेतावनी भी दी गयी। वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित खान-पान स्टॉलों के वेंडरों, खाद्य पदार्थों को गन्दे पात्र में सजाकर बिना ढके बेचने वाले वेन्डरों, स्टेशन पर गन्दगी फैलाने वाले यात्रियों, साफ-सफाई का ध्यान न रखने वाले स्टॉल संचालकों, स्टेशनों पर अन्यत्र लघुशंका अथवा अन्यत्र थूकने वाले लोगों को पकड़ कर विभाग द्वारा फरवरी-2023 में रेल राजस्व के रूप में एक लाख नब्बे हजार तीन सौ पचास रुपए (1,90,350 रु/-) जुर्माना वसूला गया।

# मतदान आज, बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां


जाल्हूपुर के ग्राम प्रधान पद पर मतदान कराने के लिए चिरईगांव ब्लॉक मुख्यालय से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जनपद में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सदस्य के एक-एक खाली पद के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत मतदान गुरुवार को होगा। इसके लिए बुधवार को पोलिंग पार्टियां संबंधित बूथों पर पहुंच गयीं।

पोलिंग सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। काउंटिंग चार मार्च को संबंधित विकास खंड मुख्यालयों पर होगी। बड़ागांव ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या-11 में रिक्त ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए दो मार्च को वोट डाले जाएंगे। इस वार्ड में कुल 689 मतदाता हैं। चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय ब्लॉक के जाल्हूपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के खाली सीट के लिए भी वोटिंग होगी। यहां पांच हजार 559 मतदाता हैं। बुधवार को दोनों पदों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां चिरईगांव और बड़ागांव विकास खंड से अपने-अपने बूथों पर पहुंचीं।

# होली में अतिरिक्त बस चलायेगा निगम

**सुविधा**

### तीन से 12 मार्च तक रोडवेज कर्मचारियों के अवकाश भी रद्द



वाराणसी। होली पर घर जाने वालों को परेशानी का सामना ना करना पड़े इस्को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से पूरे प्रदेश में लगभग 2065 अतिरिक्त बसें विभिन्न परिक्षेत्रों से संचालित की जायेंगी। वाराणसी परिक्षेत्र से कुल 40 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जायेगा जो विभिन्न मार्गो के लिए होगा। वाराणसी से लखनऊ कानपुर सहित गोरखपुर मार्ग पर त्योहारों में बसों की मांग बढ़ जाती है। जिसके चलते यात्रियों के लिए इन मार्गो पर बसों का संचालन वृहद स्तर पर किया जायेगा।

रोडवेज मुख्यालय लखनऊ से जारी क्षेत्रीय प्रबंधकों को इस बात का आदेश दिया गया है कि तीन से 12 मार्च तक के लिए रोडवेज के सभी कर्मचारियों के अवकाश निरस्त किये जाएं।

### चालक-परिचालक के लिए प्रोत्साहन राशि

यात्रियों त्योहार पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए निगम की ओर से चालक परिचालकों के लिए प्रोत्साहन राशि की भी व्यवस्था की गयी है। इसके लिए तीन से 12 मार्च तक बिना किसी अवकाश के बसों के संचालन पर चालक-परिचालक को 24 सौ रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। यह व्यवस्था कार्यशाला पर लागू रहेगी।

# डिब्बा बंद खाने पर है बैक्टीरिया का असर

**वर्ल्ड फूड सिक्योरिटी डे**

### आयुर्वेद चिकित्सकों ने रखी बात

जनसंदेश न्यूज



वाराणसी। शरीर में होने वाले संक्रमण में बैक्टीरिया सबसे अहम कारण है। इसके प्रति जागरुकता होनी चाहिए तभी शरीर को निरोगी रखा जा सकता है। चौकाघाट स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय के काय चिकित्सा के डा. अजय गुप्ता ने बताया कि बैक्टीरिया संक्रमण के सबसे बड़े कारणों में से एक है।

खराब खाने की वजह में बैक्टीरिया, वायरस और रसायन बड़े कारण हैं। दूषित खाना खाने की वजह से डायरिया की बीमारी सबसे अधिक होती है। सेलमोनेला, कंपाइलो वेक्टर, ई कोलाई,बाटुलिनम सहित अन्य बैक्टीरिया हैं जिनसे संक्रमण होता है। डायबिटीज जैसी बीमारी खाने की वजह से ही है।

खाना दूषित है तो आपको हार्ट से लेकर मोटापा जैसी परेशानी होने का खतरा हमेशा बना रहता है। इस पर ध्यान न दिया गया तो नौ में से एक व्यक्ति में इससे परेशानी होगी।

### नहीं होगी फूड प्वाइजनिंग

घर में साफ-सफाई के साथ खाना बनाएं और खाएं, क्योंकि बाहर के खाने में गंदगी और इंफेक्शन का खतरा हमेशा बना रहता है। बाजार में मिलने वाले चमकदार और रंगीन खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें, फल और सब्जियों को हमेशा ठीक से धोकर खाएं, स्टिकर वाले फलों का उपयोग करने से बचें, जरूरी पोषक तत्व देने वाले खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करें, अपने खाने को पॉलीथिन या अखबार में लपेटकर न रखें, प्लास्टिक के बर्तन में गरम भोजन न रखें, 4 से 6 घंटे पहले बने भोजन का उपयोग करने से बचें।

### पैक आइटम लेते समय एक्सपाइरी देखें

परंपरागत भारतीय खानपान के स्थान पर आधुनिक और पाश्चात्य शैली पर आधारित रेडी-टू-ईट, पैकेज्ड या डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, जंक फूड और फास्ट फूड के सेवन से हमारे शरीर में हानिकारक तत्वों की वृद्धि होती है।

### घर का खाना सबसे बेहतर

तनाव के कारण युवा घर पर बने खाने की बजाय मार्केट में उपलब्ध रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। होटल और टिफिन वाले भोजन में पौष्टिकता की बजाय स्वाद पर बल दिया जाता है। इसीलिए स्वाद और फैशन के चक्कर में खाद्य पदार्थों के निर्माण में टेस्ट मेकर, हानिकारक रसायनों, सिंथेटिक कलर, वसा, शुगर, ट्रांस फैट आदि का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है।

# लंगड़ा बाबा के वार्षिकोत्सव पर हुआ भव्य श्रृंगार



चौबेपुर। गंगा नदी के ढकवा घाट स्थित लंगड़ा बाबा का भव्य वार्षिक श्रृंगार महोत्सव व स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। सुबह से ही लंगड़ा बाबा का श्रृंगार कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुरोहित ब्रह्मदेव तिवारी ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रृंगार कराया। बाबा को फूल, माला, मिष्ठान आदि चढ़ाया गया। इसके बाद बाबा की भव्य आरती हुई।

भक्तिमय जयकारे से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। श्रृंगार के बाद शाम 5 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों भक्त भंडारे में उपस्थित होकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें कासगंज एडिशनल एसपी जितेंद्र दुबे, जिला पंचायत सदस्य अंजनीनंदन पांडेय, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा उपेंद्र दुबे, भोलानाथ उपाध्याय, जयप्रकाश पांडेय, अखंड, अतेश चौबे, गिरनारी बाबा, सनिश सिंह, गायत्री प्रसाद सिंह, प्रियांशु मिश्रा, विनोद निषाद, सत्य नारायण निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम के अल्टीमेटम का कटानपीड़ितों पर असर नहीं

**हवा-हवाई**

## जमीन आवंटन के बाद भी एनएच पर जमे है कटान पीड़ित

जनसंदेश न्यूज



एनएच-31 पर बसे कटानपीड़ित।

**बैरिया (बलिया)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के पटरियों पर कटान पीड़ित बसने के लिए जमीन ना मिलने की दशा में अस्थाई झोपड़ी लगाकर आशियाना बनाए हुए है। उनकी व्यथा को देखते हुए तहसील प्रशासन ने मौजा दया छपरा में बसने के लिए जमीन आवंटित कर दिया। भूमि की पैमाइश करा कर उन्हें बसा भी दिया।

बावजूद इसके अभी भी राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के पटरियों पर दुबे छपरा, गोपालपुर, उदईछपरा और केहरपुर के कटान पीड़ित अभी भी जमे हुए हैं। उन्हें बसने के लिए जमीन उपलब्ध हो जाने के बाद उप जिलाधिकारी बैरिया अत्रेय मिश्रा ने एक हफ्ते का अल्टीमेटम देते हुए बताया था कि एक सप्ताह में सभी कटान पीड़ित राष्ट्रीय राजमार्ग 31 की पटरियों को खाली कर दें।

अन्यथा की स्थिति में उन्हें बलपूर्वक हटाया जाएगा। लेकिन एसडीएम के चेतावनी का असर कटान पीड़ितों पर नहीं पड़ा। एक पखवारा बीत जाने के बाद भी कटान पीड़ित अब तक राष्ट्रीय राजमार्ग के पटरियों को खाली नहीं किए हैं। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र से पूछे जाने पर उनका कहना है कि उन्हे जो समय दिया गया था वह बीत गया है। ऐसी स्थिति में कटान पीड़ितों को नोटिस भेजा जा रहा है।

उन्होंने पुनः दोहराते हुए कहा है कि कटान पीड़ित शीघ्र राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के पटरियों को खाली कर दें। अन्यथा के स्थिति में कटान पीड़ितों को बलपूर्वक हटाया जाएगा, और उन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बदलते मौसम से सब्जियों पर प्रतिकूल असर

**बैरिया (बलिया)।** अचानक मौसम मे बदलाव के कारण लगातार बढ़ रहे तापमान का असर गेहूं के साथ-साथ फूलों, सब्जियों व आम के मंजरी पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। माना जा रहा है कि अधिक तापमान से फूलों की खुशबू व चमक कम होगी और सब्जियों का आकार घट जाएगा। आम की बौर टिकोरे बनने से पहले ही झड़ने लगेंगे। जल्दी गर्मी पड़ने से फल व सब्जियां जल्दी पकने लगेंगी।

मार्च में ही बढ़ रहे तापमान परागण प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में जिन सब्जियों व फलों का उत्पादन अप्रैल में होना है। वह मार्च में ही होने लगेगा। फलस्वरूप सब्जी व फल उत्पादकों के माथे पर चिंता की लकीरें गहराने लगी है। इस संदर्भ में सहायक विकास अधिकारी कृषि सुशील कुमार यादव का कहना है कि मार्च महीने के पहले सप्ताह में आम, नीबू, संतरे में परागण की प्रक्रिया होती है जिसमे रात में 10 डिग्री सेल्सियस और दिन में 20 डिग्री सेल्सियस तक तापमान होना उपयुक्त होता है। किंतु तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। जिससे पराग के कण सूख रहे है, फूलों के गिरने के वजह से उत्पादन गिरना तय है। तापमान में इसी तरह की बढ़ोतरी होती रही तो फलों का आकार घटेगा। रंग और स्वाद पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

आम का मिठास कम होगा, नीबू, संतरे के रस में कमी आएगी।

### तापमान सहने वाली प्रजातियों की करें खेती

सहायक विकास अधिकारी कृषि सुशील यादव के मुताबिक कद्दू के बोआई का मौसम चल रहा है। इसमें बीज के देरी से जमने की आशंका है। वही कद्दू, लौकी, खीरा, ककड़ी, तरबूज, तरोई सहित लत्ता वाली सब्जियों व फलों का आकार घटेगा। खेतों के किनारे टिन सेड लगाने, फसलों के किनारे-किनारे मकई की फसल बोने सुक्ष्म पोषक तत्व जिंक, आयरन व बोरान का छिड़काव करें। तापमान सहने वाले प्रजातियों की खेती करें।

## संक्षेप

### कार के धक्के से परीक्षार्थी घायल



**सिकंदरपुर (बलिया)।** मनियर मार्ग पर स्थित खरीद चट्टी के समीप बुधवार को सुबह कार के धक्का से परीक्षा देने जा रहा 22 वर्षीय बाइक सवार परीक्षार्थी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार खरीद गांव निवासी मनीष कुमार पुत्र उमेश कुमार बुधवार को हाइस्कूल का परीक्षा देने के लिए बाइक द्वारा तहसील सिकन्दरपुर अन्तर्गत राष्ट्रीय इण्टर कालेज संदवापुर परीक्षा केन्द्र पर पर जा रहा था। वह जैसे ही गांव की चट्टी से थोड़ा आगे बढ़ा कि सामने से आ रही कार ने उसके बाइक में धक्का मार दिया। जिससे बाइक सड़क पर पलट गई। जबकि मनीष उछल कर कार के सामने वाले शीशे पर जा गिरा। मनीष के गिरने से शीशा टूट गया और वह करीब 20 मीटर दूर जा कर नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गये।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**बलिया।** खेजुरी थाना पुलिस ने चोरी की बाइक साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना खेजुरी के उपनिरीक्षक राघवराम यादव मय फोर्स द्वारा मुखबिरी की सूचना पर एक अभियुक्त संजय चौहान पुत्र निर्भय चौहान निवासी ग्राम मनियर टुकड़ा नंबर 2 थाना मनियर को पटपर पुलिया ग्राम पटपर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक बाइक भी बरामद हुई है। बाइक के नंबर प्लेट पर नंबर अंकित नहीं है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

### बेरोजगारों को भ्रमित करने वाला है बजट : रामगोविंद



**बलिया।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री पर जोरदार राजनैतिक हमला करते हुए कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा सदन में प्रस्तुत बजट भाषण के आंकड़े पूर्णतया असत्य और जनता एवं बेरोजगार युवकों को भ्रमित करने वाला है। भाजपा सरकार बेरोजगारों के साथ मजाक कर रही है। बुधवार को जारी अपने प्रेस विज्ञप्ति में रामगोविन्द चौधरी ने व्यंग करते हुए कहा कि वित्त मंत्री जी को शायर के साथ-साथ भविष्य वक्ता और आकड़ों के फर्जी जादूगर बनने के लिए मैं बधाई देता हूं।

### अपने भाई की परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गिरफ्तार



**बैरिया (बलिया)।** स्थानिय थाना क्षेत्र के यशोदा देवी बालिका इंटर कालेज दुबेछपरा में बुधवार को यूपी बोर्ड के हाईस्कूल अंग्रेजी के परीक्षा में अपने भाई के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक फर्जी परीक्षार्थी को उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र व क्षेत्राधिकारी उस्मान द्वारा पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। उक्त जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने बताया कि अंग्रेजी की परीक्षा के समय में स्वयं व क्षेत्राधिकारी बैरिया प्रवेश पत्र से परीक्षार्थियों के मिलान कर रहे थे। तभी एक परीक्षार्थी के जगह पर एक दूसरा किशोर परीक्षा देते पकड़ लिया गया। केंद्र व्यवस्थापक राकेश कुमार पाठक द्वारा उक्त फर्जी परीक्षार्थी मुन्ना भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उसे न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि पूछताछ में मुन्ना भाई ने स्वीकार किया है कि मैं अपने भाई के स्थान पर विज्ञान का परीक्षा दे चुका हूं।

### गंगा में मिला अज्ञात युवक का शव

**बैरिया (बलिया)।** पुलिस ने दुबेछपरा गांव के पास से गंगा में उतराए हुए एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव के शिनाख्त की काफी कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि युवक या तो दो-तीन दिन पहले गंगा में डूब गया होगा अथवा किसी ने उसे ले आकर गंगा में डाल दिया होगा। उक्त युवक नीला रंग का जीन्स व भूरा तथा काला शर्ट पहने हुआ है।

### कार्यालय में पहले दिन जनता से रूबरू हुए डीएम



**बलिया।** कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार बुधवार को अपने कार्यालय पहुंचे और जनता की समस्या सुनी। नवागत जिलाधिकारी का बुधवार का पहला दिन था। उनके कार्य के पहले दिन का ही श्रीगणेश हो चुका है। अब शासन की कल्याणकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से लोगों तक पहुंचायी जाएगी जिनके लिये यह योजना बनायी गयी है और इस क्षेत्र में पूरा प्रयास होगा। साथ ही बलिया के विकास के लिये जो भी कार्यक्रम चल रहे है उन कार्यक्रमों को और तेज गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले दिन मैंने जनसमस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया है। जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया कि शिकायतों का समय के अंतर्गत के तत्काल निस्तारण किया जाए साथ ही कार्यों की रेगुलर समीक्षा भी की जाएगी।

### कार्यक्रम की सफलता पर नगर की जनता को अमरजीत ने दी बधाई

**बलिया।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह की सफलता पर नगर पंचायत चितबड़ागांव के भाजपा नेता व अध्यक्ष पद के लिये बीजेपी से दावेदारी कर रहे अमरजीत सिंह ने नगर की जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र में यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा है। अब तक के इतिहास में इस तरह की भीड़ कभी किसी कार्यक्रम नहीं देखने को मिली थी। एक साथ दो-दो हेलीकाप्टर से आए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को जनता ने नजदीक से देखा है। उन्होंने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त व कार्यक्रम संयोजक पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी को बधाई दी है। उन्होंने उप ब्लाक प्रमुख सुशील पांडेय एवं विपलेंद्र प्रताप सिंह को भी बधाई दी है। कहा कि अब बहुत जल्द ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के कार्य की शुरुआत होने जा रही है। चितबड़ागांव नगर पंचायत से सटे कई क्षेत्रों को सड़कों की सौगात मिली है। उन्होंने भरोसा जताया है कि आने वाले निकाय चुनाव में नगर पंचायत चितबड़ागांव में भाजपा का परचम लहराएगा और विकास की गंगा बहेगी। विकास से दूर अब जनता नहीं रहेगी। कहा कि हर तरह से विकास नगर पंचायत में दिखाई देगा।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलते अमरजीत सिंह। फाइल फोटो

# अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों को आपस में लड़ा रही सरकार

**बोले अधिवक्ता**

## तीन दिन बिना तालाबंदी के कार्य बहिष्कार करेंगे अधिवक्ता

**बलिया।** क्रिमिनल बार तथा सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे कार्य बहिष्कार व तालाबंदी के क्रम में अधिवक्ताओं ने क्रिमिनल बार एसोसिएशन के सभागार में मंगलवार को प्रशासनिक जज से वार्ता के बाद बैठक की। इस दौरान बार के प्रतिनिधिमंडल ने हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज से किए गए वार्ता की पूरी जानकारी दी।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें जिसके बाद 3 दिन बिना तालाबंदी के कार्य बहिष्कार और न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। क्रिमिनल बार के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि बार बेंच के बीच आपसी सामंजस्य न बढ़े इसके लिए केंद्र सरकार हर कोशिश कर रही है। केंद्र व राज्य सरकार जानबूझकर अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को आपस में लड़ाने के चक्कर में पड़ी हुई हैं। जिससे हम अधिवक्ताओं और बेंच के अधिकारियों का भी नुकसान हो रहा है। यही नहीं वादकारियों की जो नुकसान हो रही है उसकी भरपाई भी नहीं किया जा सकता है।

इस दौरान तमाम सुझाव के बाद क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा ने व्यवस्था देते हुए बताया कि 3 दिन तक हमारे अधिवक्ता साथी न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके बाद आगे का निर्णय बैठक करने के बाद लिया जाएगा। इस मौके पर सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे, कुबेर नाथ पांडेय, अनिल कुमार मिश्रा, शिवकुमार तिवारी, अशोक सिंह, हरवंश सिंह, सत्यप्रकाश यादव, डॉ निर्भय सिंह, अरविंद सिंह, हरदयाल यादव, सत्यप्रकाश यादव, धीरज ठाकुर, शंकर राम फौजदार, अभिषेक मिश्रा, शैलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खूंखार बंदर का आतंक एक दर्जन लोग जख्मी

**बैरिया (बलिया)।** दोकटी थाना क्षेत्र के कर्णछपरा गांव में पिछले दो दिनों में एक बंदर द्वारा एक दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिए जाने से गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से उक्त खूंखार बंदर को पकड़ने की गुहार लगाई है। मंगलवार को उक्त बंदर ने बबन सिंह 60 वर्ष, रामेश्वर गोंड 60 वर्ष, श्यामसुंदर सिंह 65 वर्ष, ललन तत्वा 55 वर्ष, भुनेश्वर सिंह 65 वर्ष, सिक्का देवी 60 वर्ष को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवरसा व अन्य चिकित्सालयों में ग्रामीणों ने पहुंचाया। इससे पहले सोमवार को भी दो बच्चे व तीन महिलाओं को उक्त बंदर ने घायल कर दिया था। उससे पहले भी कई लोगों को बंदर ने काटकर घायल किया था। उक्त गांव निवासी पूर्व प्रधान संजय सिंह चौहान, अनेश सिंह चौहान, वीरेन्द्र सिंह सहित आधा दर्जन लोगों ने वन क्षेत्राधिकारी बैरिया को शिकायती पत्र देकर बंदर को पकड़ने की गुहार लगाई है। ताकि गांव के लोग भयमुक्त होकर अपना कार्य कर सकें।

# बलिया से छपरा रेल लाइन का ट्रायल, अब दौड़ेंगी ट्रेनें

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** बलिया से छपरा के मध्य करीब 27 किलोमीटर लाइन (बकुल्हा से सहतवार स्टेशन) का ट्रायल मंगलवार को हो गया। वर्ष 2012 में करीब 450 करोड़ से 65 किलोमीटर कार्य स्वीकृत हुआ था। छपरा से बलिया के मध्य दोहरीकरण कार्य होना था। इसी क्रम में बकुल्हा से सहतवार तक कार्य पूरा कर लिया गया है।

रेल संरक्षा आयुक्त लतीफ खान, एनईआर के सीईओ श्रीचंद श्रीवास्तव, डीआरएम रामाश्रय पांडेय समेत कई अधिकारी लाइन का निरीक्षण किए। बाद में वह काम से संतुष्ट दिखे, इसके चलते यातायात खोल दिया गया। अभी तक इस ट्रैक पर मालगाड़ी ही चलती थी। वह भी अधिकतम 50 की रफ्तार से लेकिन अब कार्य पूरा होने से ट्रेन 130 किलोमीटर की गति से चल सकेंगी।

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुरुआत में परियोजना की गति काफी धीमी थी। सितंबर 2019 में बलिया की अवलेश कुमार सिंह कंपनी को कार्य करने के लिए कहा गया, इसके बाद इस प्रोजेक्ट में पहले के मुकाबले काफी तेजी आई। अवलेश सिंह कंपनी का काम काबिले तारीफ है। उनकी कंपनी ने कम समय में बेहतर काम किया है। मार्च 2021 में बलिया-सहतवार तक करीब 18 किमी दोहरीकरण कार्य पूरा हो चुका है। इस खंड के बचे हुए हिस्से को पूरा करने के लिए ज्यादा जोर लगाना पड़ा। रेल खंड के कार्य की गुणवत्ता ठीक रही। अब ट्रेन के संचालन की अनुमति मिल चुकी है।

### सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर मिलेंगी महानगरों की सुविधाएं

मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पांडेय ने बताया कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्टेशन पर इस योजना के तहत सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएगी। प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले, पूछताछ खिड़की, एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए दिव्यांगों को रैप समेत जरूरी सुविधाएं। प्लेटफार्म दो पर यात्री शेड व बेंच, पंखे, पेयजल, शौचालय व प्रकाश आदि की व्यवस्था होगी। जो सुविधा महानगरों के रेलवे स्टेशनों पर मिलती है, वह सुरेमनपुर में बहाल हो जाएगी।

# राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की प्रमुख भूमिका

**बोले अश्वनी तिवारी**

## दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली में शिविर का आयोजन



**बलिया।** दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली सहतवार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में दोनों इकाई के शिविर आरती होने बाद प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में उगी हुई कटीली झाड़ियों एवं गंदगी को साफ किया।

बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर अश्विनी तिवारी ने बच्चों को अपने राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर शिक्षा दी। कहा कि युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियां होती है। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है।

इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर समीक्षा श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, पवन गुप्ता, तेज प्रताप सिंह, कुश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। आभार अवधेश त्रिपाठी ने व्यक्त किया। वहीं इसके पहले शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शिक्षाविद केशव सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी शिविरार्थी अनुशासित तरीके से गांव में जाकर एनएसएस के कार्ययोजना के अनुसार कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व में निखार आएगा।

### अपहृता बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**बलिया।** खेजुरी थाना पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद हुए एक अपहरण कर्ता को गिरफ्तार किया है। थाना खेजुरी के उपनिरीक्षक राघवराम यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त पवन बारी पुत्र राजकुमार बारी निवासी बलूपुर थाना खेजुरी को पचखोरा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद भी किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

## यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों पर लगाया उदासीनता का आरोप

**बैरिया (बलिया)।** रेलवे के उदासीनता के चलते दोहरीकरण का कार्य पूरा होने व नए ट्रैक पर गाड़ियों के परिचालन शुरू होने के बावजूद ट्रेनों के लेट लतीफी व कई ट्रेनों के कैंसिल होने से यात्री हलकान रहे। यात्रियों ने रेलवे के अधिकारियों पर यात्री हितों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि छपरा-औड़िहार के बीच चलने वाली अप-डाउन पैसेंजर ट्रेन व छपरा-वाराणसी के बीच चलने वाली अप-डाउन पैसेंजर ट्रेन के अलावा छपरा-लखनऊ अप-डाउन एक्सप्रेस,उत्सर्ग एक्सप्रेस अप-डाउन का परिचालन बुधवार को भी निरस्त रहा। जबकि डाउन स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पांच घण्टे बिलम्ब से चली। डाउन पवन एक्सप्रेस तीन घण्टे बिलम्ब से चली। जबकि डाउन पूर्वांचल एक्सप्रेस एक घण्टे लेट से चली। वहीं अप सद्भावना एक्सप्रेस तीन घण्टे बिलम्ब से, सारनाथ एक्सप्रेस एक घंटे बिलम्ब से, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस डेढ़ घंटा बिलंब से, सावरमती एक्सप्रेस भी एक घण्टे बिलम्ब से रवाना हुई। यात्रियों का कहना है कि सबकुछ ठीककाक होने के बावजूद ट्रेनों का परिचालन निरस्त किया जाना व ट्रेनों के लेट लतीफी रेलवे के अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करता है।

# लोक कल्याणकारी व सभी वर्गों के विकास का है बजट

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** अमृत काल का पहला आम बजट 2023-24 एक लोक कल्याणकारी बजट है। यह गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है।

उक्त बातें सांसद विरेंद्र सिंह मस्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। देश का 75वां आम बजट 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ाने पर जोर देने वाला बजट है। आम बजट 2023-24 का एजेंडा है, नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना, और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना।

कहा कि इस बजट की 7 सप्तर्षि प्राथमिकताएं हैं- समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती है। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है।

# मोटर पंप खोल ले गये चोर, लोगों में आक्रोश



चोरी हुआ मोटर पंप।

जनसंदेश न्यूज

**बेरुआरबारी।** थाना कोतवाली बांसडीह के बभनौली गांव में सोमवार की रात चोरों ने सुरेश यादव उर्फ व्यास का मोटर पंप खोल लिया। इसकी जानकारी प्रातः परिवार के सदस्यों को हुई। सुरेश यादव उर्फ फतेह व्यास का घर से लगभग 50 मीटर दूरी पर गेहूं की सिंचाई हेतु मोटर पंप लगाए थे जो चोरो ने खोल लिया। इससे पूर्व 27.8 .2022 को धनंजय पांडे एवं आशुतोष मिश्रा का रिफ्लेक्शन वाल एवं सेक्शन पाइप पंप चोरों ने खोल लिया था। वहीं राजकुमार यादव के ट्रैक्टर का बैटरी भी कुछ महीने पहले चोरों ने खोल लिया था। इसकी सूचना थाना कोतवाली बांसडीह में लिखित रूप से दी गई थी लेकिन आज तक उपरोक्त घटनाओं का पर्दाफाश पुलिस द्वारा नहीं हो सका। बार बार चोरी की घटनाएं होने से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इन सब घटनाओं की ओर आकृष्ट करते हुए इसके साथ ही जल्द से जल्द खुलासे की मांग की है।

## साहित्यकार के निधन पर शोक, दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** जाने माने साहित्यकार 70 वर्षीय कैलाश चौबे उर्फ मधुर नज्मी निवासी मोहम्मदाबाद गोहना, आजमगढ़ के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर जनपद बलिया के साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में विकास संस्कृति साहित्य अकादमी समिति बलिया के आनंदनगर कार्यालय पर डॉ. आदित्य अंशु की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई। डॉ. फतेहचंद बेचैन ने कहा कि मधुर नज्मी साहब विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर द्वारा विद्या वाचस्पति और विद्यासागर सम्मान से सम्मानित किए गए थे। कुछ पुस्तकों की भी रचना किए थे। अपने गीत और नगमा से शोहरत हासिल किए थे। शोक सभा में डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय, शेषनाथ विद्यार्थी, विनय यादव, सुदेश्वर अनाम, रमेश, डॉ. सुनील ओझा, डॉ. दिनेश ठाकुर, डॉ. नंदजी नंदा, रामाशंकर वर्मा, जितेंद्र त्यागी, राजेंद्र आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. आदित्य कुमार अंशु तथा संचालन डॉ. फतेहचंद बेचैन ने किया।

# बलिया से बरेली गयीं सौम्या अग्रवाल





**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल बलिया में एक साल भी पूरा नहीं कर पायीं। अब उनका स्थानांतरण बलिया से बरेली के लिये प्रभारी आयुक्त के पद पर हुआ है। इसको लेकर बलिया में नये जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के आगमन की चर्चा है। रविंद्र कुमार प्रथम विशेष सचिव आबकारी से बलिया के जिलाधिकारी बनाये गये है। वैसे सौम्या अग्रवाल के भाग्य के लिये ब शब्द खास मायने रखता है। क्योंकि सौम्या अग्रवाल बस्ती से बलिया आयी और उसके बाद बलिया से बरेली पहुंच गयी। वहां प्रभारी आयुक्त के पद पर उनका प्रमोशन हुआ है। सौम्या अग्रवाल ने 10 जून 2022 को बलिया में कार्यभार ग्रहण किया था। यानि कुल लगभग आठ महीने बलिया में रहीं। उन्होंने बाढ़, कटान, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया। बलिया में विकास की गति बेहतर हो उसको लेकर उनका बेहतर प्रयास रहा। आठ महीने में तीन बार सीएम के कार्यक्रम में शामिल हुई।

### योगी सरकार में बलिया में रहे ये कलेक्टर

2017 में योगी सरकार बनने के बाद पहले कलेक्टर के रूप में सुरेंद्र विक्रम 23 मई 2017 में बलिया के डीएम बने जो 18 मार्च 2018 तक रहे। उसके बाद भवानी सिंह खंगारौत आये उन्होंने 18 मार्च 2018 से लेकर एक नवंबर 2019 तक बलिया के डीएम रहे। इसके बाद श्री हरि प्रताप शाही तीन नवंबर 2019 से 13 फरवरी 2021 तक यहां के डीएम रहे। उसके बाद पहली महिला कलेक्टर के रूप में 20 फरवरी 2021 को अदिति सिंह आयी। जो छह जनवरी 2022 तक बलिया में रहीं। उसके बाद इंद्र विक्रम सिंह आये जो सात जनवरी 2022 से लेकर आठ जून 2022 तक रहे। उसके बाद सौम्या अग्रवाल ने 10 जून 2022 को कार्यभार ग्रहण किया।

### नितिन गडकरी के कार्यक्रम के बाद बरेली की प्रभारी आयुक्त बनीं सौम्या अग्रवाल

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के प्रमोशन की चर्चा उस समय प्रकाश में आयी जब उनका स्थानांतरण बरेली के प्रभार आयुक्त के पद पर हुआ। 27 फरवरी को चितबड़ागांव में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास समारोह था। जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के साथ सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएम सौम्या अग्रवाल और एसपी राजकरन नैयर की विशेष भूमिका रही। नितिन गडकरी के बलिया से जाने के बाद देर शाम जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल का प्रमोशन बरेली के प्रभारी आयुक्त के पद पर हुआ। इसके पहले भी यह चर्चा रही है कि जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल का प्रमोशन हो चुका है। बलिया के बाद वह मंडल में जाएंगी।

# अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत



**रसड़ा।** रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग स्थित सरदारपुर गोदाम नहर के समीप बुधवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही आस-पास के लोग मौके पर पहुंच गए घायल बाइक सवार युवक को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया प्राथमिक उपचार के दौरान बाइक सवार युवक को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के नींबू कबीरपुर गांव निवासी सोनू राजभर 27 वर्ष पुत्र राजदेव राजभर बुधवार की दोपहर अपने रिश्तेदारी से रसड़ा की तरफ से बुधवार की दोपहर आ रहा था अभी रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग स्थित सरदारपुर गोदाम नहर के समीप पहुंचा था कि तेज गति से जा रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार सोनू राजभर बाइक को लेकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

आस-पास के लोगों ने घटना देखकर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े देखा कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल पड़ा है मौजूद लोगों ने तुरंत आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पाते ही मृतक के परिवार के लोग समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और सोनू राजभर के शव देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे रोते-रोते परिवार के लोगों का बुरा हाल था। सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक ने किया सेनानी नमन यात्रा का शुभारंभ

**बैरिया।** अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक एवं समाजसेवी परशुराम सिंह ने बुधवार को सुबह से सेनानी नमन यात्रा का शुभारंभ अपने गांव जमालपुर से शुरू किया। अपने सहयोगियों व समर्थकों के साथ सबसे पहले वह गुवाहाटी में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के जवान दीपक कुमार बैठा की विधवा अनीता देवी से मिले और उनका हाल जाने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और उन्हें हर संभव हर परिस्थिति में सहयोग का आश्वासन दिया।

जमालपुर से पुनः परशुराम सिंह का काफिला दुर्जनपुर गांव में द्वितीय विश्वयुद्ध में राजपूत रेजिमेंट के शहीद सैनिक त्रिभुवन ओझा की विधवा पत्नी 95 वर्षीय अंबिका देवी से मिले। उनका हालचाल लिए और उनका चरण रज लेकर अंगवस्त्र से सम्मानित किए और आशीर्वाद लिए। सम्मान देख अंबिका देवी परशुराम सिंह से लिपटकर बिलख कर रो पड़ी। उन्होंने परशुराम सिंह को दिल खोल कर आशीर्वाद दिया। दुर्जनपुर से फिर उनका काफिला कर्णछपरा में वीरता के सेना मेडल से सम्मानित 21 ग्रेडियर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश कुमार सिंह के परिजनों से मिले। लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश कुमार सिंह इन दिनों अंबाला में तैनात हैं। उनके परिजनों को अंगवस्त्र से सम्मानित कर राजेश सिंह से मोबाइल पर बात किए। हाल-चाल के बाद उन्हें बताया कि मैं बलिया के विक्टोरिया पुरस्कार, वीर चक्र, कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र, एवं अन्य वीरता चक्र, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, परम विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल, विशिष्ट सेना मेडल प्राप्त जीवित अथवा वीरगति पाए जवानों के घर जाकर उनके द्वार की मिट्टी को प्रणाम करने उस मिट्टी को सिर पर लगाने का उद्देश्य लेकर निकला हूं, यह मेरी भावना है, जिसके अनुसार मैं इस अभियान में निकल पड़ा हूं।

अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक व समाजसेवी परशुराम सिंह के साथ उपेंद्र सिंह, श्रीराम सिंह, सूरज तिवारी, हरभजन मौर्य, वीरेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, विनय सिंह, दिनेश सिंह, विपिन मिश्र आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### 10 से 15 मार्च तक वाराणसी में बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**बलिया।** प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 15 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, वाराणसी में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल्स 03 मार्च को वीर लोरिक स्पोर्टस स्टेडियम में प्रातः 10 बजे एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 06 मार्च को सुखदेव पहलवान स्पोर्टस स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 09 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले जूनियर बालक हाकी खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2004 के बाद की हो। जिले के इच्छुक जूनियर बालक हाकी वर्ग के खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 10 से 15 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, वाराणसी में आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### 10 से 15 मार्च तक झांसी में बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**बलिया।** प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 15 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, झांसी में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सब-जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल्स 03 मार्च को वीर लोरिक स्पोर्टस स्टेडियम में प्रातः 10 एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 06 मार्च को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 09 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सब-जूनियर बालिका हाकी खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2008 से 31 दिसम्बर, 2009 के मध्य होनी चाहिये। जिले के इच्छुक सब-जूनियर बालिका हाकी वर्ग के खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 10 से 15 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, झांसी में आयोजित प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### 10 से 13 मार्च तक गोरखपुर में बालक हैण्डबॉल प्रतियोगिता

**बलिया।** प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, गोरखपुर में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जनपदीय चयन/ट्रायल्स 03 मार्च को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में प्रातः 10 बजे एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 06 मार्च को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले जूनियर बालक हैण्डबाल खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी, 2003 या उसके बाद की हो सभी चयन ट्रायलों में खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र, खिलाड़ियों की जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (हाईस्कूल सर्टिफिकेट/नगर निगम द्वारा जारी प्रमाण-पत्र) के साथ छाया प्रति सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्य से प्रमाणित साथ में लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक जूनियर बालक हैण्डबाल वर्ग के खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 10 से 13 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, गोरखपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में जिला खेल कार्यालय बलिया में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

### छात्रों को निःशुल्क वस्त्र, आवास, स्टेशनरी व औषधि का वितरण

**बलिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बस्तौरा रसड़ा में अध्ययनरत संवासी छात्रों को शासन द्वारा निःशुल्क भोजन, वस्त्र, आवास, स्टेशनरी एवं औषधि प्रदान किया जाता है। शिक्षण सत्र 2023-24 में (85 प्रतिशत ग्रामीण व 15 प्रतिशत शहरी क्षेत्र) कक्षा-6.7.8.9 एवं 11 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बस्तौरा-रसड़ा से प्रत्येक कार्य दिवस में 28 से 15 मार्च तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। प्रार्थना पत्र पूर्णरूपेण भर कर जमा करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च निर्धारित है। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा का आयोजन 27 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बस्तौरा रसड़ा में सम्पन्न होगा। कक्षा 11 में प्रवेश कक्षा-10 में प्राप्त प्राप्तांकों की मेरिट के अनुसार किया जायेगा।

# भूमि पूजन से हुआ आरडीएसएस पांच वर्षीय योजना का शुभारंभ



**बैरिया (बलिया)।** केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी आरडीएसएस योजना के अंतर्गत पूरे बैरिया तहसील क्षेत्र में जहां विद्युत खम्भे नहीं है। वहां गाड़े जाएंगे एवं क्षेत्र के सभी एलटी,एचटी जर्जर नंगा तारों को बदल कर केबलनुमा तार लगाए जाएंगे। बुधवार को क्षेत्र के बहुआरा गांव में आरडीएसएस पांच वर्षीय योजना का शुभारंभ किया गया। अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन किया, और भूमि पूजन के साथ ही एक विद्युत खम्भे को गाड़ कर योजना का शुभारंभ किया।

अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने कहा कि बन्द केबलनुमा तार से विद्युत चोरी तो रुकेगा ही बिजली से होने वाले हादसों में कमी आएगा। कहा कि तहसील बैरिया क्षेत्र में करीब 25 करोड़ रुपये इस योजना के तहत खर्च होना है। इस अवसर पर मोन्टी कार्लो लिमिटेड के डिप्टी प्रवन्धक सूर्यकांत अमादावरे ने कहा कि पूरे बलिया जनपद में इस योजना के तहत करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से जरूत के स्थानों पर विद्युत खम्भे लगाकर केबलनुमा तार खिंच कर बिजली पहुचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही जर्जर नंगा विद्युत तारों को बदलकर नया केबलनुमा तार लगाया जाएगा। कहा कि आने वाले समय मे अभी इस योजना का और विस्तार होगा जहां ट्रांसफार्मर की कमी है उक्त स्थान में ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे। इसके लिए अतिरिक्त धन भारत सरकार से मिला है। उक्त मौके पर डिवीजन इंचार्ज अमित मिश्र, अभियंता राहुल राय, मनोरंजन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी वाहन चालक घनश्याम मिश्र हुए सेवानिवृत

**बेल्थरारोड।** उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र अपने सरकारी वाहन के चालक घनश्याम मिश्र की सेवानिवृत होने के बाद मंगलवार की शाम थाना परिसर में आयोजित सादे समारोह के बीच कहा कि मानव की पूजा उसके अच्छे कर्मों से होती है। इस मौके पर मुझे दुःख हो रहा है कि एक नेक कर्मी हमसे आज जुदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि अल्प समय तक चालक मिश्र का उनका साथ रहा, लेकिन उनके चरित्र एवं कर्मों का वर्णन करते नहीं थके। उन्होंने अन्य पुलिसकर्मियों से भी चालक मिश्र के क्रिया कलापों से सीख लेने की नसीहत दी। अंत में निरीक्षक मिश्र ने चालक मिश्र को सुखद एवं सफल जीवन व्यतीत करने की ईश्वर से कामना की। चालक मिश्र ने अपनी सेवानिवृति के बाद अपने सहयोगी कर्मियों तथा अधिकारियों से जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना की। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक मिश्र ने विदाई के इस मौके पर चालक मिश्र को राम चरित मानस, अंग बस्त्र, इत्यादि प्रदान करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। क्रमशः सभी पुलिसकर्मियों ने भी मिश्र को माल्यार्पण किया।

# पूर्व विधायक ने विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** स्थानीय बालूपुर रोड स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान कक्षा 5 से कक्षा 10वीं तक के छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए एडवांस सिटी, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी, टायटेनिक, सोलर एनर्जी, टाइप्स ऑफ ट्रांसपोर्ट, ग्लोबल वार्मिंग, स्मार्ट सिटी, विद्युत उत्पादन, स्मार्ट विलेज, सेव इनवायरमेंट, वॉटर सायकल, सोलर सिस्टम, हास्पिटल, ट्रैफिक सिग्नल, वॉटर पाल्यूशन व वोलकानो सहित कुल 16 प्रोजेक्ट्स व मॉडल विज्ञान प्रदर्शनी मे लोगों के बीच आकर्षण के केन्द्र बनें रहें।



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते पूर्व विधायक संजय यादव।

प्रबंधक आरपी गुप्ता की अगुवाई मे मुख्य अतिथि नें विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए सभी प्रोजेक्ट्स के बारें मे विस्तृत जानकारी प्राप्त करतें हुए बच्चों से सवाल जवाब भी किया तथा उनका हौसला बढ़ाया।

मुख्य अतिथि संजय यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न अतिरिक्त गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी ही जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। कहां कि विद्यालय में सदैव ही ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, जिससे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की प्रतिभा में और भी संभावित वृद्धि किया जा सके। संजय जायसवाल, सत्येन्द्र राजभर, डॉ आशुतोष गुप्ता, संतोष गुप्ता, शोभन राजभर, राकेश गुप्ता नन्हें, क्षितिज प्रताप सिंह, अजीत पाण्डेय, एसके वर्मा, अरविन्द, अंजनी, एकलाक, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

अध्यक्षता डीके सर व संचालन दीपक सर ने किया।

## संक्षेप

### 11 से 18 मार्च तक बरेली में बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**बलिया।** प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 18 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय बरेली में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सब-जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता हेतु आजमगढ मण्डल की टीम हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल्स 03 मार्च को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में प्रातः 10 बजे एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 06 मार्च को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 09 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सब जूनियर बालिका फुटबाल खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2008 से 31. दिसम्बर 2009 के मध्य होनी चाहिये। जिले के इच्छुक सब-जूनियर बालिका फुटबाल वर्ग के खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 11 से 18 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, बरेली में आयोजित प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### मेरे शब्दों से पीड़ा किसी को पहुंची हो तो क्षमा कर देना

**दोहरीघाट, मऊ।** सरयू तट पर स्थित अन्तरराष्ट्रीय मातेश्वरी धाम पर चल रहे नौ दिवसीय अश्वमेघ महायज्ञ का समापन हो गया वही गुरू हे विदा होकर देश विदेश से आये उनके शिष्य रो पड़े तथा प्रसाद व गुरूदेव के चरणो मे मत्था टेक कर आशिर्वाद लेकर अपने घरों को लौट पड़े। सद्गुरू जी महाराज ने अपार मातृभक्तो को अमृत वचनो का रसपान कराते हुए कहा कि हमारे प्रवचन के दौरान अगर हमारी बाणी से किसी को ठेस पहुँची हो क्षमा कर देना जाते जाते हमें एक गुरूदक्षिणा भी दे देना कभी किसी का बुरा मत करना हमेशा भूखे को खाना खिला देना सदा परोपकार करना अपनी कमाई का कुछ अंश धर्मार्थ मे लगा देना माता पिता की सेवा करना कभी भी भाई को विपत्ति मे मत रहने देना सदा उसकी मदद करना। इस संसार मे माता पिता की सेवा ही करने सबसे बड़ी पूजा है। मेरी बातो को आत्मसात कर लो यही हमारी गुरू दक्षिणा है।

# एक इनामिया सहित छह अपराधी गिरफ्तार



**मऊ।** थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर वलीदपुर मोड़ से एक चार पहिया व एक दो पहिया वाहन सवार कुल 06 अभियुक्तो शुभम यादव पुत्र शिवप्रकाश यादव निवासी बदनपुर थाना मधुबन, लालू यादव उर्फ गोलू पुत्र सूर्यबली यादव सा0 कपारगढ़ थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़, सोनू यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी डिघवनिया मझुवा थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़, पंकज यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी मिश्रौली रामनिधि बभनौली थाना घोसी, रविन्द्र यादव पुत्र रमाकान्त यादव निवासी रसूलपुर थाना घोसी, अखिलेश यादव उर्फ गोलू पुत्र हरिनाथ यादव निवासी मुंगमास मठिया थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार कब्जे से एक तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 303 बोर, एक तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर, तीन अदद तमंचा व तीन अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व दो अदद खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक लालू यादव उर्फ गोलू पुत्र सूर्यबली यादव, थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 599/22 धारा 307,394,411,120 बी भादवि0 व मु0अ0सं0 610/22 धारा 307 में वांछित तथा जिसपर जिसपर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 76/23 धारा 307/ 411/ 413/ 414/420 भादवि0 व आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया तथा बरामद वाहनों को अन्तर्गत एमवी एक्ट सीज किया गया।

**कार्रवाई**

**कब्जे से पांच अवैध तमंचा व कारतूस, एक चोरी की मोटरसाइकिल तथा एक चार पहिया वाहन बरामद**

### मुख्तार अंसारी गिरोह का शूटर बृजेश सोनकर गिरफ्तार



**मऊ।** मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बंधा रोड हनुमान मंदिर के पास से मुख्तार अंसारी (आईएस 191) गिरोह का शूटर/हिस्ट्रीशीटर अपराधी बृजेश सोनकर पुत्र बच्चालाल सोनकर निवासी मठियाटोला थाना कोतवाली जनपद मऊ को पकड़कर उसके कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त के विरुद्ध मुअसं 75/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### सप्तदिवसीय विशेष शिविर में पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी का हुआ आयोजन




**मझौवां।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबेछपरा बलिया में चल रहे सप्तदिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की गतिविधि पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित रही। सर्वप्रथम स्वयंसेवियों ने मां सरस्वती को स्मरण करते हुए राष्ट्रगान और लक्ष्य गीत का समवेत गायन किया। इसके बाद पड़ाव स्थल प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर के परिसर व बाहर की जमीन पर पौधारोपण किया, जिसमें जामुन, अशोक, आम, अमरूद, गुड़हल व कनैला प्रमुख थे। गोष्ठी का शीर्षक ‍‍पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास था‍‍ गोष्ठी में स्वयंसेवी अर्जुन सिंह, आर्यन मिश्र, सुशील पाण्डेय, हर्षवर्धन सिंह, डौली ठाकुर, पलक सिंह एवं रानी तिवारी इत्यादि ने अपने-अपने विचार रखें। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी संजय मिश्र ने विषय वस्तु पर विस्तार से विचार रखा। इन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी में पर्यावरण की समस्या मानव जाति के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। स्थाई विकास के लिए पर्यावरण के घटकों का संरक्षण आवश्यक है। विकास और पर्यावरण में संतुलन के द्वारा ही हम सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकते है। साथ ही इन्होंने सभी स्वयंसेवियों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की। अन्त में प्राचार्य डॉ0 गौरी शंकर द्विवेदी के आशीर्वचन से गोष्ठी का समापन हुआ।

# रजतेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा में पहुंचे एसपी

**आस्था**

### बाबा मेलाराम में कथा के अंतिम दिन उमड़े भक्त



**दोहरीघाट, मऊ।** श्रावण मास के सरजू नदी से उत्पन्न रजतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा रुद्र पाठात्मक यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के सातवे व अंतिम दिन बाबा मेला राम मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत ज्ञान व रसपान कराते हुए संतोष जी महाराज ने बताया कि कृष्ण और सुदामा जैसा मित्र होना चाहिए सुदामा के जीवन में बहुत गरीबी थी लेकिन कभी किसी से अपने दुख दर्द को लेकर मागने की चेष्टा नही की।

श्रीरजतेश्वर महादेव का आचार्य श्याम पांडे आचार्य अश्वनी मिश्र कार्तिक त्रिपाठी, बंशीधर उपाध्याय व काशी से आए हुए विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोचार से प्राण प्रतिष्ठा हवन पूजन आहुति देकर यज्ञ की पूणार्हुति कर रजतेश्वर महादेव की स्थापना संपन्न कराई। श्री राजेश्वर महादेव स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतिम दिन जनपद मऊ के पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने पूरे विधि-विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती किया।

महंत मेलाराम आचार्य श्याम जी पांडेय श्रीमद भागवत कथा वाचक संतोष जी महाराज कार्तिक कार्यक्रम में लगे छोटे बड़े सभी युवाओं बच्चों से मुलाकात कर उनकी सराहना की।

मंदिर निर्माण के प्रथम दान दाता मंदिर के गर्भ गृह नीव में पूरा योगदान देने वाले मनोज साहनी भंडारे में सबके लिए प्रसाद बनाने वाले पाचू सोनकर झिनक साहनी दिनरात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष गुलाब चंद गुप्त सनोज साहनी, बृजेश साहनी, ओमप्रकाश सोनकर अजय गुप्ता संदीप गुप्ता गुलाबचंद संजय साहनी, मोनू साहनी, अजय गुप्ता गोलू, उज्ज्वल जायसवाल, हरिकेश गुप्ता उन्नति दिव्यांश गुप्ता आदि का उत्साहवर्धन किया।

### मार्च में आबकारी विभाग को 20 करोड़ का जुटाना हैं राजस्व

**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2022-2023 में आबकारी विभाग का लक्ष्य 718 करोड़ हैं ऐसे में अभी तक लगभग 80 प्रतिशत ही विभाग राजस्व प्राप्त किया हैं। अभी भी 20 प्रतिशत यानी लगभग 20 करोड़ से अधिक धनराशि विभाग को प्राप्त करना पड़ेगा। अब देखना यह होगा कि शराब की बिक्री से विभाग लक्ष्य की प्राप्ति कर पाता हैं या नहीं। वैसे बिहार में शराब बंदी से बलिया को भी उसका लाभ मिल रहा हैं। बिहार के सीमा पर स्थित शराब की दुकाने से आबकारी विभाग को जरूर फायदा मिल रहा हैं। जिले में कुल अंग्रेजी शराब की दुकानें 47 हैं और बियर की भी दुकाने 47 हैं। दो मॉडल शाप भी हैं। देशी की दुकाने कुल 141 हैं। अगले वर्ष 2023-2024 के लिए 4 देशी शराब की दुकानों को छोड़कर शेष सभी दुकाने पुनः रिनुअल हो चुकी हैं। मंगलवार को विकास भवन में छूटी हुई दुकानों में देशी, अंग्रेजी, बियर व भांग के दुकानों की ई-लाटरी भी हुई हैं इसमें कुछ दुकानदार नए भी शामिल हुए हैं। अभी विभाग ने पूरी तरह इस वर्ष का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाया हैं। वही अब नए वर्ष का लक्ष्य भी अधिक होगा। ऐसे में विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह इस वर्ष के लक्ष्य को कैसे पूरा कर पायेगी।

# टाटा स्टील द्वारा खिलाड़ियों व स्टेडियम के बाबत बढ़ेंगी सुविधाएं : प्रवीन कुमार



**मऊ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति जिमनास्टिक एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को टाटा स्टील के ऑल इण्डिया हेड ऑफ मार्केटिंग प्रवीन कुमार विल्सन पुर्ते ने किया। उसके पूर्व टाटा स्टील के शीर्षस्थ अधिकारियों द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर एथलेटिक्स खिलाड़ियों से मिलकर उनको प्रोत्साहित किया गया। खेलकूद विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए टाटा स्टील के ऑल इंडिया हेड आफ मार्केटिंग प्रवीन कुमार विल्सन पुर्ते ने स्कूली बच्चों के एथलेटिक्स खेल को देखकर कहाकि प्रतिभा किसी स्थान विशेष की मोहताज नहीं होती। आज ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों द्वारा इस तरह का प्रदर्शन काफी उत्साहवर्धक रहा है।

हेड आफ मार्केटिंग प्रवीन कुमार विल्सन पुर्ते ने अपनी बात रखते हुए कहाकि मैं खुद हॉकी खिलाडी रहा हूं। ऐसे में मेरे द्वारा निश्चित रूप से खिलाड़ियों के सुविधाओं के लिए विशेष प्रयास व आयोजन किए जाएंगे। टाटा स्टील के तरफ से चीफ सेल्स मैनेजर राहुल लाल, हेड आफ मार्केटिंग टाटा शक्ति एवं टाटा कोष अमृता गुप्ता जुठानी, हेड ऑफ सेल वैभव चतुर्वेदी व मैनेजर सचिन मिश्रा, लालबहादुर, रोहित कुमार शामिल रहें। प्रतियोगिता के प्रायोजक जायसवाल आयरन स्टोर रहे। आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट विक्रांत जायसवाल ने किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल द्वारा अधिकारियों का स्टेडियम में स्वागत किया गया। वहीं टाटा स्टील अधिकारियों द्वारा खेल खिलाड़ियों व अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया गया।


### पुलिस ने वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार



**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर में मंगलवार की शाम एक दुसाहसिक घटना में एक मुकदमे के वांछित को पकड़ने गये हल्का दारोगा एवं उनकी टीम पर वांछित ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस दुस्साहसिक घटना में दारोगा समेत एक सिपाही घायल भी हो गये। पुलिस ने वांछित को बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक ज्ञानचंद शुक्ल अपने हमराही सिपाही धीरज मौर्य, श्याम सिंह, महिला आरक्षी ज्योति सिंह के साथ क्षेत्र में निकले थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि नरायनपुर का एक वांछित अपराधी अपने घर पर मौजूद है। उपनिरीक्षक ने उसे पकड़ने की नीयत से उसके घर पहुंच कर उसकी घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया तो घर के अंदर दरवाजे के पीछे छिपे उक्त वांछित युवक राजकुमार चैहान उर्फ हैंडिल ने उनके ऊपर जान से मारने की नियत से चाकू लेकर हमला बोल दिया। इस हमले में उपनिरीक्षक की हथेली पर चाकू लग गया और खून बहने लगा, जिसके बाद पुलिस एवं वांछित में गुत्थमगुत्था होनी लगी, बीच में आये सिपाही धीरज मौर्य को भी चोट लग गयी। किसी तरह से पुलिस उस हमलावर को काबू में करके थाने ले आई। मामले में एसआई ज्ञानचंद शुक्ल की तहरीर पर पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य आईपीसी की धारा 307, 353, 504 एवं आर्म्स एक्ट 425 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उसे बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। घटना पर कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि युवक राजकुमार चैहान उर्फ हैंडिल शातिर चोर है, क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं में वांछित है। इसके ऊपर न्यायलय द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वारंट भी निर्गत हो चुका है।

# ससुराल गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

जनसंदेश न्यूज



गाजीपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के चौकिया गांव के समीप अनियंत्रित बाइक पलटने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना शादियाबाद निवासी कोमल बिंद (18) पुत्र पंचम बिंद अपने भाई के ससुराल चौकियां गांव के सुरेश बिंद के घर मंगलवार की शाम बाइक से आया था। बुधवार की भोर में वह वापस घर जा रहा था। गांव के बाहर खराब सड़क पर तेज रफ्तार में अनियंत्रित बाइक पलट गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। काफी समय बाद गांव के एक युवक ने एक तरफ बाइक और दूसरी तरफ खून से लथपथ एक युवक सड़क पर गिरा पड़ा है। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ घटना की छानबीन में जुट गई। इधर घटना की जानकारी होतें ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि युवक की मौत बाइक पलटने से हुई है।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

गाजीपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया। शहर कोतवाली के हुसैनपुर सकरा गांव निवासी सतीश कुमार बिंद (20) पुत्र महेंद्र बिंद फुल्लनपुर में अपने नाना-नानी के यहां रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार की रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया। वह अंदर से दरवाजा बंद कर सो रहा था। मंगलवार की सुबह परिजनों ने जब दरवाजा खुलवाया तो नहीं खुला। काफी देर दरवाजा खटखटाने के बाद जब नहीं खुला तो परिजन भयभीत हो गए। किसी अनहोनी की घटना को लेकर दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया। अंदर कमरे जब नजर दौड़ाई तो उसका शव फंदे से लटकता मिला। शहर कोतवाल तेजबहादुर सिंह ने बताया कि एक युवक ने आत्महत्या कर लिया है। पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के मुताबिक युवक पढ़ाई-लिखाई को लेकर तनाव में था। जिस वजह से ऐसा कदम उठाया होगा।

## पुलिस ने साइबर अपराधों के प्रति जनता को किया जागरूक

मरदह। साइबर अपराधों के दृष्टिगत उप निरीक्षक ओम प्रकाश यादव महिला कांस्टेबल वंदना शुक्ला, अर्चना यादव के द्वारा बिरनो भड़सर बाजार के चौराहे तिराहे पर नागरिकों को साइबर फ्राड के प्रति जागरूक किया एवं बिरनो भड़सर बाजार स्थित तिराहे पर आयोजित चौपाल में लोगों को जानकारी दी। आपात स्थिति में पुलिस सहायता हेतु 1930,1090,112 मोबाइल नम्बर पर पुलिस को कॉल कर पुलिस की सहायता लेने की जानकारी दी । बताया कि आम जनता की सुविधा एवं सहायता के लिए विभिन्न मोबाइल नम्बर है जिन पर आवश्यता अनुसार फोन करने पर पुलिस की सहायता उपलब्ध होती है । इस जानकारी से स्वयं अवगत होने के साथ ही दूसरों को जागरूक करे। किसी अज्ञात नम्बर से कॉल आने पर या ओटीपी मांगने पर किसी भी हाल में फोन करने वाले को विवरण नही बताए। ऐसी सावधानी से अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# बिजली कटौती बढ़ा रही चिंता

**परेशानी बढ़ी**

**छात्र पढ़ाई तो किसान सिंचाई के लिए हो रहे परेशान**

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। रौजा फीडर से हो रही अघोषित बिजली कटौती से छात्र और किसान परेशान हैं। बोर्ड की परीक्षा के दौरान बिजली नहीं मिलने से छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में बाधा आ रही है। वही किसान गेहूं की लहलहाती फसल की सिंचाई को लेकर चिंता में हैं।

रौजा पावर हाउस से करीब 50 गांवों में बिजली की आपूर्ति होती है। गांवो में बिजली निगम के 18 से 20 घंटा बिजली देने का दावा खोखला साबित हो रहा है।

इन गांवों में महज 12 से 16 घटे ही बिजली मिल रही है। बिजली रात में कब आती है और कब चली जाती है, पता नहीं चल पाता है। गर्म मौसम के कारण खेत में खड़ी गेहूं की फसल सिंचाई नहीं होने से चौपट हो रही है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे छात्रों की बिजली नहीं रहने से रात में पढ़ाई नही हो पा रही है।

> **बिजली कटौती से आ रहा व्यवधान**
> बिजली कटौती से परीक्षा की तैयारी में काफी व्यवधान हो रहा है। रात में बिजली देर रात के बाद आ रही है। दिन में भी दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कटौती हो रही है। रात में सात से 11 बजे तक बिजली मिलनी चाहिए।
> **आदर्श जायसवाल छात्र**

> गेहूं की अच्छी फसल पर बिजली कटौती भारी पड़ रही है। गर्मी बढ़ने से फसलों की सिंचाई की जरूरत है। कटौती से फसल की सिंचाई करने में दिक्कत आ रही है।
> **शिवराज निषाद किसान**

> तय रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति नही हो रही है। बिजली निगम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। परीक्षा के समय बिजली का हाल बदतर हो गया है।
> **लक्की कनौजिया छात्र**

> बोर्ड परीक्षा को लेकर बिजली की आपूर्ति में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है। छात्रों के भविष्य को देखते हुए यूपीपीसीएल को रात में कटौती बंद कर देना चाहिए। तैयारी प्रभावित हो रही है।
> **नित्यानंद यादव छात्र**

## बच्चों में पनीर युक्त स्वादिष्ट तहरी परोसा



उच्च प्राथमिक वि.बीकापुर स्थित बच्चों में दूध वितरित करते शिक्षक व रसोईया।

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय बीकापुर (1-8) शिक्षा क्षेत्र-सदर के बच्चों के लिए प्रत्येक बुधवार को दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है, इस बुधवार को दूध के साथ पनीर भी उपलब्ध करवाया गया। आज विद्यालय के प्राथमिक स्तर के 91 बच्चे एवं जूनियर स्तर के 87 बच्चे कुल 178 बच्चों को पनीर युक्त स्वादिष्ट तहरी परोसा गया। बच्चों ने पनीर युक्त तहरी का स्वाद चखा एवं गरमा गरम दूध पीये। जिलाधिकारी के इस नेक कार्य को लेकर क्षेत्र में चर्चा खास हो गई हैं।

जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जो कार्य विद्यालय के अंदर कायाकल्प से संबंधित कराए जा रहे हैं। सभी कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से विद्यालय एक माडल विद्यालय बन कर तैयार होने वाला है।

बच्चें काफी प्रफुल्लित एवं उत्साहित हैं। विद्यालय के शिक्षक भी आने वाले अगले सत्र के लिए अभी से तैयारी में जुट गए हैं। शिक्षकों को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अगले सत्र में नामांकन प्रतिशत बढ़ेगा।

## गांव के अस्पतालों को खुद इलाज की जरूरत

> **जिला अस्पताल में उपचार नहीं, रेफर का मिलता फरमान**

गाजीपुर। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी सेवा देने की मंशा को सरकारी मशीनरी द्वारा ही पलीता लगाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रो में दर्जनो अस्पताल होने के बावजूद ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही है। इन अस्पतालों में कहीं तो ताला लगा है, तो कही दवाइयों का अभाव है। वही जिला अस्पताल का हाल बेहाल है। यहां मरीजों को उपचार देने के बजाए रेफर करने पर ज्यादा जोर दिया जाता है, क्योंकि इक्का-दुक्का रोगों को छोड़ बाकी किसी भी रोग के विशेष डाक्टरों की कमी है। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो जिला अस्पताल में प्रतिदिन 800 से 1000 तक मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। उधर ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र गंदगी से अटे पड़े है। जिससे यहां मरीज आने बंद हो गए हैं। अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं का टोटा है।

# बाढ़ राहत धनराशि में घोटाला, मुकदमा दर्ज

**कार्रवाई**

**12 विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज**

गाजीपुर। रेवतीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में बाढ़ पीड़ित किसानों के धनराशि वितरण में बड़ा घोटाला सामने आया है। घोटाले में शामिल बारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। पुलिस मामलें की छानबीन में जुट गई है। रेवतीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव निवासी सन्तोष कुमार राय ने सेवराईं एसडीएम को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि बाढ़ के पानी से फसलों को हुए नुकसान में कृषि निवेश के तहत धनराशि का वितरण बिना सर्वे व नियमों को ताक पर रख कर किया गया है। बताया कि दस लोगों के खाते में एक लाख से उपर की धनराशि भेंज दी गई है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का निर्देश दिया। जिसमें शिकायतकर्ता के लगाए गए आरोप सही पाए गए। दोषी पाए गए लोगों पर राजस्व निरीक्षक राकेश प्रसाद राय ने थाने में तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व दस अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। रेवतीपुर थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

> **भूमिहीन किसानों के खाते में भेजी धनराशि**
> शिकायतकर्ता संतोष कुमार राय ने बताया कि पिछले साल बाढ़ के दौरान दौरान लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से फसलों की हुई क्षति व अनुमन्य कृषि निवेश धनराशि वितरण में व्यापक रूप से धांधली हुई थी। बताया कि जिन व्यक्तियो के नाम भूमि नहीं थी या जिन व्यक्तियों द्वारा बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्र में जितनी फसल की छति हुई है उससे अधिक भूमि का रकवा दिखाया गया था। उन्हें कृषि निवेश की धनराशि वितरित कर दिया गया था। जो अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही और घोटाले की मंशा को दर्शाता है। इधरर, प्रशासन कार्रवाई के बाद सभी लोगो से वसूली की तैयारी में जुट गई है।

> **राजस्व निरीक्षक और लेखपाल पर ऐक्शन**
> पिछले साल बाढ़ पीड़ित किसानों के धनराशि वितरण में एसडीएम के आदेश पर राजस्व निरीक्षक जयशंकर राम,लेखपाल चंद्रशेखर भारती सहित किसान चिरकूट, जयशंकर, मीना देवी, नितेश, प्रिया राय, प्रदीप, सुषमा, विमला, रामप्रतीप यादव, इन्द्रासन पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

# त्यौहारों को लेकर सीओ की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**बोले हितेंद्र कृष्ण**

**होली पर्व पर हुड़दंगई करने वालों पर होगी सख्ती**

जनसंदेश न्यूज



भांवरकोल थाना में पीस कमेटी की बैठक लेते सीओ हितेंद्र कृष्ण।

भांवरकोल। स्थानीय थाना परिसर में आने वाले पर्व होली को देखते हुए शांति समिति की बैठक सम्पन्न की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद हितेंद्र कृष्ण ने क्षेत्र में त्योहारों को मनाने के ढंग की समीक्षा करते हुए गणमान्य नागरिकों से जानकारी और सुझाव लिए।

इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपील की कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाये किसी भी प्रकार के उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों ना हो किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले शरारती तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी, त्यौहार के दौरान शराब आदि का सेवन कर हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि सभी होलिका दहन के स्थानों को चिन्हित कर उनकी समस्याओं का तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण करें। त्यौहार मनाने में खलल डालने बाले लोगों की सूचना तत्काल थाने में देने की बात कही। इस मौके पर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय, उपनिरीक्षक ओंकार तिवारी, मनोज मिश्रा राम अजोर यादव ,अतुल कुमार सिंह, अजय कुमार ,अंबुज मिश्रा आदि रहें।

## डाटा की वर्गवार सूची महाविद्यालय की वेबसाइट पर करे अपलोड

गाजीपुर। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन करने वाले छात्र- छात्राओं को महाविद्यालय प्रशासन ने बताया है कि सस्पेक्ट डाटा की वर्गवार सूची महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सूची के अनुरूप वांछित अभिलेखों के साथ छात्र-छात्राएं शीघ्राति-शीघ्र स्टेटस के साथ अभिलेख महाविद्यालय में जमा कर दें। समय से जमा न करने पर विलम्ब की पूरी जिम्मेदारी छात्र छात्राओं की स्वयं की होगी। प्राचार्य, प्रोफेसर डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को निर्देशित है कि स्कूटनी के लिए डाक्यूमेंट्स की आवश्यकता है। उसके साथ स्टेटस महाविद्यालय के अलग-अलग कलेक्शन केंद्रों पर जमा कर दें। सामान्य वर्ग के विद्यार्थी पर्यावरण विभाग में फॉर्म को जमा कर सकते हैं। वहीं माइनॉरिटी ,शेड्यूल कास्ट, शेड्यूल ट्राइब वर्ग के छात्र केमिस्ट्री विभाग में अपने सस्पेक्ट फॉर्म को जमा कर सकते हैं। ओबीसी का फॉर्म बॉटनी विभाग में जमा किया जा रहा है।

## बैंकर्स शासन के निर्देशानुसार करें कार्य : जिलाधिकारी



रायफल क्लब सभागार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में डीसीसी एवम डीएलआरसी की बैठक रायफल क्लब सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा प्रायोजित विभिन्न रोजगार परक योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी योग्य खाताधारकों को सामाजिक सुरक्षा योजना से आच्छादित करने हेतु कैम्प मोड में कार्य करने तथा आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने ऋण जमानुपात में वृद्धि हेतु बड़े ऋण आवेदनों के निस्तारण हेतु निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक शिव शंकर ने बताया कि पीएमईजीपी, युवा स्वरोजगार जनपद ने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बैंक अधिकारियों को फिशरीज केसीसी, पशुपालन को प्रमुखता से स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वनिधि योजना में और अधिक आवेदन करने हेतु डूडा को निर्देशित किया तथा बैंकों में लंबित आवेदनों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता,डीसी,लीड बैंक मैनेजर शिव शंकर, उप निदेशक कृषि अतिंद्र सिंह,जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह, आरबीआई, डीडीएम नाबार्ड तथा सभी बैंकर्स उपस्थित रहे।

## चीनी लदा ट्रक पलटा सड़क क्षतिग्रस्त



दिलदारनगर कस्बा के वार्ड नं 6 में सड़क पर पलटी चीनी लदी ट्रक।

जनसंदेश न्यूज

दिलदारनगर। नगर पंचायत के वार्ड नं 6 बेसिक प्राइमरी पाठशाला के समीप छमता से अधिक चीनी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिससे सड़क व नाली क्षतिग्रस्त हो गया जबकि चालक बाल बाल बच गया। इसको को लेकर राहगीरों की भीड़ लग गई।मालूम हो कि बरेली से चीनी लेकर दिलदारनगर कस्बा से होकर गोदाम की तरफ जा रही थी अचानक चालक की लापरवाही से वार्ड नं 6 ट्रांसफार्मर के पास चीनी लदी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई जिससे सड़क व नाली छतिग्रस्त हो गया।

इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार पांडये ने बताया कि नो एंट्री में चीनी लदी ट्रक नगर में घुस गई और अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे राजस्व वसूली किया गया।

## श्री चित्रगुप्त वंशीय सभा की बैठक सम्पन्न, होली मिलन की बनी रणनीति

गाजीपुर। श्री चित्रगुप्त वंशीय सभा ददरी घाट की कार्यकारिणी एवं विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों की बैठक स्थानीय ददरी घाट स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर के सभागार में संपन्न हुई। होली मिलन समारोह 12 मार्च को शाम 7:00 बजे से कराने का निर्णय लिया गया है। मंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर देश के विख्यात कवियों एवं शायरों की सहभागिता से एक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया जाएगा। राष्ट्रीय कवि मंच संचालक हरि नारायण हरिश के नेतृत्व में संपन्न होगा। बैठक में प्रमुख रूप में आनंद शंकर श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, शिव शंकर सिन्हा, प्रमोद सिन्हा ,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, विभोर कुमार, संतोष श्रीवास्तव, प्यारे मोहन, रवि श्रीवास्तव, मुनेंद्र श्रीवास्तव ,अरविंद श्रीवास्तव झुन्ना ,विनय कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार राजू, आनंद वर्मा, अंजनी श्रीवास्तव, रंज्जन श्रीवास्तव, जेपीएन श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे ।

# चिप्स और पापड़ संग शुरू हुआ होली का उल्लास

## बाजारों में भी चिप्स और पापड़ की बिक्री शुरू

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। होली का त्योहार नजदीक आते ही घर-घर चिप्स, पापड़ में बनाने गृहिणियां जुट गई हैं। इसके साथ ही होली पर्व का उल्लास शुरू हो गया है।

महिलाएं त्योहार की खुशियां दोगुनी करने में जुटी हैं। होली का त्योहार 8 मार्च को मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजारों में भी चिप्स व पापड़ की बिक्री शुरू हो गई है। लेकिन महिलाएं इन चीजों को घर में बनाना ज्यादा पसंद कर रही हैं। अधिकांश घरों में महिलाएं दूसरे काम छोड़ आंगन, छतों पर पूरे दिन चिप्स पापड़ तैयार करने में जुटी नजर आ रहीं हैं।

कई महिलाएं व युवतियां मिलकर काम करती हैं और हंसी- ठिठोली के बीच माहौल खुशनुमा हो जाता है। महिलाएं एक से बढ़ कर एक नायाब तरीके के खाद्य सामाग्री तैयार करने में जुटी है, इसमें आलू के साथ चावल, मैदा, सूजी, साबुदाना के पापड़ विभिन्न तरह के मसालों के साथ बनाया जा रहा हैं।



भाग्यमनी राय।



गायत्री सिंह।

**बोली गृहणी**

> बाजार में आलू 50 से 55 रुपये का पांच किलो मिल रहा है। जबकि तैयार सामान काफी महंगा है। ऐसे में घर में ही बनाने में फायदा है।
> **गायत्री सिंह फुल्लनपुर**

> होली पर पापड़ और चिप्स बनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। अब तो बाजारों में सब कुछ तैयार मिलता है लेकिन घर की चीजों का स्वाद ही अलग है।
> **भाग्यमनी राय चंदनवाहा गाजीपुर**

## संक्षेप

### जखनिया में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

जखनिया। होली त्यौहार मनाने के लिए भुड़कुड़ा कोतवाली में उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने पीस कमेटी की बैठक कर लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से पवित्र त्यौहार होली के साथ ही शब ए बारात त्यौहार को संपन्न कराने के लिए सहयोग मांगा । कहा कि होली त्यौहार वर्ष में एक बार आने वाला पारंपरिक त्यौहार है ।इस त्यौहार की खूबियों को गिनाते हुए कहा कि सभी लोग मिलकर आपस में धूमधाम के साथ मनाएं त्यौहार , पुराने सभी सिकवा को भूलकर रंग ,अबीर , गुलाल खेले होलिका दहन में प्रदूषण फैलने वाले टायर प्लास्टिक बोरी बोरा कदापि न डाले । जिसके धूंवा से अस्थमा जैसी बीमारी होने का खतरा बना रहता है ।होलिका दहन में सूखी लकड़ी व गोबर के उपले से ही जलाएं शराब पीकर हुड़दंग ना करें, विवाद होने पर स्वंय निर्णय न लेकर पुलिस को सूचना दे। त्यौहार में जो लोग शामिल नहीं होना चाहते हैं वे लोग घरों के अंदर ही रहे ।वैसे पुलिस द्वारा गांव व बाजारों में अभियान चलाकर गश्त बढ़ाकर मनचलों को चिन्हित किया जा रहा है । बताया कि क्षेत्र के भुडकुडा कोतवाली के अंतर्गत 87 व शादियाबाद के 144 व बहरियाबाद में 70 चयनित स्थलों पर होलिका दहन कराया जाएगा । मौके पर कोतवाल तारावती व हीरामणि यादव उप निरीक्षक रामाश्रय यादव, गोविंद मौर्य, व्यापारी नेता प्रमोद वर्मा ,उमाशंकर यादव, अवधेश यति ,पीयूष सिंह, इंद्र देव कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, दयाशंकर तिवारी, धर्मदेव यादव, राजू यादव ,राम लखन यादव, यासीन अली, फारुख अंसारी , आमिर टेलर, अनवर सहित पुलिसकर्मियों व काफी संख्या में संभ्रांत नागरिक रहे।

### आज किसान महासभा संग गरजेंगे भाकपा कार्यकर्ता

गाजीपुर। अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा (माले) गरीबों के ऊपर हो रहे पुलिसिया दमन और ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ गुरुवार को कामरेड सरजू पांडेय पार्क में धरना -प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें करन्डा थाने में किसान महासभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सदानंद पटेल को फर्जी मुकदमे में चालान करने तथा एपवा जिला सह सचिव मंजू गोंड से अभद्र व्यवहार कर थाने से भगाने वाले थाना प्रभारी को बर्खास्त करने के साथ ही, धुस्का गांव के मदनचंद मुसहर टेढवा के नंदलाल मुसहर के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को प्रमुखता से उठाया जायेगा। इस आशय की जानकारी सदर प्रभारी योगेन्द्र भारती ने दी।

### एटीएम न होने से यात्री परेशान

गाजीपुर। सिटी रेलवे स्टेशन पर एटीएम न होने से यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ती है। रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा के प्रयास से सिटी रेलवे स्टेशन से दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, मुम्बई, मां वैष्णोदेवी कटरा, सूरत तथा गुवाहाटी के लिए ट्रेन सुविधा उपलब्ध होने के बाद यात्रियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में भी इजाफा हुआ है। लेकिन यात्रियों को अब कैश के लिए स्टेशन पर एटीएम नहीं होने से इधर-उधर भटकते रहते है। एटीएम न होने से पैसा निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पहुंचे यात्री बृजविहारी पांडेय, अशोक, वरुण शर्मा, अनिल सिंह आदि का कहना है कि सिटी रेलवे स्टेशन पर एटीएम लग जाता तो काफी सहूलियत हो जाती।

### नाले में कूड़ा फेंक उड़ा रहे स्वच्छता अभियान की धज्जियां

गाजीपुर। शहर के साथ लगते गांवो में आजकल संपूर्ण स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नगरपालिका कर्मी यहां खुले स्थान पर प्रतिदिन कूड़ा फेंक रहे हैं। इस कारण वातावरण दूषित हो रहा है। कूड़े की मात्रा इतनी अधिक हो चुकी है कि अब कूड़ा सड़क पर फैलने लगा है। इससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को नाक पर रूमाल रखकर गुजरना पड़ रहा है, लेकिन न तो नगर परिषद और न ही जिला प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है। कूड़े के ढेर के कारण गंभीर बीमारियां फैलने का भय भी बन गया है। इस स्थान पर कूड़े के साथ कुछ लोग गृह निर्माण के दौरान निकल रहे मलबे को भी फेंक रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

दिलदारनगर। थाना क्षेत्र के उसियां हाल्ट स्टेशन के पश्चिम मे किमी 694/27 के बीच बुधवार की सुबह अप लाइन में रेल पटरी में किसी ट्रेन की चपेट में आने से लगभग 32 वर्षिय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। स्टेशन की सूचना पर मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तस्दीक में जुट गयी। थाना निरीक्षक प्रभारी अशेष नाथ सिंह ने बताया कि मृतक के पास पहचान की कोई सबूत नही मिला है स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान में जुट गयी।


### दुकान में लगी आग

जखनिया। क्षेत्र के परसपुर गांव स्थित भाऊपुर में रामवृक्ष राम की किराना की दुकान में अचानक आग लगने से तेज धुआं निकलते देख लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने किसी तरह बाल्टी के पानी बालू मिट्टी से आग को बुझाया। तब तक दुकान के अंदर हजारों रुपए का सामान विक्री के नगदी हजारों रुपए व काउंटर आदि जलकर राख हो गए। जिसकी चिंगारी से पास में ही दिव्यांग साधु राम व चंदन कुमार की आवासी मडई में भी आग लगने से दिव्यांग साइकिल व खाद्यान्न जलकर राख हो गए लोगों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी।

### विभागाध्यक्ष बिना अवकाश न छोड़े मुख्यालयः डीएम

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार/भारत सरकार से प्राप्त बजट का इसी वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत शासनादेशानुसार/नियमानुसार उपभोग करने एवं विभिन्न योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के दृष्टिगत जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयध्यक्ष को निर्देशित किया है। अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी अधिकारी/कर्मचारी का किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न किया जाय। साथ ही कोई भी अधिकारी बिना अधोहस्ताक्षरी के अनुमति प्राप्त किये मुख्यालय नही छोड़ेगे।

### अंजली सिंह सेना में कमीशंड आफिसर बनी,गांव में खुशी



सेवराई। बेटियां अब किसी भी मायने में किसी बेटे से कम नहीं है। अगर बेटियों की परवरिश बेटा के तरह करते हुए सही शिक्षा दी जाए तो वह बेटों की तरह हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकती हैं। इस बात को साबित करते हुए सेवराई तहसील के कर्मनाशा नदी के तटवर्तीय छोटे से गांव रायसेनपुर गांव की एक बिटिया ने सेना में कमीशंड ऑफिसर बनी इस बिटिया की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र के लोग फूले नहीं समा रहे हैं। सेवराई तहसील के भदौरा ब्लाक अंतर्गत रायसेनपुर गांव निवासी रमेश कुमार सिंह की पुत्री अंजली सिंह सेना में बतौर लेफ्टिनेंट शामिल हुई है। अंजली एक मार्च 2023 को आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित 53वी कमिशिनिग सेरेमनी में लेफ्टिनेंट के रूप में सेना में शामिल हुई है। वह एक उच्च सैन्य अधिकारी एवं आईएफएमसी पुणे के डीन एवं कमांडेंट भी है। अंजली सिंह की प्रारंभिक शिक्षा आर्मी स्कूल से हुई। तत्पश्चात उन्होंने आई एफ एम सी पुणे से 4 वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया। अंजलि के इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है अंजलि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ भाई बहनों को दिया। वही फोन से हुई वार्ता में अंजली सिंह के पिता रमेश सिंह ने अपने बिटिया की इस सफलता पर कहा कि मैं कभी भी अपनी बेटी और बेटा में कोई भेदभाव नहीं किया ।आज मेरी बिटिया की यह सफलता मेरे परिवार और गांव के लिए ही नहीं बल्कि जनपद के लिए गर्व की बात है।

## जनसंपादकीय

# चमकीली होती सोने की चमक

**सतीश सिंह**



आजादी के 75 सालों में सोने की कीमत आसमान पर पहुँच गई है. भारत जब आजाद हुआ था, तब 10 ग्राम सोने की कीमत 88.62 रुपए थी और वर्ष 1964 में इसकी कीमत और भी कम होकर 63.25 रुपए के स्तर पर पहुँच गई थी. इसतरह, सोने की कीमत 75 सालों में चंद रुपयों से आगे बढ़ते हुए 50 हजार रुपए से भी अधिक के स्तर पर पहुँच गई है. आज 10 ग्राम सोने की कीमत 58 हजार रुपए हो गई है. आजादी के समय दिल्ली से मुंबई के हवाई मार्ग के किफायती वर्ग का किराया 140 रुपए था, जो उस समय के 10 ग्राम सोने की कीमत से लगभग दोगुनी थी. आज इस स्थिति में आमूलचूल बदलाव आ गया है और हवाई जहाज का किराया 10 ग्राम सोने की कीमत से कई गुणा कम हो गई है।

भारत में सोना इतना ज्यादा सोणा इसलिए है, क्योंकि भारत में महिलायें सोने के प्रति दीवानी हैं और यह दीवानगी अनादिकाल से है. प्राचीनकाल में तो स्त्रियों के साथ-साथ पुरुष भी सोने के गहने पहना करते थे. इसके प्रमाण हड़प्पा और मोहनजोदाड़ो काल के अवशेषों में मिले हैं. उस कालखंड में पुरुष और महिलायें दोनों सोने के गहने पहना करते थे।

मई 2022 में हड़प्पा कालीन राखीगढ़ी में हुई खुदाई में भी सोने के कड़े, बाली आदि आभूषण मिले थे, जिन्हें पुरुष पहना करते थे. खुदाई में स्त्रियों द्वारा पहनी जाने वाली चूड़ियां, हार, अंगूठी, झुमके आदि भी मिले हैं. स्त्री और पुरुष द्वारा पहने जाने वाले गहनों के खुदाई में मिलने से यह साबित हो जाता है कि सोने के गहनों को लेकर भारतीय सदियों से आसक्त रहे हैं। भारतीयों के रहन-सहन, सभ्यता-संस्कृति आदि में सोना इस तरह से रचा-बसा है कि इसके बिना उनका जीवन अधूरा है. ऋग्वेद जैसे प्राचीनतम ग्रन्थ में सृष्टि की उत्पत्ति हिरण्यगर्भ नामक सोने के अंडे रूपी बीज से होना माना गया है. यह इस बात का सबूत है कि भारतीयों का जीवन सोने के बिना अधूरा है।

**भारत के मंदिरों में भी अकूत सोना जमा है. इस संबंध में डब्ल्यूजीसी ने वर्ष 2020 में एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके अनुसार लगभग 4 हजार टन से अधिक सोना भारत के मंदिरों में जमा है।**

भारतीय स्त्रियों के लिए सोना उनके लिए सिर्फ गहना नहीं है, बल्कि उनके सुहाग, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है. हिंदू धर्म के 16 संस्कारों अर्थात जन्म से मृत्यु तक में सोने का लेनदेन किया जाता है। बच्चे के जन्म के समय उसे कमर में काले धागे के साथ सोने की लटकन पहनाई जाती है। यज्ञोपवीत संस्कार के समय भी सोने के गहने बच्चे को पहनाया जाता है, घर में पहली बार प्रवेश करने पर सास अपनी बहू को सोने के जेवर सौगात में देती है। इतना ही नहीं, मृत्यु के समय भी ब्राहमण को दान में सोना दिया जाता है।

इसतरह, किसी भी शुभ मुहूर्त में, शादी, त्योहार या फिर मृत्यु के समय सोने की खरीददारी की जाती है, जबकि पश्चिमी देशों में ऐसा नहीं होता है. वहां के लोग शादी में बहुत सारे गहने नहीं पहनते हैं. न ही वहां, गिफ्ट में सोने के जेवर या सोना देने का चलन है।

अमेरिका और यूरोप में शादी में सिर्फ सोने की रिंग दी जाती है, जो 9 या 12 कैरेट की होती है, जबकि भारत में शादी में 22 या 24 कैरेट का सोना जेवर के रूप में लड़की और लड़के को दिया जाता है. आजकल शादी में सोने की बिस्किट भी सौगात में दी जाती है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) द्वारा मई, 2020 में जारी किये गए एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय महिलाओं के पास लगभग 24 हजार टन सोना है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा सोने का खजाना माना जा सकता है. डब्ल्यूजीसी के मुताबिक भारतीय महिलाएं दुनिया के कुल स्वर्ण भंडार का 11 प्रतिशत हिस्सा आभूषणों के रूप में पहनती हैं, जो विश्व के शीर्ष 5 देशों के कुल सोने के भंडार से अधिक है. आज अमेरिका के पास 8,000 टन, जर्मनी के पास 3,300 टन, इटली के पास 2,450 टन, फ्रांस के पास 2,400 टन और रूस के पास 1,900 टन सोना है. दक्षिण भारत के राज्यों की देश के कुल गहने की खरीदारी में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जिसमें से अकेले तमिलनाडु की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है।

भारत में फिल्मों की नायिकायें, बड़े कारोबारी या कोपोरेट्स घराने या फिर राजे-रजबाड़ों के वारिसों की बहु-बेटियां शादी या किसी भी त्यौहार या किसी भी पार्टी या कार्यक्रम में महंगे सोने के जेवरात पहनना पसंद करती हैं. इसी वजह से आज शादी-विवाह में अरबों-खरबों रुपए सोने के जेवर खरीदने में खर्च किये जा रहे हैं. शादी के मौसम में या दीवाली में या फिर अक्षय तृतीया में सोने या सोने के गहनों की जमकर खरीददारी की जाती है, क्योंकि आजकल सौगात में सोना या सोने के जेवर देने का चलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

भारत के मंदिरों में भी अकूत सोना जमा है. इस संबंध में डब्ल्यूजीसी ने वर्ष 2020 में एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके अनुसार लगभग 4 हजार टन से अधिक सोना भारत के मंदिरों में जमा है। उदहारण के तौर पर केरल के पद्मनाभ स्वामी मंदिर में 1,300 टन सोना जमा है, जबकि आंध्रप्रदेश के तिरुपति मंदिर में लगभग 300 टन सोना जमा है।

चूँकि, भारत सोने की मांग की घरेलू आपूर्ति खुद से करने में असमर्थ है, इसलिए भारत को घरेलू जरुरत को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता है. आज भारत घरेलू जरुरत को पूरा करने के लिए स्विट्जरलैंड से 45.8 प्रतिशत, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से 12.7 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका और गिनी से 7.3 प्रतिशत और पेरू से 5 प्रतिशत सोने का आयात करता है. मौजूदा समय में सोना खरीदने के मामले में दुनिया में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर आता है, लेकिन भारत में सोने की मांग जिस तरह से लगातार बढ़ रही है, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जल्द ही भारत मामले में चीन को पछाड़ कर-के दुनिया में सबसे अधिक सोना खरीदने वाला देश बन जायेगा.

भारत में सोने के उपयोग में निरंतर इजाफा हो रहा है. सोने की आयात में आई तेजी की वजह से देश के व्यापार घाटा में भी इजाफा हो रहा है साथ ही साथ रुपया भी अमेरिकी डॉलर की तुलना में कमजोर होता है. दुनिया में सबसे मजबूत करेंसी अमेरिकी डॉलर है.

इसलिए, दुनिया के लगभग सभी देश आयात करने के लिए दूसरे देश के कारोबारियों को डॉलर में भुगतान करते हैं।

फिलवक्त, रूस और यूक्रेन के बीच में चल रहे युद्ध और आसमान छूती मंहगाई की वजह से रुपया लगातार कमजोर हो रहा था और रुपए को कमजोर करने में सोने के बढ़ते आयात की भी बड़ी भूमिका है. इस वजह से जुलाई, 2022 में रुपए में आ रही कमजोरी को रोकने के लिए और सोने के आयात को कम करने के लिए सोने पर आयात शुल्क को 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया था. यह इसलिए भी जरुरी था, क्योंकि वित्त वर्ष 2021-22 में देश में सोने के आयात में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी और सोने के कुल आयात की कीमत लगभग 37,44 अरब रुपए हो गई थी।

पड़ताल से साफ है कि भारत में आने वाले दिनों में सोने की मांग में और भी इजाफा होगा और इसकी मांग में बढोतरी होने से इसकी कीमत में भी वृद्धि होगी. मौजूदा हालात में आयात शुल्क में बढ़ोतरी भी सोने के आयात को रोकने में समर्थ नहीं है, क्योंकि भारत में सोने को लेकर आमजन पागल हैं. इसे भारत के लोग निवेश नहीं मानते हैं. यह भारतीय स्त्रियों की धमनियों में बहने वाले खून के समान है, जिसे शिराओं से बाहर कभी भी नहीं निकाला जा सकता है.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 8294586892 )**

# पाक की मदद से पहले सोचे भारत

**समय- संदर्भ**

**आर.के. सिन्हा**



पाकिस्तान में आजकल भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गया है। बेरोजगारी, अराजकता और कठमुल्लों की करतूतों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। यह स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है। अब हमारे यहां के कुछ उदारवादी यह कह रहे हैं, कि भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान की मदद करे। भारतीय गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत कह रहे हैं कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के अंत में किसी समय पाकिस्तान की ओर शांति का हाथ बढ़ाएंगे और पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश की मदद करेंगे। अब इन महानुभावों से पूछा जाना चाहिए कि जो मुल्क भारत पर 1948, 1965, 1971 और फिर कारगिल पर हमला कर चुका हो उसको लेकर इतना उदारता का रवैया अपनाने का क्या मतलब है। उसी पाकिस्तान की तरफ से मुंबई में 2008 में भीषण आतंकी हमला हुआ। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गया। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और मुंबई में कई स्थानों पर अचानक हमला कर दिया। 28 नवंबर तक ताज होटल को छोड़कर सभी हमले किये गए स्थलों को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया था। अगले दिन, एनएसजी कमांडो ने होटल में प्रवेश किया और आतंकवादियों को मार गिराया। पर उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जानें गईं और हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पाकिस्तान सरकार और उसकी धूर्त सेना का संरक्षण हासिल है। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को याद कर लें। पाकिस्तान की सरपरस्ती में सरहद पार से आए जेहादियों ने भारतीय सेना के पठानकोट तथा उरी के ठिकानों पर सुनियोजित हमले किए।

हमारे यहां से पाकिस्तान को मदद देने की मांग भले ही हो रही है, पर क्या पाकिस्तान ने भारत से किसी तरह की कोई गुजारिश की है? अबतक तो नहीं। वहां के यूट्यूब चैनलों को देख लें। सब भारत तथा हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगलते हुए मिल जाएंगे। अब भी वहां पर भारत विरोधी शक्तियां हावी हैं। पाकिस्तान के खून में भारत तथा हिन्दू विरोध है। पाकिस्तानी सेना कभी भारत के साथ मैत्री नहीं करना चाहेगी। वहां की सेना पर किसी का जोर नहीं है। पाक सरकार का भी नहीं आप पाकिस्तान आर्मी के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाल लें। पता चल जाएगा कि वह किस हद तक भारत विरोधी रही है। पाकिस्तानी सेना पर पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। ये भारत विरोधी है। इसके अलावा, पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में इस्लामिक कट्टरपन सबसे ज्यादा है। वहां पर हर इंसान अपने को दूसरे से बड़ा कट्टर मुसलमान साबित करने की होड़ में लगा रहता है। इस परिप्रेक्ष्य में इस बात की उम्मीद करना नासमझी होगा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत से संकट की घड़ी में किसी तरह की कोई मांग होगी। आखिर हम क्यों बिना वजह उदारवादी बने रहते हैं? किसने हमसे उदारवादी होने के लिए कहा है? हम तो पाकिस्तान मूल के सिंगर अदनान सामी को पदमश्री पुरस्कार तक से सम्मानित करते हैं। सामी श्रेष्ठ गायक हैं। लेकिन उनका इतना सा ही परिचय नहीं है। वे दरअसल पुत्र हैं एक उस पाकिस्तानी एयर फोर्स के फाइटर पायलट के, जिसने भारत पर 1965 की जंग में भारत के विभिन्न इलाकों पर बम बरसाए थे। उनका नाम था फ्लाइट लेफ्टिनेंट अरशद सामी खान। उन्हें पाकिस्तान आज भी अपना सबसे जांबाज फाइटर पायलट मानता है। उनका उल्लेख पाकिस्तान एयरफोर्स की वेबसाइट में भी किया गया है। उनकी कथित बहादुरी का बखान करते हुए कहा गया है, ₹ फ्लाइट लेफ्टिनेंटअरशद सामी खान ने भारत के खिलाफ 1965 की जंग में शत्रु (भारत) का एक लडाकू विमान,15टैंकों और 12 वाहनों को नष्ट किया। वे रणभूमि में विपरीत हालतों के बावजूद शत्रु की सेना का बहादुरी से मुकाबला करते रहे। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अरशद सामी खान को उनकी बहादुरी के लिए सितारा-ए-जुर्रत से नवाजा जाता है।ह्व बेशक, ये तमाम दावे झूठे हैं। वे एयर फोर्स से रिटायर होने के बाद पाकिस्तान के डेनमार्क और नार्वे में राजदूत भी रहे। उन्हें अपने वतन में जितना भी सम्मान मिले, इससे हमें क्या फर्क पड़ता है। पर हैरानी इस बात की है कि उनकी किताब का विमोचन 28 फरवरी,2008 को दिल्ली में हुआ। उस बुक लांच के कुछ दिनों के बाद एक रोज खबर आई कि अरशद सामी खान का मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में 2009 में निधन हो गया।

वे कैंसर से पीड़ित थे। पाकिस्तान और कुछ और देशों में इलाज चला। उसके बाद अदनान सामी अपने पिता को इलाज के लिए मुंबई ले आए। तब ये बात काफी दिनों तक जेहन के किसी कोने में चलती रही कि क्या हमारा दिल इतना विशाल है कि हम उसे भी अपना अतिथि बनाने-मानने के लिए तैयार हो जाते हैं,जिसने हमारे खिलाफ जंग लड़ी हो। क्या 1971 की जंग के भारतीय नायक सैम मानकेशॉह को पाकिस्तान में अपनी पुस्तक के लांच करने का कभी मौका मिलता? उदारवादियों को जरा सोचना चाहिये ?

खैर, अब भारत में पाकिस्तान को बिना शर्त मदद करने वाले सामने आ रहे हैं। वे भूल रहे हैं या भूलना चाहते हैं कि पड़ोसी मुल्क ने हमारे साथ कभी पड़ोसी धर्म का निर्वाह नहीं किया। उसने सिर्फ भारत का अहित ही चाहा है। इस तरह के मुल्क की हम मदद किस लिए करें और क्यों करें। आखिर हमारा कोई स्वाभिमान नहीं है क्या ? जिन रणभूमि के वीरों ने पाकिस्तान के साथ हुई जंगों में अपने प्राणों को न्यौछावर किया उनके साथ हम अन्याय नहीं करेंगे पाकिस्तान की मदद करके। फिर पाकिस्तान हम से मदद की गुहार लगा ही कहां रहा है। उसके शायद ही किसी नेता ने भारत से मैत्री या मदद की बात की हो। क्या इन हालातों में हम दानवीर बन जाएं? भारत को अपने साफ्ट नेशन की छवि से बाहर निकलना होगा। कोई भी राष्ट्र तब ही आगे बढ़ सकता जब वह अपने हितों को सर्वोपरि रखता है। यही कूटनीति का पहला सिद्धांत है। जैसे को तैसा कईंट का जवाब पत्थर !

**पाकिस्तान के खून में भारत तथा हिन्दू विरोध है। पाकिस्तानी सेना कभी भारत के साथ मैत्री नहीं करना चाहेगी। वहां की सेना पर किसी का जोर नहीं है। पाक सरकार का भी नहीं आप पाकिस्तान आर्मी के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाल लें। पता चल जाएगा कि वह किस हद तक भारत विरोधी रही है। पाकिस्तानी सेना पर पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। ये भारत विरोधी है। इसके अलावा, पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में इस्लामिक कट्टरपन सबसे ज्यादा है। वहां पर हर इंसान अपने को दूसरे से बड़ा कट्टर मुसलमान साबित करने की होड़ में लगा रहता है। इस परिप्रेक्ष्य में इस बात की उम्मीद करना नासमझी होगा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत से संकट की घड़ी में किसी तरह की कोई मांग होगी। आखिर हम क्यों बिना वजह उदारवादी बने रहते हैं? किसने हमसे उदारवादी होने के लिए कहा है? हम तो पाकिस्तान मूल के सिंगर अदनान सामी को पदमश्री पुरस्कार तक से सम्मानित करते हैं। सामी श्रेष्ठ गायक हैं।**

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# भारत में रहने वाले सब लोग भारतीय हैं

**समय- संदर्भ**

**कँवल भारती**



आरएसएस ने सोचा भी नहीं होगा कि जमीयत उलेमा ए हिंद उससे भी एक नंबर आगे निकल जायेगा, और जिस हिंदू-हिंदू का राग वह अपने जन्म से अलापता आ रहा है, जमीयत उसकी हवा निकाल देगा। आरएसएस के नेता सदा ही इस झूठ को बोलते रहते हैं कि भारत हिंदू देश है और जो भी यहाँ रहता है, वह हिंदू है। इस झूठ को भाजपा के नेता भी कभी बोलने से नहीं चूकते। इसी 15 फरवरी को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में बोल दिया कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और यहाँ का हर नागरिक हिंदू है। उन्होंने कहा कि हिंदू कोई मजहब या संप्रदाय नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक शब्दावली है, जो हर नागरिक पर फिट बैठती है। इसके साथ ही योगी ने यह भी बोला कि 'भारत का कोई व्यक्ति हज के लिए जाता है तो उसका संबोधन हिंदू से होता है। वो हिंदू नाम से जाना जाता है। वहाँ भारत से जाने वाले शख्स को न तो मुस्लिम और न ही हाजी कहा जाता है। वहाँ उसको हिंदू नाम से संबोधित किया जाता है, तो किसी को परेशानी नहीं होती। इस परिप्रेक्ष्य में भारत हिंदू राष्ट्र था, है और आगे भी रहेगा।' मैंने कई हाजियों से जानना चाहा कि क्या योगी सच बोल रहे हैं? क्या वास्तव में हज के दौरान भारतीयों को हिंदू बोला जाता है? सभी ने इसे झूठा बयान करार दिया। किसी भी हाजी ने योगी की बात की पुष्टि नहीं की।

जब दिमाग को हिंदुत्व के सिवा कुछ सूझता ही न हो, तो ऐसे दिमाग में बुद्धि कैसे निवास कर सकती है? बुद्धि निवास करती तो इस तरह बोलते ही क्यों? सही-सही बोलते कि भारत एक लोकतान्त्रिक राष्ट्र है और यहाँ का हर नागरिक भारतीय है। जब पाकिस्तान का नागरिक पाकिस्तानी कहा जाता है, मुस्लिम नहीं, चाहे वह मुस्लिम हो, हिंदू हो या सिख; जब बंगलादेश के नागरिक को बंगलादेशी बोला जाता है, मुस्लिम नहीं, और अमरीका के नागरिक को अमेरिकन कहा जाता है, ईसाई नहीं, तो भारत के नागरिक को हिंदू क्यों कहा जायेगा, भारतीय क्यों नहीं कहा जायेगा? हालाँकि, वे अच्छी तरह जानते हैं कि भारत का नागरिक अपने ही देश में नहीं, बल्कि दुनिया के किसी भी मुल्क में कुछ भी आवेदन करता है, तो वह नागरिकता के कालम में अपनी नागरिकता भारतीय ही लिखता है, हिंदू नहीं लिखता। स्वयं योगी ने भी विधायकी के लिए परचा भरा था, तो अपनी नागरिकता भारतीय ही लिखी है, हिंदू नहीं। सारी दुनिया हमारे देश को भारत या इंडिया नाम से संबोधित करती है, हिंदू नाम से नहीं। हिंदू एक धर्म है, पर वह देश कदापि नहीं हो सकता। लेकिन भगवा दिमाग वाले अपने भाषणों में हिंदू का ही राग अलापते हैं और इसलिए कि उन्हें अपना हिंदू रंग मुसलमानों पर चढ़ाना है, जो वे कभी नहीं चढ़ा सकेंगे।

और इसका करारा जवाब अभी हाल ही में जमीयत उलेमा ए हिंद ने जोरदार ढंग से दिया है। जमीयत का एक बड़ा सम्मेलन इसी 12 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुआ, जिसका मकसद सब धर्मों के बीच सद्भावना बढ़ाना था। इसलिए उसमें गैर-इस्लामी धर्मों के नेता भी शामिल हुए थे। पर, जमीयत के नेता मौलाना अरशद मदनी के बयान से हिंदू धर्मगुरु भड़क गए। मुस्लिम नेता ने 'सनातन' नाम के उस भगवा कारपेट को, जिसे आरएसएस और ब्राह्मणों ने अपने नीचे बिछा रखा था, बड़े सलीके से खींच लिया। हुआ यह कि मौलाना अरशद मदनी ने यह कहकर हिंदुत्ववादियों को स्तब्ध कर दिया कि मुसलमान जिसे 'अल्लाह' कहते हैं, उसी को हिंदू 'ओम' कहते हैं। इसलिए अल्लाह और ओम दोनों एक हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने बड़े-बड़े धर्मगुरुओं से पूछा कि जब न राम थे, न ब्रह्मा थे, तो मनु किसे पूजते थे? उन गुरुओं ने कहा कि जब कुछ नहीं था, तो मनु ओम को पूजते थे, जो रंग-रूप हीन है, हर जगह मौजूद है। मैंने कहा कि इन्हीं को तो हम अल्लाह, तुम ईश्वर, फारसी में खुदा और अंग्रेजी में गाड कहते हैं। इसका मतलब मनु यानी आदम, ओम यानी अल्लाह को पूजते थे।'

इतना सुनते ही हिंदू धर्मगुरु भड़क गए, यहाँ तक कि जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि भी। क्योंकि इस बयान ने आरएसएस और ब्राह्मणों की सारी सनातनी थियोरी उलटकर रख दी। मदनी ने एक तीर से दो निशाने साधे। पहला निशाना एकेश्वरवाद का है, जिसे इस्लाम में तौहीद कहा जाता है। मौलाना मदनी ने भगवान श्रीराम का जिक्र ही नहीं किया, जो हिंदुओं के परम आराध्य हैं। मदनी ने उस परमात्मा की ओर ध्यान आकर्षित करा दिया, जो सर्वोच्च है। मदनी का मतलब बहुत साफ था। अगर सब उस एक परमेश्वर को मान लें, जो अल्लाह भी है, ओम भी है और गाड भी है, तो सारे झगड़े और भेदभाव खत्म। एक मानवीय और सामाजिक सद्भाव पैदा होगा। फिर कोई किसी से क्यों लड़ेगा?

लेकिन मौलाना मदनी की बात पर हिंदू इसलिए भड़के, क्योंकि उस परमात्मा को हिंदू मानते ही नहीं। हिंदुत्ववादियों का एक परमात्मा से काम ही नहीं चलता, क्योंकि परमात्मा उनको वोट नहीं दिला सकता। परमात्मा के नाम पर ध्रुवीकरण के लिए उन्मादी राजनीति नहीं की जा सकती। परमात्मा के नाम पर काशी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में ईदगाह के खिलाफ हिंदूओं को आक्रामक नहीं बनाया जा सकता, मस्जिद गिराकर मंदिर नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि परमात्मा का कोई रंग-रूप ही नहीं है। हिंदुओं का काम तो श्रीराम से चलता है, कृष्ण से चलता है, हनुमान और देवियों से चलता है। परमात्मा से हिंदुत्व का साम्राज्य स्थापित नहीं किया जा सकता, वह स्थापित होता है देवी-देवताओं से। फिर वे ओम को अल्लाह के समक्ष कैसे स्वीकार कर सकते हैं?

मौलाना मदनी का दूसरा निशाना हिंदुत्ववादियों के लिए धीरे से दिया गया बहुत जोर का झटका है। उन्होंने हिंदुत्ववादियों को यह बता दिया कि अगर कोई सनातन धर्म है, तो वह इस्लाम है, हिंदूधर्म नहीं। चूँकि इस्लाम के पहले नबी भारत में अवतरित हुए, और भारत इस्लाम का जन्मस्थान है, तो भारत का हर नागरिक मुस्लिम है, हिंदू नहीं है। मौलाना मदनी ने हिंदू राष्ट्र के तथाकथित गुब्बारे में पिन चुभोकर एक ही झटके में उसकी सारी हवा निकाल दी।

आरएसएस के नेता समझते हैं कि कहानियां गढ़ने की सारी कला सिर्फ वे ही जानते हैं, और दुनिया के सबसे बुद्धिमान व्यक्ति भी वे ही हैं। पर अपनी प्राचीनता और श्रेष्ठता की कहानियां गढ़ने में इस्लाम के धर्मगुरू कम नहीं हैं। उन्होंने तो यहाँ तक कहानियां गढ़ ली हैं कि इस्लाम के पैगम्बर हजरत मुहम्मद ही वह अंतिम कल्कि अवतार हैं, जिनकी भविष्यवाणी पुराणों में की गई है। मुहम्मद मुस्लिम ने अपनी किताब 'सरवरे आलम' में पुराणों के हवाले से साबित किया है कि कल्कि का अवतार मुहम्मद साहब के रूप में ही अरब के मक्का में हुआ था और अब कोई और अवतार नहीं होगा। इस संबंध में इलाहाबाद के धर्मशास्त्राचार्य डा. वेदप्रकाश उपाध्याय ने भी इस विषय पर अपनी दो पुस्तकें 'कल्कि अवतार और मुहम्मद साहब' एवं 'नराशंस और अंतिम ऋषि' लिखी हैं। ये इस्लामी कहानियां हिदुत्ववादियों को एक जवाब है। जब मुहम्मद के रूप में कल्कि अवतार हो चुका, तो हिंदुओं को मुहम्मद को अवतार और इस्लाम को अपना धर्म मानना चाहिए। यह आक्रामक हिंदुत्व को बहुत ही शांत जवाब है।

**मौलाना मदनी की बात पर हिंदू इसलिए भड़के, क्योंकि उस परमात्मा को हिंदू मानते ही नहीं। हिंदुत्ववादियों का एक परमात्मा से काम ही नहीं चलता, क्योंकि परमात्मा उनको वोट नहीं दिला सकता। परमात्मा के नाम पर ध्रुवीकरण के लिए उन्मादी राजनीति नहीं की जा सकती। परमात्मा के नाम पर काशी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में ईदगाह के खिलाफ हिंदूओं को आक्रामक नहीं बनाया जा सकता, मस्जिद गिराकर मंदिर नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि परमात्मा का कोई रंग-रूप ही नहीं है। हिंदुओं का काम तो श्रीराम से चलता है, कृष्ण से चलता है, हनुमान और देवियों से चलता है।**

# अमृत से अमरत्व की ओर

**मूलचन्द्र गौतम**



बचपन से ही जो बच्चे नारे लगाते आ रहे हैं तमसो मा ज्योतिर्गमय उन्हें अब नया नारा मिल गया है अमृत से अमरत्व की ओर ।मृत्यु शब्द अब उनकी डिक्शनरी से गायब हो चुका है।शरीर नश्वर है आत्मा अमर है।

अमृत और अमरत्व जीव की आदिम आकांक्षा है जिसके लिये सृष्टि के प्रारंभ से ही पापड़ बेले जा रहे हैं।समुद्र मंथन से भी सभी देव और दानव अमृत कलश को ही हड़पना चाहते थे ।उनके बीच युद्ध का यही कारण था ।यह युध्द आज भी जारी है इसे मानने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है ।अब यह समुद्र मंथन उर्फ अमृत महोत्सव राजनीति के अखाड़े में हो रहा है।बस नाम बदल गये हैं ।अब उन्हें सत्ता और विपक्ष कहा जा सकता है।दलबदलुओं को सुविधा के लिये राहु केतु कहा जा सकता है जो अमृत की तलाश में शीश कटाकर कहीं तक भी जा सकते हैं ।दीन ईमान से उनका कोई वास्ता नहीं ।वे आयाराम गयाराम के रूप में अमरत्व को प्राप्त करते हैं।

महाभारत को घर में रखना वर्जित है क्योंकि घर में महाभारत कोई नहीं चाहता जबकि इसी का एक अंश अमरत्व के संदेश गीता के रूप में बड़ा आदरणीय है लेकिन जब से टीवी पर इसका प्रसारण हुआ है हर घर में मिनी महाभारत चालू हो गया है । सीरियलों में इसका बहुविध व्यावहारिक विस्तार देखा जा सकता है जहाँ कुचक्र और षडयंत्र के अलावा कुछ नहीं।

रामजी ने तमाम राक्षसों का वध करके उन्हें अपने परम धाम में स्थान दिया था ।केवल विभीषण ही एकमात्र ऐसा बंदा है जो रामजी का परमप्रिय होते हुए भी रामभक्तों में आजतक आदर प्राप्त नहीं कर पाया है ।कोई भी अपने बच्चों का नाम उसके नाम पर नहीं रखना चाहता ।जाहिर है कि यह हकीकत से ज्यादा दिखावे की भक्ति है ।रामजी भी जानते हैं कि अंदरूनी तौर पर यह रावण भक्ति है।

प्रयागराज में कुंभ बारह साल बाद आता है ।अमृत कुंभ से छिटकी बूंदों को लूटने करोड़ों की भीड़ जुटती है ।परीक्षा में फेल बच्चों को कुंभ के उदाहरण से तसल्ली दी जाती थी कि अगले साल पास हो जाओगे लेकिन पप्पू है कि बारह साल से फेल हो रहा है जबकि विज्ञापन उसे हर बार पास कर रहे हैं। तीन साल की कुंभी और छह साल के अर्धकुंभ से भी उसे कुछ हासिल नहीं हुआ । पंचवर्षीय योजना और पंचशील भी बेकार सिद्ध हुए हैं ।क्या यह उसके खिलाफ कोई गहरी साजिश है ? उसे उम्मीद है जैसे बारह साल बाद घूरे के दिन फिरते हैं उसके भी फिरेंगे और कहानी का अंत सुखद होगा और जनमानस कहेगा कि जैसे उनके दिन फिरे वैसे सबके फिरें ।लेकिन राक्षस उसके पीछे हाथ धोकर पड़ गये हैं उनका कुतर्क है कि कुत्ते की पूँछ को बारह साल नली में रखो तब भी वह सीधी नहीं होगी ।इससे पप्पू मायूस है कि क्या उसे धीरे धीरे पप्पी बनाने की साजिश है?आखिर बारह साल का समय बहुत लंबा होता है और तब तक तो जिंदगी ढलान पर होगी ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9412322067)**

**व्यंग्य**

# चित भी उनकी पट भी उनकी

**प्रदीप उपाध्याय**



चिंकारा भाई,अब यहां हम कुछ ही दिन के मेहमान हैं।₹काले हिरणों के झूंड में से एक वृद्ध से दिखने वाले कृष्ण मृग ने उदास स्वर में कहा।

क्यों दादा, क्या हुआ!हम सब तो यहां जंगल नहीं होने के बाद भी हंसी-खुशी रह रहे हैं। हां, कुछ किसानों को जरूर हमसे तकलीफ है लेकिन क्या करें! यहां घना वन क्षेत्र भी तो नहीं है। हमें तो छोड़ ही नहीं रहा है, जंगल का सफाया भी तो आदम जात कर ही रहा है। वरना हम उन बेचारे किसानों की फसलों पर मुंह नहीं मारते। फिर भी हमारी खुराक नील गायों जितनी तो है ही नहीं कि हम खेत के खेत साफ कर दें।

₹बात तो सही है और वैसे भी हम इंसान को कुछ नुकसान भी तो नहीं पहुंचाते। हां,अपना पेट भरने के लिए घास ही तो खाते हैं।पूरी तरह शाकाहारी होने के बाद भी हम ही पर निगाहें रहती है। चाहे शिकारी हों या फिर सरकार। विदेशी चीतों की मेहमाननवाजी के लिए उन्हें हम ही दिखाई दिए हैं!अब हमारे समूहों पर निगाह रखी जाएगी।वन अमला ही बात कर रहा था कि उन्हें कहीं ऊपर से आदेश मिला है कि गांधीसागर अभयारण्य में विदेश से आए चीतों को छोड़ा जाने वाला है और उनके भोजन के लिए हमें मई के महीने में ले जाया जाएगा।₹काले हिरणों के झूंड में से युवा हिरण ने सिसकते हुए कहा।

₹लेकिन यह तो गलत है। यहां हमें शिकारी नहीं छोड़ते हैं और वहां जंगल में वे खतरनाक जानवर।और कमी रह गई थी तो सरकार ने उन विदेशी चीतों को हमारा शिकार करने के लिए ला छोड़ा।

हां भाई,कूनो के अभयारण्य में हमारे भाई-बंधुओं को उनके सामने छोड़ा गया।वे बेचारे उनके शिकार बन रहे हैं और हां, उनके नाम पर आदम जात भी कहां हमें छोड़ रहा है,लगे हाथ वह भी गंगाजी में डूबकी लगा रहा है।

सही बोल रहे हो।कहने को हमें कृष्ण मृग कहते हैं। कुछ लोग तो हमें पूजते भी हैं लेकिन जिस तरह से चीते इस देश से विलुप्त हो गए थे, वैसे ही हम भी विलुप्त हो जाएंगे।जब संख्या घटने लगती है तो संरक्षण की बात करते हैं और जब संख्या अतिशय बढ़ने लगती है तो मौत के घाट उतारने के जतन करने लगते हैं।

सही कह रहे हो भाई।इन मांसाहारियों के कारण चाहे वे इंसान हो या जानवर हमारा जीना हराम हो गया है। हमें संरक्षित पशु घोषित करने के बाद भी लोगों के जुबान के स्वाद ने हमारी जनसंख्या पर संकट पैदा कर दिया है।

और नहीं तो क्या!एक तरफ मुंबई से आए टाइगर ने जब हमारे भाई-बंधु का शिकार किया था तो सब तरफ से हमें बचाने की आवाज उठी थी।कुछ लोगों के साथ सैफ बच निकले थे लेकिन अब सरकार खुद ही हमें उन चीतों के लिए ग्रास बना रही है।अभी तो हम शाजापुर वाले कृष्ण मृगों की जान आफत में आई है।कल पता नहीं किसका नम्बर लग जाए।

क्या करें,हम कमजोर और निरीह प्राणी ही बलि चढ़ते हैं।

अरे ऐसा नहीं है। खूंखार शेर,बाघ, तेंदुएं भी कहां बच पाते हैं। आदमी से ज्यादा खुंखार और खतरनाक प्राणी क्या इस जगत में है!

ठीक कहते हो भाई।अब उससे अपना बचाव कैसे करें ! हमें तो बलि के लिए तैयार रहना ही है। क्योंकि चित भी उनकी है और पट भी उनकी।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425030009)**

# होली से पहले फूटा महंगाई का बम

## एलपीजी सिलेंडर 50 रुपए, कमर्शियल सिलेंडर 350 रुपये महंगा

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** एक बार फिर से 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ गए हैं तो वहीं 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपये का भारी इजाफा किया गया है। बढ़े हुए दाम आज से ही लागू हो गए हैं। मार्च के पहले दिन महंगाई का बड़ा झटका लगा है। महीने के पहले दिन ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ गए और होली से पहले इसे बड़ा झटका माना जा रहा है।

कामर्शियल गैस सिलेंडर के दाम पिछली बार 25 रुपये बढ़े थे। बता दें कि 6 जुलाई 2022 के बाद से ही घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कोई इजाफा नहीं किया गया था, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये की वृद्धि की गई है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि लगातार सिलेंडर के दामों में मूल्य वृद्धि होने से गरीब परिवारों में जहां चूल्हे नहीं जल रहे हैं वहीं सामान्य परिवारों में भी महंगाई का सीधा असर दिखने लगा है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि मेहनत मजदूरी कर परिवार को चलाने वाले गरीब परिवारों में उज्जवला योजना अंतर्गत दिए गए सिलेंडरों में गैस नहीं भराई जाती क्योंकि महंगाई की मार गरीब परिवारों पर दिखने लगी है। ऐसे में लोगों के घरों में अब फिर से लकड़ी के चूल्हे इस्तेमाल में आने लगे हैं। होली से पहले गरीब तथा सामान्य परिवारों में एक बार फिर गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से मायूसी छाई हुई है। लगातार एलपीजी गैस सिलेंडर महंगा होने से क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है।


## ग्रामीण अंचलों में नहीं बने ओपेन जिम

**फूलपुर (आजमगढ़)।** सरकार द्वारा गावों में ओपेन जिम के निर्माण कराने का निर्देश सभी ब्लाक मुख्यालयों को दिया गया था। गावों में खेल के मैदान की भूमि चिन्हित करने का भी निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के क्रम में गावों में ओपेन जिम की स्थापना करा शारीरिक विकास किया जाय जिसमे महिला बच्चों और बुजुर्ग सुबह शाम आकर निःशुल्क अपने शिथिल शरीर को ऊजार्वान बनाएं। इसके लिए सर्व प्रथम ब्लाक मुख्यालय फूलपुर के प्रांगण में ओपेन जिम का निर्माण कराया गया। यहां यह देखने को मिला कि पुरुषों से अधिक महिलाएं सुबह शाम इन ओपेन जिम में लगे यंत्रो पर प्रैक्टिस करती हैं। ब्लाक मुख्यालय पर लगे इन यंत्रो से अपनी शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए उद्पुर सुदनीपुर मेजवा नगर पंचायत फूलपुर के निवासी आते हैं। यही नहीं सरकारी कार्यालयों में तैनात कर्मचारी भी परिवार के साथ इस ओपेन जिम में आकर अपने शरीर को शिथिल अंगों को संचालित करते हैं। परंतु अभी गावो में सरकार के निर्देश का पालन पूर्णतः नहीं हो सका, ओपन जिम नहीं खुले।

# होली में किसकी करें पूजा

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** भारत वर्ष में विभिन्न धार्मिक त्योहार अपने-अपने तरीके से मनाये जाते हैं। परम्परा के अनुसार दीपावली में गणेश-लक्ष्मी की, रामनवमी तथा दशहरा में भगवान राम की, जन्माष्टमी में भगवान कृष्ण की, बुद्ध जयंती पर भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना करने की परम्परा है किन्तु होली में अलग-अलग तरीके से बसन्तोत्सव मनाया जाता है। उक्त बातें पं.राजेंद्र पाठक उर्फ साधनानन्द ने प्रेस को जारी एक बयान में कही।



पं.राजेंद्र पाठक उर्फ साधनानन्द।

श्री पाठक ने बताया कि कहीं-कहीं पर होलिका की पूजा होती है तो कहीं नृसिंह भगवान की पूजा की जाती है जबकि शिव महापुराण में भगवान शरभ देव की पूजा का विधान है। भगवान शरभदेव की पूजा का विधान मध्य प्रदेश के खरगौन जिले में स्थित महेश्वर नामक तीर्थ स्थान शरमार्चा पद्धति, शरम दारुण सप्तक तथा शरमेश्वर कवच, नामक पुस्तक में उद्धृत है। जो गीता प्रेस के लिंग पुराण में उल्लिखित है। उन्होंने बताया कि शरभ मंदिर आसाम में तथा उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के कोल पांडेय मुहल्ले में रामायन मार्केट में स्थित है जहां भारी संख्या में लोग भगवान शरभ देव की पूजा-अर्चना उपर्युक्त ग्रंथों में लिखे गये मंत्रों द्वारा विद्वान कर्मकाण्डी पंडितों द्वारा की जाती है।

## संक्षेप

### न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील में बुधवार को अधिवक्ता भवन में एक बैठक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रणविजय राय उर्फ मनोज राय की अध्यक्षता में हुई। अधिवक्ता राम समुझ पुत्र रामदास निवासी बकिया बड़हरिया के ऊपर निजामाबाद पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने की जानकारी मिलते ही सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से दो दिन तक न्यायिक कार्य नहीं करने का निर्णय लिया और उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर उक्त प्रकरण का पुनः जांच कराने की मांग की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि निजामाबाद फर्जी मुकदमे में अधिवक्ता को फंसा रही है। कार्यक्रम का संचालन सहमंत्री बिनोद यादव ने किया। इस अवसर पर रणविजय राय, जितेन्द्र पांडेय, डॉ.शाहनवाज खान, महेन्द्र पांडेय, कमलेश यादव, सन्तोष कुमार गौड़, इसरत हुसैन आदि उपस्थित थे।

### आधा दर्जन खाद्य पदार्थों का लिया गया नमूना



**आजमगढ़।** होली पर्व के दृष्टिगत बुधवार को तहसीलदार सदर उमाशंकर त्रिपाठी एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आईजीआरएस शिकायत निस्तारण हेतु जहानागंज बाजार स्थित रिंकू किराना से खाद्य सुरक्षा सचल दल द्वारा एक रंगीन कचरी व बाजार के अन्य जगहों से एक खोया एवं एक बूंदी के लड्डू का नमूना लिया गया। तत्पश्चात मंदेई स्वीट्स से एक खोया, शुम्भी बाजार से एक पनीर व एक छेने की मिठाई का नमूना खाद्य सुरक्षा सचल दल द्वारा लिया गया। इस प्रकार कुल 6 नमूनों का संग्रहण संदेह के आधार पर जांच हेतु किया गया। खाद्य कारोबारकताओं को प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया गया। मिठाई विक्रेताओं को सभी मिठाईयों पर अनिवार्य रूप से उपयोग की तिथि अंकित करने का आदेश दिये गए। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि छापेमार कार्यवाही त्यौहार के दृष्टिगत अनवरत रूप से जारी रहेगा। उक्त छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला, कीर्ति आनन्द, संजय कुमार सिंह एवं अंकित कुमार सिंह तथा खाद्य सहायक अनिल कुमार शामिल रहे।

### आग से मंड़ई राख, पांच पशुओं की मौत



**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थाना अंतर्गत सेठारी गांव में मंडई में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आगलगी में मंडई में बंधी पांच बकरियों की मौत हो गयी जबकि उसमें रखे सारे सामान जल कर नष्ट हो गये। उक्त गांव निवासी अरविंद पासवान के घर के पीछे एक मंडई बनाई गई थी। जिसमें पांच बकरियां बधीं थी और उसमें एक पलंग, गद्दा, रजाई, कपड़े कुछ बर्तन इत्यादि सब सामान रखे हुए थे। अरविंद ने बताया कि रात में लगभग 10 बजे अचानक आग लग गई और मंडई धू-धू कर जलने लगी। जानकारी होने पर जब तक गांव वाले पहुंचे तब तक मंडई जलकर खाक हो चुकी थी। उसमें बंधी 5 बकरियों में तीन बकरी बच्चा देने वाली थी लगभग 40 से 50 हजार का नुकसान बताया जा रहा है। आग कैसे लगी है इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। मौके पर बकरियों का पोस्टमार्टम करने के लिए परिजनों द्वारा डॉक्टर को सूचित किया गया है और लेखपाल को भी बताया गया है।

### भट्ठा मजदूरों को एसडीएम ने कराया मुक्त



**मेहनगर (आजमगढ़)।** भट्ठे पर बधुआ मजदूरों को उनके मेहनत की मजदूरी दिलाकर एसडीएम ने मुक्त कराया। भट्ठा मालिक को हिदायत देते हुए कहा कि दुबारा शिकायत पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। मेहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जियासड़ स्थित राम विलास चैरसिया के ईंट भट्ठे पर कार्य कर रहे बंधुआ मजदूरों की मजदूरी न दिए जाने की शिकायत पर बुधवार को श्रम विभाग संग उपजिलाधिकारी संत रंजन, श्रम निरीक्षक शशिकांत पांडेय, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल विजय विश्वकर्मा जा धमके। भट्ठे पर पहुंचते ही अफरा तफरी मच गयी। वहीं थाना प्रभारी ने मजदूरों को बुलाया और एसडीएम द्वारा बारी-बारी मजदूरों से पूछा तो लोगो ने मुरादाबाद के अमरोहा से होने की बात कही। इस दौरान उपस्थित सत्रह मजदूरों ने कहा कि हम लोग दो सप्ताह पूर्व यहां आए हैं, सिर्फ खाने भर को देते हैं। मजदूरी मांगे जाने पर आज कल कहते रहे, इस भट्ठे मालिक को मजदूरों को उनके बकाया मजदूरी का हिसाब कराकर मजदूरों की मजदूरी दिलाया व इन मजदूरों को इनके घर वापस भेजे जाने की ब्यवस्था करके देर शाम भेजा गया।

### कल मंदिर में विराजेंगे कोतवाल भैरव

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** बाबा सिद्वनाथ मंदिर डीहा प्रांगण में कोतवाल भैरव भी बिराजेंगे। तीन मार्च को प्रतिमा भ्रमण, पूजन के साथ ही चार मार्च को लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आचार्य पं.देवी प्रसाद दूबे ने बताया कि डीहा स्थित बाबा सिद्वनाथ मंदिर लोगो के लिए आस्था का प्रतीक है। मंदिर के बगल में ही बाबा काल भैरव का मंदिर निर्माण पूरा होने के साथ पूजन चल रहा है। तीन मार्च को प्रतिमा भ्रमण के साथ ही चार मार्च को प्रसाद वितरण होगा।

### गैंगस्टर का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर के एक आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। कोतवाल देवगांव गजानन्द चैबे अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक मुकदमे में वाँछित अभियुक्त श्रीकान्तपुर मोड़ पर कहीं जाने के फिराक में खड़ा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर उसे हिरासत में ले लिया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम श्याम सुन्दर यादव पुत्र इन्द्रबली यादव निवासी ग्राम रवनिया थाना बरदह बताया।

# नए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का प्रभाव भी हो रहा बेअसर

## स्वास्थ्य सेवाएं हो रही हैं बद से बदतर

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अतरौलिया स्थित राजा जय लाल सिंह 100 सैया संयुक्त जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों बद से बदतर होती जा रही है। यहां तैनात चिकित्सकों द्वारा जहां मरीजों को बाहर की दवाएं लिखना आम बात हो गई है तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों को अपने निजी चिकित्सालयों पर ही इलाज करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

यहां तक तो ठीक है लेकिन हद तो यह है कि लगभग प्रत्येक दिन एक बजे के बाद से ही सभी चिकित्सकों के ओपीडी रूम में ताला बंद हो जाते हैं। बुधवार को भी लगभग 1.30 बजे पूरे अस्पताल से लगभग सारे चिकित्सक गायब हो गए थे जबकि कई अस्वस्थ मरीज अपना ओपीडी पर्चा लेकर अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए भटकते नजर आए।

जहां सरकार बार-बार दावा कर रही कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा वहीं अस्पताल के चिकित्सक सरकार की इस योजना की हवा निकाल रहे हैं। नए चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती के बाद लोगों को महसूस हुआ कि अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं में अब बेहतर सुधार होगा बजाए इसके यहां स्वास्थ्य सुविधाएं और खराब ही होती जा रही हैं। बुधवार की पड़ताल में 1.30 बजे ही अधिकांश डॉक्टर अपने ओपीडी रूम में नहीं मिले, इनके रूम में ताला बंद रहा। इससे प्रतीत हो रहा है कि मरीजों का इलाज करने में चिकित्सक भी रुचि नहीं रख रहे हैं और इन चिकित्सकों पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का प्रभाव भी निष्क्रिय नजर आ रहा है। इस संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामले को देखता हूं।

## पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवारा जदीद (टोटहवा) निवासी तरसूल निषाद का शव उनके घर से लगभग 150 मीटर दूर पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। बुधवार की सुबह गांव के कुछ लोगों ने पेड़ से लटके एक व्यक्ति को देखा और तत्काल इसकी सूचना गांव वालों को दी। सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और मृतक की पहचान गांव के ही तरसूल निषाद 65 वर्ष के रूप में करते हुए उनके परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी रजिया का रो-रो कर बुरा हाल रहा। घटना की जानकारी गांव वालों ने स्थानीय थाने को दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारम्भिक स्तर पर पुलिस जांच और साक्ष्य संकलन कर रही है। साथ ही शव को परीक्षण के लिए जिले पर भेज दिया है। रिपोर्ट आने के उपरांत ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा। उन्होंने बताया कि यदि रिपोर्ट और पुलिस जांच में किसी की संलिप्तता पायी जाती है तो उस पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# मांगों को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं।

**आक्रोश**

**महाविद्यालय प्रशासन पर लगाया गंभीर आरोप**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** श्री दुर्गा जी पीजी कालेज की छात्र, छात्राओं ने महाविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए 4 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर जिला प्रशासन को 11 सूत्री मांगों का पत्रक सौंपा। कलेक्ट्रेट कार्यालय पर घंटों प्रदर्शन कर महाविद्यालय के अध्यापकों पर गंभीर आरोप लगाया। छात्र संगठन लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे।

प्रदर्शन कर रहे छात्र छात्राओं का आरोप है कि महाविद्यालय के अध्यापक कहते हैं कि हम रोड छाप गरीब बच्चों को नहीं पढ़ाएंगे। छात्रों ने पत्रक में उल्लेख किया है कि पुस्तकालय में पुस्तक का अभाव है। महाविद्यालय में शिक्षकों का अभाव, कॉलेज में मुख्य गेट के सामने ब्रेकर की आवश्यकता, महाविद्यालय में टेबल मेज कुर्सी का अभाव, महाविद्यालय में जनरेटर का अभाव, साइकिल स्टैंड की व्यवस्था महाविद्यालय में कॉमन रूम एवं शौचालय में साफ-सफाई की व्यवस्था प्रयोगात्मक परीक्षा में विलंब आदि मुख्य मुद्दे शामिल थे। छात्र संगठनों ने इसके पूर्व भी महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को अवगत कराया था। लेकिन प्राचार्य द्वारा कोई भी संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गयी। इस अवसर पर गोलू यादव, अजीत यादव, मुकेश यादव, आशीष मौर्य, बाला लखेंद्र, कृष्णा यादव, आदित्य यादव, शशिकांत यादव, दिवाकर, रजाक आदि उपस्थित रहे।

# कन्या विवाह योजना का प्रमाण पत्र हुआ वितरित

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** बुधवार को जहानागंज के ब्लॉक सभागार में श्रम विभाग आजमगढ़ द्वारा कन्या विवाह के लिए मिलने वाले 55000 के लिए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी जहानागंज विकास शुक्ला एवं ब्लाक प्रमुख रमेश कनौजिया द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ौदा बुजुर्ग गांव की प्रमिला, धरवारा की सूर्य पति, बड़ौदा बुजुर्ग से मीना, टाड़ी से मनु राम कोलू खोर से रामबचन, फैजपुर से रामनाथ सहित छह लोगों को कन्या विवाह योजना का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर श्रम विभाग के कनिष्ठ सहायक विक्रमादित्य पाटिल और कैलाश प्रसाद तथा मानवाधिकार कार्यकर्ता जयप्रकाश सिंह सहित ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायतों के प्रधान उपस्थित रहे।



लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए क्षेत्रवासियों को जन सेवा केंद्र से पंजीकरण कराना होगा जिसके लिए 20 रुपया शुल्क देय होगा जिसमें आधार कार्ड बैंक पासबुक तथा फोटो और एक स्व प्रमाण पत्र देना होगा। श्रम विभाग के कर्मचारी प्रत्येक बुधवार को ब्लॉक पर उपस्थित रहकर योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हैं।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार उप श्रमायुक्त राजेश कुमार के निर्देश पर लाभार्थी श्रमिकों को ब्लॉक दिवस के अवसर पर बुधवार को अतरौलिया विकासखंड के सभागार में प्रभारी एडीओ पंचायत एवं सुरेशचंद वरिष्ठ सहायक उप श्रमायुक्त कार्यालय आजमगढ़ ने लाभार्थी राधिका देवी निवासी सुल्तानपुर अतरौलिया को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर राधिका देवी, तेज बहादुर सिंह सहित तमाम निर्माण श्रमिक मौजूद रहे।

## बाइक की मांग को लेकर ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाला

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर गांव निवासी पति पर पत्नी ने विवाह के एक सप्ताह बाद आर-15 बाइक दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। फिरदौस पुत्री फिरोज निवासी पिअरोपुर ढकवा थाना क्षेत्र मुबारकपुर ने जीयनपुर थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि 7 दिसंबर 2022 को शाहबाज पुत्र फैयाज निवासी जीयनपुर थाना क्षेत्र के अशरफपुर में रीति रिवाज के अनुसार विवाह हुआ।

उसका आरोप है कि विवाह के एक सप्ताह बाद उसके पति शाहबाज, सास शबाना, ननद अंजू ने उसे दहेज में आर-15 बाइक की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद पत्नी न्याय के लिए ससुराल व मुबारकपुर थाने पर गुहार लगाने के बाद जीयनपुर थाने पर तहरीर लेकर पहुंची। जीयनपुर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री की पत्नी के निधन पर शोक

## अंतिम दर्शन को उमड़ा जन सैलाब

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व मंत्री बलराम यादव की पत्नी व क्षेत्रीय विधायक डॉ.संग्राम यादव की माता लल्ली देवी का लंबी बीमारी के चलते लखनऊ में मंगलवार की रात निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। लखनऊ से भोर में उनके पार्थिव शरीर को पैतृक निवास अतरौलिया सेनपुर लाया गया जहां अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही हजारों की संख्या में राजनीतिक दलों व गैर राजनीतिक समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। पार्थिव शरीर को बुधवार की दोपहर बजे अंबेडकर नगर के रामबाग घाट पर ले जाया गया, उनके बड़े पुत्र रामसागर यादव मुन्ना ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर नवीन प्रसाद, विधायक त्रिभुवन दत्त, विशाल वर्मा, कमला यादव, राकेश पांडेय, पूर्व मंत्री बलराम यादव के चारों पुत्र राम सागर यादव मुन्ना, गंगा सागर यादव गंगा, विधायक संग्राम यादव, पायलट सुभाष यादव मौजूद रहे। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से विशाल वर्मा, दरोगा सरोज, चंद्रदेवराम यादव करैली, जगदीश पांडे, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, प्रमुख चंद्रशेखर यादव, सुभाष चंद जायसवाल, दरोगा सरोज कन्हैया गौड़, जयप्रकाश यादव, बर्मन यादव, हरीराम बागी, राधेश्याम यादव समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



शोक संवेदना व्यक्त करते लोग।

# एमएसएमई मंत्रालय ने किया राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य सरकारी विभागों, संगठनों तथा इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं लघु उद्योग भारती के सक्रिय सहयोग से शहर स्थित एक होटल में राष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में राजेश भाटिया, राष्ट्रीय सचिव व मिथलेश बरनवाल, सचिव, आजमगढ़, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, भरत थराड़, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, मऊ, एसएस रावत, उपायुक्त उद्योग, आजमगढ़ तथा एलबीएस यादव, संयुक्त निदेशक, प्रयागराज के अलावा एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में ह्लउत्तर प्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन नीति-2022ह्व ह्लउत्तर प्रदेश वस्त्र एव परिधान नीति-2022ह्व ईसीजीसी द्वारा निर्यात पर जोखिम से सुरक्षा, नाबार्ड द्वारा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के विकास, एपीडा द्वारा कृषि एवं खाद्य उत्पादों के निर्यात आदि पर चर्चा की गई। डॉ.मनीष अरोड़ा द्वारा उत्पादों के बाजार के मांग के अनुसार पैकेजिंग के महत्त्व पर विस्तृत चर्चा की गई।





दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण।

साथ ही साथ एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमईस को दी जाने वाली विभिन्न सहायताओं एवं स्कीम्स आदि पर भी प्रेजेंटेशन दिए गए। भारत सरकार की खरीद में एमएसएमई की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए प्रदत्त गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जैम), पब्लिक प्रोक्योरमेट पॉलिसी (पीपीपी) और साथ में उनकी वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने हेतु ट्रेड एवं सिडबी की सहायता इत्यादि पर विस्तृत चर्चा हुई। एमएसएमई इकाइयों को फंड उपलब्ध कराने में सहायक सेल्फ रिलायंट इंडिया फंड एवं एसएमई एक्सचेंज पर भी विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मौके पर उद्यम, जैम व जेड पंजीकरण सुविधा प्रदन की गई।

डिफेंस एयरो स्पेस और अन्य सरकारी विभागों ने इस अवसर पर स्टाल्स लगाकर एमएसएमई इकाइयों को वन-टू-वन चर्चा का अवसर प्रदान कर अपनी आवश्यकतों को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के अयोजन में ग्रामीण फाउंडेशन इण्डिया, एसडी स्वा चैरिटेबल ट्रस्ट और सेवा भारती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्यक्रम में लगभग 170 एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया।

संचालन वीरेन्द्र राणा तथा धन्यवाद ज्ञापन राजेश चैधरी ने किया। इस अवसर पर रीतेश बरनवाल, हिमांशु शेखर, अभिषेक पुष्कर, रवि रौनियार आदि उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय रघुनाथ कथा का हुआ शुभारंभ

**आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र अंतर्गत रौनापार थाना क्षेत्र के चालाकपुर ग्राम सभा में स्थित रामलीला मैदान पर बुधवार को तीन दिवसीय श्री रघुनाथ कथा का शुभारंभ किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी । पहले दिन ही बाल व्यास रामाश्रय रामायणी जी द्वारा राम कथा सुनाई गई और जुटी श्रद्धालुओं की भीड़ राम कथा सुनकर भाव विभोर हो गई । जानकारी के लिए आपको बता दें कि आज 1 मार्च दिन बुधवार से शुरू होकर यह कथा 3 मार्च तक चलेगी। बाल व्यास रामाश्रय रामायणी जी महाराज व सुरेश चंद्र मिश्रा कथावाचक है वही पहले दिन राम कथा वाचन से आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के रामलीला समिति द्वारा बड़े ही श्रद्धा पूर्वक संपन्न कराया जा रहा है।



कथा का श्रवण करती महिलाएं।

# अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमा होगा वापस: जय नारायण पांडेय

**कार्यक्रम**

**अधिवक्ता के हक की लड़ाई लड़ेगा बार काउंसिल**

**नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ**

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील के अधिवक्ता सभागार में नवनिर्वाचित अधिवक्ता समिति का शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। नव निर्वाचित अध्यक्ष मंत्री सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी ने शपथ ली।

बुधवार को अधिवक्ता समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर जय नारायण पांडेय उपाध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष वेद प्रकाश राय, मंत्री आशीष मिश्रा, उपाध्यक्ष हरेंद्र बहादुर, परमहंस मौर्य, आनंद प्रकाश राय व प्रतीश यादव, कोषाध्यक्ष पद पर चंद्र प्रकाश सहित सह मंत्री व कार्यकारिणी के 10 सदस्यों ने शपथ ली। मुख्य अतिथि व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सगड़ी अधिवक्ता समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



पद व गोपनीयता की शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम सगड़ी राजीव रतन सिंह ने बार व बेंच में सामंजस्य बनाकर जनहित में न्यायपालिका को सुचारू रूप से चलाने की अपेक्षा की। अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश राय ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान की लड़ाई लड़ने से अधिवक्ता समिति पीछे नहीं हटेगी। मंत्री आशीष मिश्रा ने सभी अधिवक्ता साथियों के साथ खड़े रहने का वादा किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज जय नारायण पांडेय ने कहा कि लालगंज में अधिवक्ता पर दर्ज मुकदमा वापस होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर आकस्मिक दुर्घटना पर डेढ़ लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए का आश्वासन लिया है आजमगढ़ ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश अधिवक्ताओं के हक की लड़ाई बार काउंसिल लड़ेगा। अध्यक्षता एल्डर कमेटी के चेयरमैन मणिकेश्वर मिश्रा व संचालन अजय सिंह ने किया।

# छात्रा की अचानक हुई मौत

**सनसनी**

**परिजनों में कोहराम**



मौके पर जुटी भीड़

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में बारहवीं कक्षा की छात्रा की अचानक मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। सेमरा कलां गांव निवासी रवि शंकर मौर्य उर्फ गुड्डू मौर्य की 17 वर्षीय बेटी नेहा मौर्य मंगलवार की देर रात ग्यारह बजे के करीब पढ़ने के बाद छत पर स्थित शौचालय में शौच के लिए गई थी। काफी देर तक नीचे नही आने पर घर पर मौजूद बुआ की बेटी ममता छत पर गई तो नेहा शौचालय के बाहर छत पर गिरी पड़ी थी।

नेहा को छत पर अचेत अवस्था में देखकर ममता हैरान रह गई और घर पर मौजूद नेहा के भाइयों तथा रिश्तेदारी में गए माता पिता को घटना की सूचना दी। घटना के वक्त मृत छात्रा के माता-पिता हलिया थाना क्षेत्र के बड़ौही गांव स्थित अपने रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सूचना पाकर मृतका के माता-पिता आनन-फानन में घर पहुंचकर छात्रा को उपचार हेतु बरौंधा स्थित निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बुधवार सुबह मंडलीय चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रविशंकर मौर्य छात्रा को जहरीले जंतु के काटने की आशंका में करनपुर स्थित एक वैद्य के यहां दवा पिलाने व झाड़ फूंक के लिए ले गए लेकिन छात्रा की जान नही बच सकी। परिजनों ने बताया कि मृत छात्रा दो भाइयों में बड़ी थी और सेमरा खुर्द स्थित हनुमान पटेल इंटर कालेज में बारहवीं छात्रा थी और बुधवार को उसका बोर्ड का पेपर था। छात्रा किसी बीमारी आदि से पीड़ित नही होने से अचानक मौत हो जाने पर ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना रहा।

# जिले में सकुशल धान की खरीद हुई संपन्न

**पहल**

**इस वर्ष किसान पंजीकरण में लगभग 21,000 की कमी आयी**

**मीरजापुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत क्रय सत्र की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक जनपद में 30835 किसानों से 1,68,136.83 मीट्रिक टन की खरीद सकुशल सम्पन्न हुई । बताया गया कि इस वर्ष धान क्रय हेतु कुल 81 क्रय केन्द्र स्वीकृत किये गये थें, जिसमें खाद्य विभाग द्वारा 23, पीसीएफ द्वारा 27, पीसीयू द्वारा 17, यूपीएसएस द्वारा 10, मण्डी समिति द्वारा 2 तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा 2 क्रय केन्द्र संचालित किये गये। कुल क्रय किये गये धान के सापेक्ष 99.81 प्रतिशत धान का चावल मिला को प्रेषण तथा इसके सापेक्ष देय चावल का 98 प्रतिशत सीएमआर का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम को कर दिया गया है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इस दृष्टि से जनपद का प्रदेश में स्थान शीर्ष जनपदों में है।

गौरतलब है कि गतवर्ष लगभग साठ हजार किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया, जिसके सापेक्ष अंतिम रूप से 39139 किसानों द्वारा विक्रय किया गया। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष किसान पंजीकरण में लगभग 21,000 की कमी आयी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सकुशल धान खरीद सम्पन्न होने पर अपर जिलाधिकारी वि/ रा, जिला खरीद अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी, चारों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों, सभी नोडल अधिकारियों, संस्था प्रभारियों, केन्द्र प्रभारियों एवं खरीद कार्य में लगे सभी अधीनस्थ कार्मिकों की प्रशंसा करते हुये उन्हें बधाई और शुभकामना के साथ कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी इसी निष्ठा एवं लगन से कार्य करते हुये आगामी 01 अप्रैल से होने वाली गेहूँ खरीद को भी सफल बनायेंगे।

# सूख रहा है क्षेत्रवासियों का गला आश्वासन से किया जा है तर

**अहरौरा।** मार्च शुरू होते ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। मड़िहान विधान सभा के क्षेत्र के अहरौरा क्षेत्र में ऐसे कई गांव है, जहां पेयजल की किल्लत होना प्रारम्भ हो गया है। अभी तो गर्मी की रुख धीरे धीरे शुरू हुआ है। क्षेत्र में मई जून के महीने तक पेयजल को लेकर संकट और गहरा जायेगा। अहरौरा क्षेत्र में अभी से ही भूगर्भ जलस्तर तेजी से नीचे की ओर खिसकता जा रहा है।

भुगर्भ स्तर गिरने की वजह से अधिकांश गांवों में हैंडपंप व कुआं पानी पानी छोड़ दिया है। पानी की समस्या की सबसे ठोस वजह इस वर्ष बारिश का न होना है। जिसके कारण भुगर्भ जलस्तर में कमी हुई है। पानी की समस्या होने से सबसे पशुओं के लिए सबसे बडी समस्या उत्पन्न होगी। क्षेत्र के बांध, नदी व तालाब अभी से सूख रहे है। क्षेत्र के सोनपुर गांव में पेयजल की संकट गहरा गई है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम सभा मे कुआं सूखने लगा है। हैंडपंप से भी घण्टों चलाने पर थोड़ा थोड़ा पानी निकलता है। अभी से ही पेयजल की संकट होना चालू हो गया है। क्षेत्र के पहाड़ी इलाके सोनपुर, भगवती देई, दुर्गा जी पहाड़, तेदुई, दादो, डकही विविपोखर, धुरिया आदि क्षेत्रों में संकट गहरा गया है। पहाडी क्षेत्र होने की वजह से हाल बेहाल है।

## होली पर्व को लेकर कंट्रोल रूम की हुई स्थापना

**मीरजापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट शिव प्रताप शुक्ल ने जानकारी देते हुये बताया है कि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा दिये गये क्रम में होली के पर्व पर शान्ति व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था एवं होली पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने जाने हेतु कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना किया गया है। आम जनता 05442-256357 पर सम्पर्क कर सकते है। इसको लेकर 08 मार्च तक कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगायी गयी है।

## विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन 6 मार्च को

**मीरजापुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन 6 मार्च को स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज आयोजित की जायेगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों को व्यापक रूप देने के उद्देश्य से विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद, मंडल व राज्य स्तर पर विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष, जिला विद्यालय निरीक्षक सदस्य सचिव, जिला सूचना अधिकारी सदस्य, जिला समन्यवयक जिला विज्ञान क्लब सदस्य नामित किये गए है। जनपद में जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु जिला अधिकारी द्वारा सहमति प्रदान की गई है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 एवम 11 के छात्र एवम छात्रा ,पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवमं असंगठित क्षेत्र के नव प्रवरतको को आमंत्रित किया गया है। इस प्रतियोगिता में 9 एवम 11 के 90 मॉडल, प्रदर्शित होने होगें। कक्षा 9 एवम 11 के 100 मॉडलों में से 15 मॉडल मंडल स्तर के लिए चयनित किये जायेंगे।

# मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात गोष्ठी का मंडलायुक्त ने किया शुभारम्भ



किसानों को सम्बोधित करते मंडलायुक्त

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात 2019 के अन्तर्गत कृषि निर्यात संवर्धन हेतु प्रगतिशील कृषको व कृषक उत्पादक संघटनों/कृषि निर्यातकों के हित में आयोजित मण्डलस्तरीय कृषि निर्यात गोष्ठी/कार्यशाला का मण्डलायुक्त डा मुथुकुमार स्वामी बी ने आयुक्त सभागार में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग नोडल एजेंसी कृषि निर्यात डॉ अनिल यादव ने मण्डलायुक्त को तुलसी का पौध देकर स्वागत किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये मण्डलायुक्त ने कहा कि हमारे देश भारत द्वारा दो हजार वर्ष पूर्व से ही निर्यात करने प्रमाण उपलब्ध हैं। जिस प्रकार से गंगा को माँ का दर्जा प्राप्त हैं। उसी प्रकार दक्षिण भारत में कावेरी को माँ का दर्जा प्राप्त हैं। उन्होने कहा कि निर्यात हेतु सभी एफपीओ को और जानकारी प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने बताया कि किस प्रकार से हम अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्यात कर सकते हैं। कार्यशला में डॉ एपीडा के द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि निर्यात योजनाओं का प्रस्तुतीकरण तथा विन्ध्याचल मण्डल द्वारा सब्जियों के निर्यात के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। डॉ अनिल यादव कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा कृषि नियार्तोन्मुख कलस्टर निर्माण, कृषि निर्यात नीति, एक्सपोर्ट, प्रमोशल प्लान पर विस्तृत परिचर्चा की गयी। अमरनाथ राय जीआई एक्सपर्ट द्वारा जीआई कैसे रजिस्टर करायें तथा कैसे कृषि उत्पादकों को जीआई टैग हेतु आवेदन करना चाहियें विस्तृत जानकारी दी गयी।

कार्यशाला के अन्त में डॉ अनिल यादव द्वारा सभी एफपीओ, एफपीसी, निर्यातक व प्रगतिशील कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र, उप निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय, उप निदेशक उद्यान व मत्स्य उपस्थित रहे।

# एक दूजे के हुए 175 जोड़े



सामूहिक विवाह में मौजूद जोड़े व उनके परिजन

**लालगंज।** स्थानीय विकास खंड परिसर के सामने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 175 नव दंपति ने सात फेरे लगाकर जीवन की शुरूआत की। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी वीएस ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। उन्होंने नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने की बात कही।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विशिष्ट अतिथि नवागत उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने वर वधु दोनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार की व्यवस्था गरीबों के लिए सराहनीय है। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी गिरीश दूबे, खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जय प्रकाश उपाध्याय, थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया, विष्णु, रामबली, राकेश, अमरेश, श्याम धर, शंभू प्रसाद, विमलेश मिश्रा, फूल चंद पटेल, दिलीप कुमार शशिकांत दूबे आदि मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद की बैठक संपन्न

**अदलहाट।** भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर की आवश्यक बैठक मंगलवार को शाम डा भगवानदास सिह के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर के नये सत्र दायित्वधारियों का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया। संगठन के वित्त सचिव काशी प्रान्त डा अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व मे अध्यक्ष डा शिवबली सिंह सचिव ओमप्रकाश सिंह व वित्त सचिव तुलसी दास मोदनवाल को दायित्व के लिये निर्विरोध चयन किया गया। चयनित पदाधिकारियों को उपस्थित लोगो ने रुद्राक्ष की माला व होली साफा पहनाकर तथा अबीर लगाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुन्नू प्रसाद, डॉ. ओपी, शमशेर बहादुर, राम आसरे, अनिल, रामविलास गुप्ता, डा.आरसी, डॉ. सीबी, सत्य प्रकाश, कृपा शंकर, भोला नाथ आचार्य, डॉ. अजीत, अरुण आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**कछवां।** क्षेत्र के बजहां गांव में स्थित प्राइमरी पाठशाला में गांव के ही बच्चों में दो पक्षों में विवाद हो गया, जोकि बच्चों का झगड़ा बड़ों तक पहुंच गया। गांव के ही यादव और सरोज परिवार के बच्चों से स्कूल में किसी बात को लेकर बुधवार को मारपीट हो गई थी, जहां सरोज परिवार के बच्चे के नाक पर चोट लग गयी। बच्चा भागकर घर आया तो परिजनों ने पूछा तो बच्चा ने बताया कि यादव के लड़के ने मारा है। इतना सुनते ही गुटबंदी हो गई और दोपहर दोनों पक्ष में जमकर ईंट पत्थर और लाठी डंडे चलने लगे। चार महिला व चार पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गये। जोकि एक पक्ष से संतोष यादव पुत्र नारायण (36), दीपक यादव पुत्र नारायण (38), ममता पुत्री जगदीश (22), जगदीश यादव पुत्र दुखरन (48), मंजू यादव पत्नी जगदीश (42) और दूसरे पक्ष से सविता सरोज पत्नी रवि सरोज (30), रवि सरोज पुत्र मुन्नार (32), जोखना देवी पत्नी रामजीत (65) घायल हो गए। संतोष यादव और दीपक यादव तथा जोखना देवी को गंभीर चोट आयी है। तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# रक्तदान जागरूकता गोष्ठी व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा बुधवार को माँ विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में रक्तदान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरूआत में लोकगायक श्याम मुरारी बिन्द ने अपने कविता के माध्यम से रक्तदान के फायदे बताये। उसके बाद रामकुमार गुप्ता रक्तकोष पीआरओ ने रक्तदान करने के फायदों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया।

मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ आर बी कमल ने आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट को धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत ही सराहनीय पहल है।

संस्था द्वारा हर एक इंसान को रक्तदान के बारे में जानकारी होना चाहिए और जब भी मौका मिले रक्तदान जरूर करना चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने गोष्ठी के अंत मे प्राचार्य का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य है हर घर ब्लड डोनर इस अभियान में हमें ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लोगो के अंदर फैलाना है ताकि जब कभी भी ब्लड की जरूरत पड़े तो वो जागरूक व्यक्ति अपने रक्तदान से सामने वाली की जान बचा सके।

उपस्थित 32 छात्र और छात्रों ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। मेडिकल चेकअप के बाद कुल 15 छात्रों ने रक्तदान किया ।

ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य अमन कुमार सेठ ने अपने जन्मदिन पर 14 वां रक्तदान किया।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से सफल बनाने हेतु - ट्रस्ट के सचिव अभिषेक साहू, उपाध्यक्ष आशुतोष हैहयवंशी, मोहित कसेरा, शिवा वर्मा, विनय ऊमर सहित माला पटेल रक्तकोष काउंसलर, अमित कुमार पटेल, प्रदीप कुमार एवं अन्य रक्तकोष के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीस कमेटी की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद ग्रामीण

**मड़िहान।** थाना संतनगर में होली व सबेरात त्योहार को देखते हुए सौहार्द कायम रहे इसके लिये पीस कमेटी की बैठक एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी उपस्थित प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों व अन्य ग्रामीणों को एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने रात्रि 10 बजे के बाद साउंड नही बजाने हिन्दू मुस्लिम में सौहार्द कायम रखने, समय से पहले होली नही जलाने की सलाह दिया। क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज द्वारा क्षेत्र में शराब बनने, आपत्ति जनक फोटो लगाने ,गलत बयानबाजी करने पर तत्काल सूचित करें। सूचना गोपनीय रखी जायेगी के साथ कार्यवाई के लिए आश्वस्त किये। बैठक में एसडीएम द्वारा ग्राम पंचायतों में साफ सफाई, पेयजल संकट निवारण हेतु सहायक विकास अधिकारी श्रीकृष्ण उपाध्याय को निर्देशित किया।

एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह के साथ क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज थानाध्यक्ष कमल टावरी, सहायक विकास अधिकारी श्री कृष्ण उपाध्याय के अलांवा प्रधानों में पवन कुमार, चन्द्रबली यादव, राजेश तिवारी, दीपक सिंह पटेल, बबलू, बृजेश पांडेय, अटल कुमार, राजू कोल, रामनरेश, राजेश पटेल आदि लोग रहे।

# स्वास्थ्य व आयुष विभाग के निर्माण कार्यों में प्रगति बढ़ाने का दिया निर्देश

## निरीक्षण करके मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माणाधीन अस्पतालों के बारे में ली जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**



निरीक्षण करती सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने लोहदी स्थित निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर कार्य की प्रगति धीमी पाई गयी।

अभी तक मुख्य भवन के फाउन्डेशन में पाइलिंग-बोरिंग, कास्टिंग एवं टेस्टिंग कार्य, पाईल कैप, ग्रेड बीम एवं कालम कार्य, प्लिंथ लेवल तक ब्रिक वर्क का कार्य ही मात्र किया गया है, भवन में मिट्टी भराई का कार्य नहीं हुआ है। मौके पर ही दूरभाष द्वारा जिला खनिज अधिकारी से वार्ता कर निर्देशित किया गया कि तत्काल आवश्यक औपचारिक्ताओं को पूर्ण करके स्वीकृति कराते हुए अवगत करायें। परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया कि स्वीकृति प्राप्त होते ही आधिक संख्या में श्रमिकों को लगाकर तीव्र गति से कार्य करायें। सीडीओ ने टीकाकरण केन्द्र चितांग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त आवश्यक चिकित्सा औषधि उपलब्ध पायी गयी।

टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण करने के बाद मुख्य विकास अधिकारी हेल्थ वेलनेस सेन्टर लहंगपुर पहुंच गईं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शटरिंग कार्य किया गया है। मौके पर कार्य बन्द पाया गया।

मौके पर उपस्थित परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि सेटरिंग की सामग्री लाने गये है। निर्देशित किया गया कि 20 मार्च तक कार्य पूर्ण कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें। हेल्थ वेनलेस सेन्टर धसड़ा का निरीक्षण करने पर पाया गया कि भवन की छत की ढलाई का कार्य हो गया है, किन्तु प्रगति अत्यन्त धीमी है। परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि धनराशि के अभाव में कार्य धीमा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-लालगंज 20 बेड के अस्पताल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि भवन बनकर तैयार है। टाइल्स, आन्तरिक विद्युतीकरण इत्यादि कार्य पूर्ण हो चुके है, किन्तु फिनिशिंग नहीं हुआ एवं खिड़की का कब्जा उल्टा लगाया गया है। कैम्पस की बाउण्ड्रीवाल टुटी हुई पायी गयी एवं साफ-सफाई का अभाव पाया गया। कार्यदायी संस्था पैकफेड को निर्देशित किया गया कि कमियों दूर करते हुए हस्तान्तरण करें। निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्साधिकारी-लालगंज, क्षेत्रिय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी, परियोजना प्रबंधक यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, यूनिट-16, सहायक अभियंता यूपी आरएल एसएस उपस्थित रहे।

# संक्षेप

## पार्क में योग का निवर्तमान अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने किया उद्घाटन



**मीरजापुर।** योग को बढ़ावा देने के लिए लोगों को अब पार्कों में सुबह व शाम दो सत्र में योगाभ्यास कराया जायेगा। बुधवार को इसी योगाभ्यास "पार्क में योग" का शुभारंभ निवर्तमान अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने किया। जहां विभाग के लोगों द्वारा उन्हें बुके देकर सम्मानित भी किया। आयुष चिकित्सा पद्धति एवं योग को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा लोगों से योगाभ्यास कराया जाएगा। इस दौरान आयुर्वेद, होमियोपैथी एवं आयुष (यूनानी) डॉक्टर भी मौजूद रहेंगे।

## शाखा प्रबंधक ने दी थाने में तहरीर

**जमालपुर।** इंडियन बैंक कर्मी के साथ बदतमीजी करने एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के कारण बुधवार को इंडियन बैंक जमालपुर के शाखा प्रबंधक प्रशांत त्रिपाठी व प्रबंधक ओमप्रकाश सिंह ने थाना पर पत्रक दिया है। जिसके माध्यम से बताया कि पलक धारी चौबे निवासी ओडी ने इंडियन बैंक में आकर कैश काउंटर पर तैनात महिला कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। बैंक में तैनात सुरक्षा गार्डों के मना करने के बावजूद भी नही माने, जहां बैंक कर्मचारियों को धमकी दी। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है, शांति व्यवस्था में बाधक बनने वाले व्यक्ति के ऊपर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

## सड़क पर गिरकर घायल हुए छात्र

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित मिलेट्री कम्पाउन्ड के पास बुधवार को हाईस्कूल का परीक्षा देकर लौट रहे छात्र को पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया, जिससे छात्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल छात्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लहंगपुर लेकर गये, जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने देखरेख में छात्र का उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के देवरी उत्तर गांव निवासी छात्र आशुतोष मिश्रा उम्र 16 वर्ष परीक्षा हाई स्कूल की परीक्षा देकर बाइक से अपने घर लौट रहा था कि करनपुर पहाड़ी के ऊपर मिलेट्री कम्पाउन्ड के पास राष्ट्रीय मार्ग 135 के फोरलेन सड़क पर पीछे से आ रही बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लहंगपुर में उपचार कराने के लिए ले गए जहां पर मौजूद चिकित्सक ने घायल छात्र का उपचार कर रहे है।

## बोलेरो के धक्के से किशोर हुआ घायल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनपुर निवासी छोटू पुत्र गोलू पटेल उम्र 12 वर्ष पैदल सड़क किनारे एकतरफ से दूसरे पटरी पे जा रहा था कि जमुई की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने धक्का मार दिया। घटना में छोटू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को रिजर्व गाड़ी से नारायणपुर में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव में पूर्व कोटेदार के द्वारा अवशेष 64 कुंटल 83 किलो खाद्यान्न चयनित नए कोटेदार को न देने पर बुधवार को पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मनिगढा गांव निवासी पुर्व कोटेदार गौरी शंकर के विरुद्ध दुकान पर बचे अवशेष 32 कुंतल गेहूं तथा 32.83 कुंतल चावल चयनित खाद्यान्न नये कोटेदार को हस्तांतरित नहीं किया गया है, जिसको लेकर आपूर्ति निरीक्षक हलिया विनोद कुमार तिवारी ने कोटेदार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 /7 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध मे थाना अध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया की आपुर्ति निरीक्षक की तहरीर पर कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जीआरपी प्रभारी का स्थानांतरण, अनिल त्रिपाठी संभालेंगे कमान

**मीरजापुर।** जीआरपी प्रभारी का स्थानांतरण अन्यत्र हो जाने के बाद अनिल त्रिपाठी को जीआरपी प्रभारी बनाया गया है। मंगलवार की देर रात जीआरपी प्रभारी संतोष कुमार सिंह का स्थानांतरण वाराणसी के लिए किया गया है। जीआरपी के नए प्रभारी के रूप में अनिल त्रिपाठी जीआरपी की कमान संभालेंगे। अनिल त्रिपाठी इससे पहले पंडित दीनदयाल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी में उप निरीक्षक पद पर तैनात थे।

## टी-20 वालीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**मीरजापुर।** निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल बुधवार की दोपहर भिस्कुरी में स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में टी 20 जनपदीय जूनियर बालक वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता वर्ष का उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय के सदस्यों ने निवर्तमान नपाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ और बैच लगाकर स्वागत किया। मनोज जायसवाल ने फीता काटकर वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर मनोज जायसवाल ने कहा कि खेल कोई भी हो, खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहियें। इस मौके पर बलराज सिंह, अशोक शुक्ला, विनय प्रकाश, पंकज त्रिपाठी, जितेन्द्र यादव, राहुल बिन्द, सुनील, योगेश योगराज, अनवर हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनहित मोर्चा की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** जनहित मोर्चा की बैठक बुधवार को जिला कैम्प कार्यालय तुलसी चौक पर सम्पन्न हुई। बैठक अध्यक्षता लालबहादुर मौया ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष लल्लूराम कसेरा ने जिला इकाई पर विस्तार से चर्चा करते हुये जिला महामंत्री रामराज मौर्य को बनाए जाने की बात कही, जिसे बैठक में सर्व सम्मत से पास किया गया। बैठक के क्रम में जिलाध्यक्ष लल्लूराम कसेरा ने कहा कि जनहित मोर्चा अपने मिशन पर जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया है और करता रहेगा। जनहित मोर्चा वर्तमान राजनीतिक अथवा धार्मिक बयानबाजी से कोई मतलब नहीं रखता। जनता की मूल समस्या होली के त्योहार पर उबड़-खाबड़ सड़क की समस्याओं को लेकर नगर पालिका परिषद मीरजापुर को अवगत करा दिया गया है। समस्या का समाधान नही होने पर जनहित मोर्चा जल्द ही आन्दोलन करेगा। बैठक में लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, समसुद्दीन मंसुरी, भोलानाथ साहू, श्यामबाबू अग्रहरि, बबू बनवासी, भोजराज त्रिपाठी, डॉ० दिनेश चौधरी, रतनलाल मौर्य, गुलाब चन्द्र गोड़, रामराजा मौर्य, शंकरलाल, अजय कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## गोष्ठी में गांव की समस्या को लेकर की गई चर्चा

**लालगंज।** विकास खंड परिसर में प्रधान संघ कार्यालय उद्घाटन एवं ग्रामीण विकास की चुनौतियां विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक गांव के विकास की योजनाओं की बयार चल रही है जो जानकारी और जागरूकता की जरूरत है। प्रधान संघ कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ करते प्रमुख जयंत कुमार ने कहा कि संगठन रचनात्मक दिशा देने के लिए होती है। अध्यक्ष अनीता गुप्ता ने बताया कि संगठन का अपना अतीत होता है, उसके निर्वहन के लिए सामूहिक सोच और आपसी विश्वास मानवीय गुणों के आधार पर बनाए रखने की जरूरत होती है। उद्घाटन अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामबली गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण विकास की चुनौतियां सीखने की प्रवृत्ति पैदा करती है जो नया आयाम विकसित करती है। ग्राम प्रधान कुसुम दूबे ने कहा कि विकास और चुनौती दोनों का अपना सामंजस्य जागरूकता से रचनात्मक दिशा की ओर ले जाने की जरूरत होती है। कार्यक्रम का संचालन संचालन अरविंद यादव ने किया। इस अवसर गीता देवी, अमरेश दूबे, विमला देवी उमेशचंद्र आदि रहे।

## गायत्री महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

**राजगढ़।** राजगढ़-चुनार मार्ग के हिनौता गांव अन्तर्गत प्राचीन हनुमान मंदिर पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख गजेन्द्र प्रताप सिंह ने भूमि पूजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से आह्वान किया था। कार्यक्रम के दूसरे चरण में भीटी गांव के तालाब से कलश में जल भरकर कलशयात्रा निकाली गई। महिलाओं ने लगभग तीन किलोमीटर चलकर हनुमान मंदिर तक यात्रा की। कार्यक्रम का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिषद की ओर से किया जा रहा है, जिसमें गायत्री परिवार के भारी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। इस यज्ञ के आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, जहां क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ जमा होने की उम्मीद जताई जा रही है। कलशयात्रा के दौरान प्रवीण पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष राजगढ़, कप्तान सिंह, रामनरेश विश्वकर्मा, संजय सिंह, भूवनेश्वर सिंह, अवधेश कुमार, राजेश केशरी, हेमलता सिंह, धिरेन्द्र सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों का निःशुल्क सर्जरी हेतु करायें पंजीकरण

**मीरजापुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश सोनकर ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 01 से 10 वर्ष के शारीरिक रूप से अक्षम दिव्यांग बच्चों का निःशुल्क करेक्टिव सर्जरी कराया जाना है। तीन मार्च को मण्डलीय चिकित्सालय में प्रातः 10:30 बजे से करेक्टिव सर्जरी हेतु दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर चयन किया जायेगा। करेक्टिव सर्जरी कराये जाने हेतु दिव्यांगजन जिनके हाथ, पैर टेढ़े-मेढ़े हों या मांस पेशिया कड़ी हो वे दिव्यांगजन अथवा उनके अभिभावक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन में सम्पर्क करके अपना पंजीकरण करा लें। चिकित्सा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एक फोटो एवं आय प्रमाण पत्र ले जाकर पंजीकरण करा सकते है।

## थाने पर जनसुनवाई का आयोजन

**राजगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देश पर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए समस्त थाना मुख्यालय पर थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस की ओर से थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव के नेतृत्व में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुल 4 मामले आए थे जिसमें तीन मामले भूमि संबंधी विवाद तथा चौथा मामला आपसी विवाद से संबंधित था। चारो मामलों पर गहनता से जांच पड़ताल करने से तीन मामलों का निपटारा कर दिया गया, वहीं चौथे मामले को लेकर जांच कराई जा रही है, जिसकी रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अपराध व अपराधियों के खिलाफ लें सख्त ऐक्शन

## सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की सतत निगरानी रखते हुए आपत्तिजनक पोस्टों पर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित कर किया जाए तत्काल खंडन

**सोनभद्र।** पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह ने बुधवार को आगामी पर्वों एवं जनपद में शांति व कानून व्यवस्था सहित अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत पुलिस लाइन चुर्क में समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान डीआईजी ने अपराध व अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन नेले, अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने व सोशल मीडिया की निगरानी रखने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान एसपी डा. यशवीर सिंह सहित समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी व शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

डीआइजी ने आगामी पर्वों होलिका, शब-ए-बरात को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र अंतर्गत अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही, आगामी पर्वों की संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों का पूर्वाभ्यास कराया जाए। सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिसकर्मियों को मोटर साइकिल व कलस्टर मोबाइल के साथ ड्यूटी लगाकर लगातार भ्रमणशील रखा जाए। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से अपने साथ बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट व डंडा इत्यादि दंगा नियंत्रण उपकरणों को रखने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। पीआरवी वाहनों पर अधिक से अधिक पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। सभी पुलिस वाहनों पर लाउड हेलर व पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय करते हुए त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने हेतु आमजन से अपील की जाए। लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध कराया जाए। सोशल मीडिया टीम द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक/भ्रामक पोस्टों के प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित करते हुए तत्काल प्रभाव से उसका खंडन किया जाए। सम्भ्रांत व्यक्तियों के बीच में आपसी सौहार्द बनाये रखने के सम्बन्ध में बैठक करके समन्वय स्थापित करें। आमजनमानस के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न किया जाय सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



पुलिस लाइन में अफसरों संग कानून व्यवस्था की समीक्षा करते डीआईजी

**बोले डीआईजी**

**आगामी पर्वों एवं जनपद में कानून व शांति व्यवस्था सहित अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत की समीक्षा**

**थाना प्रभारियों को अवैध शराब निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु दिए गए सख्त निर्देश**

# आटो व बाइक की टक्कर में दंपति समेत तीन घायल

जनसंदेश न्यूज

**करमा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केकराही बाजार में बुधवार को बाइक व आटो की टक्कर में बाइक सवार दंपति समेत तीन लोग घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। बताया गया कि बैडाड़ निवासी श्विास मौर्य 30 पुत्र ओमप्रकाश मौर्य अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर डाला वैष्णो मंदिर जा रहे थे। जैसे ही केकराही बाजार में पहुंचे सामने से आ रही तेज रफ्तार आटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक सवार सड़क पर जा गिरे जिससे वे घायल हो गए। दुर्घटना स्थल पर पहुंचे बीजेपी नेता विपिन तिवारी ने सभी घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कद दिया।

# मुख्यमंत्री से आंदोलन समाप्त कराने की मांग



बैठक के दौरान नारेबाजी करते संगठन के लोग

**ओबरा।** हाइड्रो इलेक्ट्रिक यूनियन इंटक कार्यालय में मंगलवार की देर शाम शाखा अध्यक्ष विन्ध्याचल की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी।बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष हर-देव नारायण तिवारी ने कहा कि केंद्रीय संयुक्त संघर्ष समिति के साथ 3 दिसम्बर 2022 को उत्तर प्रदेश शासन एवं ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हुए लिखित समझौते का क्रियान्वयन नहीं किए जाने के कारण पूरे प्रदेश में विद्युत कर्मचारी आंदोलन करने के लिए विवश हैं।सरकार ने विद्युत कर्मचारियों के साथ अपना विश्वास खो दिया है।कहा कि 16 मार्च 2023 की रात्रि 10 बजे से 72 घंटे की हड़ताल पर जाने के लिए सरकार ने विवश कर दिया है।पूरे प्रदेश में संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा जन जागरण का कार्य किया जा रहा है।उसी के तहत 2 मार्च 2023 को ओबरा में भी केंद्रीय नेताओं द्वारा जन जागरण का कार्यक्रम होने जा रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील किया की यथाशीघ्र हस्तक्षेप कर इस आंदोलन को समाप्त कराने में सहयोग प्रदान करें।शाखा महामंत्री सतीश कुमार ने कहा की परियोजना में प्रबंधन कार्य करने लायक वातावरण नहीं बना रहा है।इसके चलते कर्मचारियों को काम करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।बॉयलर साइट से लेकर 52 मीटर की ऊंचाई तक लाइट की व्यवस्था नहीं होना, माइनस 4 मीटर से लेकर बॉयलर साइट की नालियों में पानी और तेल भरा रहना एवं कर्मचारियों को जलपान गृह का व्यवस्था नहीं देना यह सीधे कानून का उल्लंघन है।संविदा श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान समय से नहीं किए जाने से उनके ईपीएफ का रखरखाव समुचित ढंग से नहीं होने से कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है।मुख्य महाप्रबंधक ओबरा से संगठन का प्रतिनिधिमंडल मिल कर वार्ता कर समस्या के निस्तारण का प्रयास करेगा।सुरक्षा की दिशा में प्रबंधन द्वारा सुरक्षा समिति का गठन जरूर किया गया है लेकिन वह कागज पर ही सिमट कर रह गया है।किसी संगठन का प्रतिनिधित्व उसमें नहीं देकर प्रबंधन द्वारा अपने लोगों को ही उस समिति में रखा है।जबकि प्लांट में काम करने वाले लोगों को सुरक्षा समिति में रखना चाहिए।

संचालन महामंत्री सतीश कुमार ने किया।बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष शिव कुमार, उपाध्यक्ष गया प्रसाद, संजीता सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, राहुल सिंह, विजय कुमार, सैफुद्दीन, आर के शर्मा, अशोक कुमार पांडे, सर्वजीत चौधरी, जामवंत सिंह, संतोष कुमार विश्वकर्मा, विनोद कुमार, रामचंद्र केसरी, राजनाथ भारती, विजय कुमार श्रीवास्तव, शिव कुमार साहनी, कुमार यादव, रामनरेश केसरी, विश्राम विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमृतकाल का बजट सुपर पावर इकोनॉमी बनाने वाला

**बोली दर्शना सिंह**

**बीजेपी नेत्री ने केन्द्रीय बजट पर रखा पार्टी का पक्ष**

**सोनभद्र।** भाजपा नेत्री एवं राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने केन्द्रीय बजट को बेहतर बताया। कहा कि इसे विश्व की सुपर पावर एकोनामी बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बजट से देश के समग्र विकास की रफ्तार को गति मिलेगी वहीं आम-अवाम के जीवन स्तर में खुशहाली आएगी। सांसद बुधवार को बीजेपी जिला कार्यालय में आम बजट में पत्रकार वार्ता कर रही थी।



राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह

राज्यसभा सांसद ने बजट की खूबियों को गिनाते हुए कहा कि आम बजट में विपक्ष बेवजह प्रलाप कर रहा है। जबकि यह बजट जब देश आजादी की वर्षगांठ मना रहा होगा तो विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। इसे ध्यान में रखकर बनाया गया है। साथ देश की आर्थिक विकास दर बढ़ाने के साथ ही आम जनमानस के जीवन में खुशहाली लाने कमजोर वर्गो के आर्थिक, सामाजिक विकास के साथ ही स्वरोजगार व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पैकेज की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को एक बर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है, ताकि गरीबों को निःशुल्क राशान मिल सके। इसी तरह शिक्षा, स्वस्थ्य, बिजली, सड़क व रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। पत्रकार वार्ता के दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, ओम प्रकाश दूबे, ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, कैलाश तिवारी, अनूप तिवारी, बलराम सोनी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# होली पर सरकार का तोहफा बढ़ाए रसोई गैस के दाम

जनसंदेश न्यूज

**महंगाई**

**लगातार बढ़ती महंगाई से लोग परेशान**

**सोनभद्र।** घोरावल विधानसभा के कम्हारी में स्थानीय लोगों ने साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे की अध्यक्षता में बढ़े गैस कीमतों के विरोध में सिलेंडर पर माला चढ़ा कर व अगरबत्ती दिखा कर कीमतों का विरोध किया गया और तत्काल प्रभाव से सरकार से इन कीमतों को वापस लेने की बात भी कही। आशू दुबे ने कहा कि मौजूदा सरकार द्वारा घरेलू सिलेंडरों की कीमतों में 50 एवं कमर्शियल की कीमतों में 350 रुपए का इजाफा यह दर्शाता है कि वर्तमान सरकार को आम जनमानस की हालात से कितना मतलब है।

जहां एक ओर महंगाई कम करने को लेकर लगातार कांग्रेस पार्टी के नेता और देश का आम जनमानस बात कर रहा है,लोगो को जहाँ होली के त्यौहार पर यह उम्मीद थी कि सरकार द्वारा उन्हें कुछ रियायतें दी जाएंगी ,महंगाई को कम किया जाएगा, जहां लोग सोच रहे थे की सिलेंडर के दाम कुछ कम होंगे, वही होली के कुछ दिनों पहले ही इनके दामों में इजाफा करके सरकार ने अपनी नियत को स्पष्ट कर दिया है। जहां कांग्रेस की सरकार में मामूली कीमत बढ़ने पर भारतीय जनता पार्टी के लोग सड़कों पर उतर जाया करते थे। पिछले केवल एक साल के अंदर सरकार ने सैकड़ों रुपए की कीमत सिलेंडर पर बढ़ा दिए हैं।

बढ़ी गैस की कीमतें लोगों की रसोइयों पर सीधा प्रभाव डालेगा और उनका पूरा महीने का बजट भी खराब करेगा। मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में रमेश सिंह पटेल ,विजेंद्र भारती, शिवनाथ , श्याम बाबू, प्रदीप कुमार, गौरव आनंद, नीरज कुमार, अजय कुमार, गौतम आनंद रहे।



सिलेंडर को माला पहनाकर विरोध करते कांग्रेसी

## सिलेंडर के दाम में लगातार हो रही वृद्धि परेशान करने वाली

**सोनभद्र।** भारत सरकार द्वारा घरेलू सिलेंडर के दाम में पचास रुपए की वृद्धि किए जाने को जनहित में दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अलग पूर्वांचल राज्य स्थापना की मांग कर रहे पूर्वांचल नव निर्माण मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने कहा कि लगातार घरेलू सिलेंडर का दाम बढ़ाया जाना जनहित में चिंता का विषय है। आज जब गांव में पशुओं की संख्या घटती जा रही है और उनसे मिलने वाले ईंधन (उपली) का अभाव है। साथ ही वन क्षेत्र भी प्रतिबंधित होने से गांवों में लोगों को लकड़ी भी उपलब्ध नहीं है और सरकार द्वारा मिट्टी के तेल का वितरण भी आम आदमी के लिए बंद कर दिया गया है। ऐसे में लोगों के पास घरेलू ईंधन का एक मात्र विकल्प सिलेंडर ही शेष है। मनमोहन सिंह की सरकार में जब भाजपा विपक्ष में थी तब सिलेंडर का दाम साढ़े चार सौ होने पर मंहगाई को डायन बताकर संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाती थी आज जब खुद भाजपा की सरकार है तो लोगों की मजबूरी का अवसर उठाकर लगातार आवश्यक चीजों का दाम विकास के नाम पर बढ़ाकर लोगों का आर्थिक दोहन कर रही है।

## संक्षेप

### विराट रुद्र महायज्ञ में हर-हर महादेव के लगे जयकारे

**सोनभद्र।** उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा के छठवें दिन बुधवार को समूचा यज्ञ पंडाल वेद मंत्रों व हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान रहा। भक्तजनों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास ने बताया कि उमा महेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ आचार्य राधाकृष्ण तिवारी, आचार्य राजेश त्रिपाठी, आचार्य व्यास रामजी शास्त्री समेत आठ आचार्यो द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। हरिद्वार से आए कथा व्यास राघवेंद्राचार्य महाराज एवं रामजी शास्त्री व्यास द्वारा दोपहर दो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रामकथा का पान कराया जा रहा है। इसके बाद शाम साढ़े पांच बजे से आरती कार्यक्रम संपन्न हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ नारायण भगवान के मुख्य यजमान शालिग्राम साहू, रामपति साहू, गणेश अग्रवाल, शिवनारायण पाल, रेवती तिवारी, सुरेश गिरी, रामखेलावन, परमानंद, उदय प्रताप सिंह, राजकुमार, दीपक कुमार ब्लाक प्रमुख, पप्पू पाठक, प्रमोद राव, हीरालाल, तीरथराज, नीरज कुमार श्रीवास्तव, रामखेलावन समेत तमाम लोगों ने रूद्र महायज्ञ, रामकथा व आरती पूजन में शामिल रहे। उन्होंने शिवद्वार में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।



### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया



**सोनभद्र।** खंड शिक्षा क्षेत्र म्योरपुर के कम्पोजिट विद्यालय खैराही में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। विज्ञान दिवस पर बच्चों व अध्यापकों के सहयोग से टीएलएम बनाकर प्रदर्शित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी देवमणी पाण्डेय के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। जिसमें कम्पॉजिट विद्यालय के हेड मास्टर रेनू मौर्या, रश्मि गुप्ता, नीलम सिंह, विभा, व्यंजना राय, उर्मिला देवी व प्रेम चंद्र आदि रहे।

### बाइक सवारों को ट्रक ने मारी टक्कर, सिपाही की मौत

**चोपन।** स्थानीय थाना अंतर्गत बग्घानाला के समीप वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर बुधवार की शाम लगभग 5:30 बजे राबर्ट्सगंज से बभनी जा रहे मोटरसाइकिल सवार कांस्टेबल तथा बभनी निवासी एक अन्य व्यक्ति को ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया।हादसे में सिपाही की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वही पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही मौके पर प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत अपने दल बल के साथ पहुंच गए और तत्काल घायल को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र कुमार पुत्र नथुनी राम उम्र 38 वर्ष निवासी साइड पुलिस चौकी के पास बारा गाजीपुर जो कि बभनी थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात था।बुधवार को दोनो लोग किसी कार्य से राबर्ट्सगंज गए हुए थे।साथ में बभनी थाना के बगल के निवासी अनिल कुमार जायसवाल पुत्र बैजनाथ प्रसाद उम्र 59 वर्ष भी कांस्टेबल के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे थे।दोनो लोग अपना कार्य समाप्त कर राबर्ट्सगंज से बभनी वापस जा रहे थे कि जैसे ही वह बग्घानाला के पास पहुंचे की पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे कि कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई। वही पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने तत्काल शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही में जुट गए और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।इस बाबत प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई है, परिजनों के आते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### दुद्धी विधायक ने विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को उठाया

**म्योरपुर।** स्थानीय विकास खंड के पिंडारी ग्राम पंचायत के नगराज में बिच्छी नदी पर पुल बनाये जाने का मुद्दा दुद्धी विधायक रामदुलार सिंह गोंड ने विधान सभा में उठाया है। इससे लोगों में पुल निर्माण की आस जग गई है। बता दें कि बरसात के दिनों में बिच्छी नदी पर पुल का निर्माण न होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। नदी में बाढ़ आ जाने पर आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। इससे बारिश के दिनों में विद्यालय जाने वाले बच्चों समेत महिलाओं एवं बीमार मरीजों को भी नदी को पार करने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने नया पुल बनाए जाने की मांग कई बार किया लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है।दुद्धी विधायक रामदुलार सिंह गोंड़ ने विधानसभा में पुल बनाए जाने की मांग रखी। इसके अलावा विधायक ने बभनी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनाये जाने की भी मांग किया है, उनका कहना था कि आदिवासी बाहुल्य इलाका होने की वजह से यहां गरीब लड़कियों को पढ़ने के लिए दूर दराज जाना पड़ता है। उन्होंने विद्यालय खुल जाने से लड़कियों का भविष्य बन जाने की बात कही इसके साथ ही विधायक ने कनहर नदी बन जाने के बाद इसके पास बड़े पुल का निर्माण किए जाने की भी मांग की है विधायक द्वारा विधान सभा में विभिन्न मुद्दों के प्रति ध्यान दिए जाने को लेकर लोगों में खास उत्साह है।

# बाल संरक्षण समिति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिला प्रोवेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार के आदेश पर विकास खण्ड चतरा में खण्ड विकास अधिकारी एके जौहरी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र, बाल विवाह टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने बाल विवाह, बाल श्रम ,बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा का उनके रोकथाम हेतु रणनीति बनाई गई।

जिसमे जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा लावारिस परित्यक्त पाए गए नवजात शिशुओं के संरक्षण पर चर्चा कर उन्हें तत्काल एक उचित एवं सुरक्षात्मक माहौल देना और उनके बेहतर भविष्य के लिए सजग रहने की आवश्यकता है। साथ ही अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिये ब्लाक स्तरीय कार्ययोजना बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिससे बाल विवाह न हो यदि बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही की जा सके।

महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा बालिका एवं महिलाओं के प्रति भेदभाव व उन्मूलन पर विस्तृत चर्चा की गई। सब इंस्पेक्टर रामज्ञान यादव द्वारा साइबर क्राइम के बारे में बैठक में उपस्थित लोगो से अपील किया की फर्जी कॉल और वीडियो कॉल से बचे और ओटीपी किसी को शेयर न करे। शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि जनपद के सभी ब्लाकों में ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया जा चुका है ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तरीय कार्ययोजना बनाई जा रही है।



ब्लॉक में बैठक लेते खंड विकास अधिकारी

### रेणुकूट ईएसआई अस्पताल का हाल बेहाल

**सोनभद्र।** रेणुकूट स्थित जनपद के एकमात्र ईएसआई हॉस्पिटल की हालत बेहद खराब है। यहां पदों के सापेक्ष डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं है। पैरामेडिकल स्टाफ विशेषकर नर्स की कमी है। अस्पताल में मरीज की भर्ती की कोई व्यवस्था नहीं है और आवश्यक जांचें व दवाओं का घोर अभाव है। यह अस्पताल महज रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। इसकी बेहतरी और यहां बुनियादी सुविधाओं के लिए जल्द ही निदेशक कर्मचारी राज्य बीमा कानपुर और प्रमुख सचिव श्रम से मिलकर पत्रक दिया जाएगा। यह बातें दिनकर कपूर ने कही। कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र सोनभद्र में स्वास्थ सुविधाओं का हाल बेहाल है। आमतौर पर लोगों को इलाज के लिए बनारस बीएचयू जाना पड़ता है। लाखों की संख्या में यहां मजदूर काम कर रहे हैं उनमें से बहुत से मजदूरों को अभी भी ईएसआई की सुविधा नहीं मिली हुई है। जिन्हें मिली है उनके लिए रेणुकूट में बने ईएसआई अस्पताल का हाल बेहाल है। यहां 17 पद डॉक्टरों के स्वीकृत है। जिनके सापेक्ष महज 7 डॉक्टर नियुक्त हैं, उनमें भी विशेषज्ञ डॉक्टर मात्र एक है। अस्पताल में न तो ऑपरेशन की सुविधा है और ना एक्स-रे की और ना ही समुचित जांचों की। ऐसे में मजदूर झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने के लिए मजबूर हैं और बेमौत मर रहा है।

# कांग्रेस ने कभी नहीं किया दलितों का सम्मान:बसपा

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी जिला कार्यालय मुं बुधवार को पार्टीजनों कीी हुई बैठक में कांग्रेस, बीजेपी व सपा को दलित विरोधी पार्टी बताते हुए इन्हें सत्ता से बाहर करने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष बी सागर ने बसपा प्रमुख मायावती का ट्वीट के बारे में बताया गया। कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा रायपुर अधिवेशन में जातीय जनगणना व प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण आदि को लेकर कही गई बातें छलावा तथा घोर चुनावी स्वार्थ की राजनीति है। क्योंकि सत्ता में होने पर कांग्रेस ठीक इसका उल्टा ही करती है बीजेपी का भी रवैया ऐसा ही छलावापूर्ण।

प्रोन्नति में आरक्षण के चर्चित व महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर कांग्रेस व भाजपा द्वारा सपा को आगे करके संबंधित बिल को संसद में पारित नहीं होने देने के जातिवादी षड्यंत्र को भला कौन भूला सकता है। जिसका अति दुख परिणाम इन वर्गों को आज तक भुगतना पड़ रहा है। इन्हें बीएसपी विरोधी पार्टियों के षड्यंत्र का परिणाम है कि सरकारी नौकरी व शिक्षा में इन वर्गों का आरक्षण लगभग निष्क्रिय बन गया है तथा इनकी आरक्षित सीटों वर्षों से खाली हैं। जबकि ईडब्ल्यूएस का नया लागू कोटा सरकार मुस्तैदी से भारती है। इतना ही नहीं कांग्रेस ने जातिवादी पार्टियां सत्ता में रहते खासकर दलित आदिवासी वर्ग को पार्टी संगठन में भी उच्च पदों से दरकिनार रखती है।

अर्थात अच्छे वक्त पर अन्य वर्गों को ही पूरा महत्व तथा सत्ता से बाहर होने पर बुरे वक्त में इनकी याद एवं उनके उनके वोट के लिए घड़ियाली आंसू बहाते है ऐसे घृणित मानसिकता वाले दलों एवं लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण जैसल, अविनाश शुक्ला, अशोक सागर, फूल मुहम्मद, अमन मौर्य, बलवंत रंगीला, अंकुश राव, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बीआरसी दुद्धी में आयोजित हुआ 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर बुधवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य थीम आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा बच्चों को स्वस्थ वातावरण में मनोरंजकपूर्ण शिक्षा कैसे दिया जाय था।मुख्य अतिथि बीडीओ नीरज तिवारी, विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ एवं बीईओ महेंद्र मौर्या ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नाटक व राजस्थानी नृत्य आदि एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बच्चों के कार्यक्रम बेहद आकर्षक लग रहे थे और उपस्थित जन समुदाय द्वारा खूब प्रशंसा बटोर रहे थे।मुख्य अतिथि बीडीओ नीरज तिवारी ने कहा कि आंगनवाड़ी का वातावरण मनोरंजनपूर्ण व उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए।बच्चों को खेल खेल के माध्यम से शिक्षा देने पर अधिक बल देना चाहिए।दुर्बल आय वर्ग के बच्चे भी प्रतिभा में किसी से कम नहीं बस उन्हें उचित दिशा में निखारने की जरूरत होती है।विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ एवम् बीइओ दुद्धी ने कहा कि पहले आंगनवाड़ी या परिषदीय विद्यालयों में संसाधनों का अभाव बना रहता था जिस कारण शिक्षण कार्य में भी दिक्कतें आती रहती थीं परंतु वर्तमान में कायाकल्प योजना के तहत ब्लॉक दुद्धी के अनेकों विद्यालयों का बेहतरीन जीर्णोद्धार एवम् नए आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण से परिदृश्य बदल चुका है।एआरपी ऋषिणारायण व मनोज जायसवाल ने बेसिक शिक्षा की उपलब्धियां गिनाई व डिजिटल शिक्षा के लाभ बताए। कार्यक्रम का संचालन अविनाश गुप्ता ने किया।इस अवसर पर एआरपी अखिलेश कुमार, संतोष सिंह, शिक्षक अवधेश कन्नौजिया, मुसई राम, राजकमल, मो इलियास, भोलानाथ, हृदय गिरी, रमेश कुमार, वीरेंद्र देव पाण्डेय, विवेक तिवारी, लल्लूराम, पीयूष आदि उपस्थित थे।

# एनटीपीसी रिहंद में निधि आपके निकट विषय पर कार्यशाला

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठनए भारत सरकार द्वारा एक अनोखी पहल निधि आपके निकट के माध्यम से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों की समस्या का समाधान करने हेतु संस्थान के कर्मचारी विभिन्न कार्यालयों में स्वयं जाकर उनकी भविष्य निधि संबन्धित समस्याओं का समाधान करने का प्रावधान बनाया है।

इसी के अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद में निधि आपके निकट का आयोजन किया गया। जिसमे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन वाराणसी से आए नोडल ऑफिसर ईपीएफओ रत्नेश रजन्य एवं उनकी टीम सेक्शन सुपरवाइजर, राकेश कुमार सिंह, सीनियर सेक्शन सुपरवाइजर अकाउंट कुमार गौरव, सीनियर सेक्शन सुपरवाइजर अकाउंट अखिलेश गुप्ता द्वारा सभागार में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना और पंजीकृत किया एवं शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। कुछ कर्मचारियों के समस्याओं का तत्कालीन रूप से समाधान दिया। कार्यक्रम का मुख्य विषय ईपीएस पेंशन, पीएफ निकासी, ईडीएलआई इत्यादि रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जाकिर खान, उप महाप्रबंधक संतोष कुमार उपाध्याय आदि रहे।



कार्यशाला में मौजूद लोग

## एनटीपीसी सिंगरौली में अभिनंदन समारोह आयोजित

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर से फरवरी-2023 माह में सेवानिवृत हुए एनटीपीसी कर्मियों के सम्मान में मंगलवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी गीत से हुई। राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली एवं सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों राम बिचार (ईंधन प्रबंधन विभाग), राम लोचन (बीएमडी विभाग) को पुष्पगुच्छ एवं फूल माला से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने निष्ठा एवं समर्पण भाव से सेवा प्रदान करने हेतु सेवानिवृत कर्मचारी गण के प्रति आभार प्रकट किया तथा उन्हें पूर्ण लगन एवं कर्मठता के साथ स्वस्थ एवं मंगलमय जीवनयापन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सेवानिवृत कर्मचारी गण के एनटीपीसी में उत्कृष्ट योगदान में सहयोग एवं समर्पण प्रदान हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवार जनों के प्रति सादर धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर श्री एल के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), डा. एस के खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), देबब्रत कर, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं), जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन), अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत्तकर्मियों के आदरणीय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। रजनीश कुमार खेतान, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन



तहसील मुख्याल पर अधिवक्ता की हत्या पर विरोध जताते हुए बार के वकील।

**सकलडीहा।** प्रयागराज में माफिया के गुर्गों ने सरेराह अधिवक्ता कृष्ण कुमार उर्फ उमेश पाल व सुरक्षा कर्मी को गोली से छलनी कर दिया। जिसकी मौत पर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। बुधवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन प्रशासन से अधिवक्ता सुरक्षा एक्ट लागू करने की मांग किया।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार से शासन प्रशासन में अधिवक्ताओं की सरेराह हत्या हो रही है। इससे कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगा है। सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा और सहयोग को लेकर ढुलमुल रवैया अपनाये हुए है। बगैर बार कौंसिल के निर्देश पर अधिवक्ताओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज हो रहा है। अधिवक्ताओं की शोषण हो रहा है। इसके बाद भी शासन प्रशासन के लोग अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने में टालमटोल कर रहे है। अधिवक्ता उमेश पाल और सुरक्षा कर्मी के हत्यारों को कड़ी सजा व गिरफ्तारी कराने की मांग को लेकर जोरदार विरोध जताया। इसके पूर्व अधिवक्ताओं ने पूरे तहसील परिसर में जुलूस निकालकर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया।

इस मौके पर बार अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र, महामंत्री रामअवध सिंह यादव, नितिन तिवारी, पंकज सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, संजय सिंह, राजेश पाल, प्रभु पाठक, मृत्युंजय तिवारी,शैलेन्द्र पांडेय, अखिलेश तिवारी, सुभाष सिंह, सच्चिदानंद सिंह, अंकित तिवारी, मनोज पांडेय, दुर्गविजय सिंह, आलोक मिश्रा, शिवपूजन राम, प्रभुनारायण सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कड़ी व्यवस्था व निगरानी में सम्पन्न हुई यूपी बोर्ड परीक्षा

**चंदौली।** जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षा बुधवार को कड़ी निगरानी में सम्पन्न करायी गई। इस दौरान जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के अलावा सचल दल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं कंट्रोल रूम से भी सीसीटीवी कैमरे के जरिए परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई। इस क्रम में बुधवार की सुबह की पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय में कुल 28681 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इसके सापेक्ष 25946 उपस्थित रहे। वहीं कड़ाई के चलते 2735 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं शाम की दूसरी पाली में इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान एवं अर्थशास्त्र की परीक्षा में कुल पंजीकृत 19781 परीक्षार्थी के सापेक्ष 17813 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1968 परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक जयप्रकाश सहित सभी जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं विभाग की ओर से नियुक्त सभी सचल दलों ने परीक्षा सेंटरों का निरीक्षण किया। डीआईओएस जय प्रकाश ने बताया कि शासन के मंशानुसार जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की निगरानी में शुचिता एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही है।

## सीआरपीएफ कैम्प में शव मिलने के प्रकरण में एसपी से गुहार

**मुलाकात**

**परिजनों ने हत्या कर शव को सीआरपीएफ कैम्प में छुपाने की जताई आशंका**

**चंदौली।** सोनहुल सीआरपीएफ परिसर में मिले शव के मामले में परिजनों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने अरविंद कुमार भारती की हत्या कर शव को सीआरपीएफ परिसर में छिपाए जाने की आशंका व्यक्त की गई। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय जांच किए जाने की आवश्यकता जताई।

इस दौरान मृतक अरविंद कुमार भारती के भाई पारसनाथ ने एसपी से मुलाकात करके बताया कि उसके पिता ने बीते 25 जनवरी को चकिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहत तहरीर दिया। इस मामले में 28 जनवरी को नामजद रिपोर्ट दर्ज करने की लिए प्रार्थना-पत्र दिया गया, लेकिन चकिया थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके बाद दो फरवरी को उनके पिता ने एसपी व तीन फरवरी को डीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया। लेकिन मामले में कोई प्रगति नहीं हुई। इसी दरम्यान 19 फरवरी को सोनहुल स्थित सीआरपीएफ परिसर में गेट नंबर-3 के समीप बाउंड्री के पास क्षत-विक्षत शव सीआरपीएफ जवानों को मिला। सूचना पर चकिया पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सीधे जिला अस्पताल चंदौली ले गयी। जबकि चकिया पुलिस को यह जानकारी थी कि सोनहुल से एक युवक लापता है। जानकारी के बाद परिवार के लोगों को पुलिस ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हाउस भेजा जा चुका है। इसके बाद हम सभी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त मृतक अरविंद कुमार भारती के रूप में की। आशंका जताई कि उसके भाई अरविंद की हत्या करके शव को सीआरपीएफ परिसर सोनहुल में छिपाया गया है, जिसकी जांच कर-के हत्यारोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाए।

## दिन दहाड़े घर में घुसे लोगों ने चोरी को दिया अंजाम

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के बड़गांवा गांव के बुधवार की सुबह करीब ग्यारह बजे चोरों ने घर में घुसकर दो घरों से बक्से का ताला तोड़कर जेवरात सहित लाखों रुपए का माल पार कर दिया। चोरी की जानकारी होने पर घर वालों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया।



बड़गांवा में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

वहीं पीड़ित ने लिखित तहरीर थाने पर दिया। गांव के लाल बहादुर पाल व सुबास पाल का घर आस पास में है। बुधवार की सुबह में लाल बहादुर की पत्नी घर में ताला बंद कर गांव से बाहर पाही पर चली गयी।

घर पर एकांत पाकर चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर घुस गये। वहीं घर में रखे बड़े बक्से का ताला तोड़कर 15हजार रुपए नगद, सोने की चौन, कर्णफूल व चांदी की पैंजनी, करधनी सहित अन्य समान ले गये। पाही से घर वापस आने पर ताला टूटा व आंगन में बिखरा समान देख अचंभित हो गयी। वहीं पास के मकान में सुबास पाल के घर में भी रखे आलमारी का ताला तोड़कर मकान बनवाने के लिए रखा करीब एक लाख रुपए व जेवर ले जाने में सफल रहे। भुक्तभोगी ने पुलिस को सूचना दिया। वहीं एसआई अनिल सिंह ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

## रामअधार जे पॉलिटेक्निक में रोजगार मेला 16 को

**चहनियां।** क्षेत्र के महुअर कला बलुआ स्थित पंडित रामअधार जे पॉलिटेक्निक कालेज में 16 मार्च गुरूवार को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। रोजगार मेला के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए संस्थान के प्रबंधक आनन्द तिवारी सोनू ने कहा कि पंडित रामाधार जे पॉलिटेक्निक कालेज परिसर में आयोजित होने वाला रोजगार मेला पूरे पूर्वांचल के बेरोजगारों के लिए एक अवसर लेकर आ रहा है। इस मेले में देश विदेश की कुल 70 से अधिक कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। जो 1000 बेरोजगार युवाओं को उनकी पात्रता व योग्यता के आधार पर रोजगार मुहैया करायेंगी।

कहा कि रोजगार मेला में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक बेरोजगार युवा किसी भी कार्य दिवस में कालेज कार्यालय में उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। कहा कि कालेज परिसर में लगने वाले बृहद रोजगार मेले को लेकर कालेज प्रशासन बहुत ही उत्साहित है और आवश्यक तैयारियों में लग गया है।

# चंदौली पॉलिटेक्निक के मुद्दे को सकलडीहा विधायक ने उठाया

**समस्याएं बताईं**

**विधानसभा में नियम-56, 51 व 301 के तहत उठाए चंदौली के कई मुद्दे**

**चंदौली।** सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने बुधवार को यूपी विधानसभा में नियम-56, नियम-51 व नियम-301 के तहत जनपद के कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाया। सदन को चंदौली पालीटेक्निक के आवास पर अधिकारियों के कब्जे, व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार के साथ ही छात्रावास से जुड़ी समस्याओं को मजबूती के साथ पटल पर रखा। इसके अलावा डीडीयू नगर पालिका में आउटसोर्सिंग के जरिए तैनात कर्मियों का मानदेय छह माह से रूके होने की समस्या से अवगत कराया।



विधानसभा में बोलते सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव।

उन्होंने नियम-56 के तहत विधानसभा में चंदौली पालीटेक्निक कालेज के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 1972-73 में तत्कालिक मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी के कार्यकाल में चंदौली पालीटेक्निक में तीन वर्षीय कृषि अभियंत्रण पाठ्यक्रम शुरू किया गया था। आज कृषि अभियंत्रण विभाग की प्रयोगशाला लगभग 20 वर्षों से बंद है। इस कारण करोड़ों रुपये के कृषि उपकरण खराब हो चुके हैं। कहा कि पॉलिटेक्निक परिसर में बने शिक्षकों के आवास में शिक्षकों के स्थान पर विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों का कब्जा है। जिस कारण शिक्षक कालेज परिसर से बाहर रहने के लिए मजबूर है। वर्ष 2009-10 से संस्थान में स्ववित्त पोषित कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके फीस की आडिट नहीं होती। कहा कि पालीटेक्निक कालेज वित्तीय अनियमितता व भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। इसके साथ ही छात्राओं के छात्रावास का निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। वहीं छात्रों का हास्टल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। इसके अलावा सकलडीहा विधायक ने नियम-301 के तहत अपने विधानसभा में पपौरा, अमिलाई-प्रभूपुर मार्ग जो करीब सात किलोमीटर लम्बा है विगत आठ वर्ष से सम्पर्क मार्ग का कार्य किया जा रहा है। किसानों व जनहित में उपरोक्त संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कराए जाने की आवश्कता है। इसके अलावा नियम-51 के तहत डीडीयू नगर में आउटसोर्सिंग के जरिए तैनात कर्मचारियों के छह माह से रुके पड़े मानदेय को दिए जाने की आवश्यकताओं पर बल दिया।

# बेटे के इंतजार में छह माह से बूढ़े माता-पिता की आंखें सूखीं

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव का मनोज यादव केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में 13 साल पूर्व वर्ष 2010 भर्ती हुआ था। पिछले छह माह से महाराष्ट्र की पालघर बटालियन से लापता है। आरोप है कि जवान अनाधिकृत रूप से असलहा सहित अन्य सामान के साथ गायब है। जिसके खिलाफ विभागीय जांच पड़ताल चल रहा है। उधर, माता-पिता और पत्नी व बच्चे जवान के इंतजार में आज आस लगाये हुए है। परिजनों ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री से बेटे की पता लगाने की गुहार लगाया है।

खड़ेहरा गांव की राजस्व गांव जलालपुर के श्यामलाल यादव के दो पुत्र मनोज यादव और चन्द्रशेखर यादव है। वर्ष 2010 में मनोज यादव केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में भर्ती होने पर परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं था। पिछले एक सितंबर 2022 से महाराष्ट्र के बटालियन से गायब है। आरोप है कि जवान अनाधिकृत रूप से असलहा सहित अन्य कुछ सामान के साथ गायब है। इस संदर्भ में कई बार विभागीय बटालियन के अधिकारी से लेकर कोतवाली पुलिस पूछताथ व आरोप पत्र परिजनों को सौपा है। उधर बूढ़ी माता और बूढ़े पिता का बेटे के इंतजार में रोते रोते बुरा हाल है। हल्का दरोगा शिवमणी त्रिपाठी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के साथ जवान के घर दो सप्ताह पूर्व पूछताछ के लिये गया था। मालूम हुआ था कि जवान एक पिस्टल लेकर गायब है। जवान द्वारा विभाग से पर्सनल लोन भी लिया गया है।



जलालपुर गांव में बेटे के इंतजार में रोते-बिलखते परिजन।

## जीओ टैग के नाम पर प्रधान द्वारा पैसे मांगने का आरोप

**नौगढ़।** मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी से जीओ टैग कराए जाने के नाम पर ग्राम प्रधान परसहवां अरूण कुमार द्वारा 4 हजार रुपये लिए जाने व मनरेगा मजदूरी का भुगतान अन्य के नाम से कर दिए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र लाभार्थी रमेश कुमार ने पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा को देकर के न्याय की गुहार लगाया है। ग्राम पंचायत परसहवां के चकरघट्टा गांव निवासी रमेश कुमार ने बताया कि हम और हमारे पिता विक्रमा जो कि मनरेगा मजदूर हैं। जो कि ग्राम पंचायत में योजनान्तर्गत मजदूरी किए हैं। जिसका पारिश्रमिक भुगतान ग्राम प्रधान के प्रभाव से सचिव व रोजगार सेवक ने किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में कर दिया है। पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपों की जांच करायी जाएगी। जिसमें आरोप पुष्ट होने पर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई होगी।

## मानव तस्करी व बाल बंधुआ मजदूरी के प्रति किया जागरूक

**चकिया।** प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ डीडीयू संजीव कुमार द्वारा बुधवार की दोपहर ऑपरेशन आहट के अंतर्गत ब्लॉक सभागार में बचपन बचाओ आंदोलन के कोऑर्डिनेटर देशराज सिंह के साथ मानव तस्करी को रोकने के संबंध में जागरूकता गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें आरपीएफ के ट्रेनरों ने लोगों को मानव तस्करी व बाल बंधुआ मजदूरी पर रोक लगाने के लिए जागरूक किया।

गोष्ठी में मौजूद विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधानों को बच्चों की तस्करी होने की पूर्व की जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही भविष्य में बच्चों की तस्करी की जानकारी रेलवे सुरक्षा बल और बचपन बचाओ आंदोलन से साझा करने का निवेदन किया। इसके अलावा मानव तस्करी में विशेषकर बच्चे को रोकने के बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं पीड़ित बच्चों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया।

गोष्ठी में रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 व बचपन बचाओ आन्दोलन के टोल फ्री नम्बर 18001027222 तथा आरपीएफ प्रभारी के मोबाइल नंबर और बचपन बचाओ आन्दोलन के प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर के मोबाईल नम्बर सभी को नोट कराये गये। इस दौरान अवर निरीक्षक अश्विनी कुमार, आरक्षी अखिलेश कुमार, बचपन बचाओ आंदोलन से कृष्णा प्रताप शर्मा, एडीओ कोआपरेटिव रामदरस, सुनील पाल, बीओ राहुल वर्मा, विनय कुमार शर्मा, महेंद्र राव ज्ञान प्रकाश गुप्ता प्रधान मौजूद रहे।

## बोलेरो के धक्के से बाइक सवार तीन परीक्षार्थी घायल

**कंदवा।** सैयदराजा-जमानिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की सुबह पेट्रोल पंप के समीप बोलेरो से धक्का लगने से तीन परीक्षार्थी घायल हो गये। जिसे पास के राहगीरों ने उन्हें उठाकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर लाएं। जहां चिकित्सकों द्वारा परीक्षार्थी की स्थिति खराब देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। क्षेत्र के तेजोपुर गांव निवासी विजय कुमार 20 वर्ष, सुजित कुमार 19 वर्ष व कवरूवा निवासी दीपक कुमार 20 वर्ष बुधवार को किसान इण्टर कालेज बरहनी से हाईस्कूल

बोर्ड परीक्षा देकर तीनों परीक्षार्थी मोटरसाइकिल पर सवार होकर अवरैइया पेट्रोल पम्प पर तेल लेने के लिए जा रहा, तभी पेट्रोल पम्प से कूछ दूर पहले ही जमानियां की तरफ से आ रही बोलेरो से धक्का लग जाने से तीनों परीक्षार्थी मार्ग पर गिर कर गंभीर रूप से घायल गये।

मौका देख बोलेरो सवार वाहन लेकर सैयदराजा की तरफ भाग निकला। वहीं घायलों परीक्षार्थी को राहगीरों ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर लाए, जहां चिकित्सकों द्वारा स्थिति खराब देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सामूहिक विवाहः चहनियां में परिणय सूत्र में बंधे 46 जोड़े

**चहनियां।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम योजना अंतर्गत विकास खंड चहनिया ब्लाक मुख्यालय परिसर में बुधवार को 46 युगल जोड़े दामपत्य सूत्र बन्धन मे बंधे। इस दौरान बैंड बाजे कि गुज व मंत्रोच्चार के बीच वर-वधू ने अग्निकुंड को साक्षी मानकर एक साथ जीने की कसम खाई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित रिंकु पांडेय ने नव दम्पती को जय माला व सिंदुर दान कराते हुए सात बचन का संकल्प दिलाते हुए साथ निभाते हुए विवाह सम्पन कराया।

मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह योजना को बढ़ावा देने के साथ ही गरीबों का सम्मान किया है। ताकि कोई गरीब कि बेटियां शादी से बंचित न रह पाये वर वधू को सरकार के तरफ से बर्तन सेट,वर के लिए पैंट, शर्ट, वधू के लिए पांच सेट साड़ी, चादी की पायल, चांदी की बिछिया, पगड़ी, चुनरी, सिंगरदान बाक्स बैंग, बाक्स सहित उनके खाते में 35 हजार रुपया भी दे रहे हैं ताकि अपने वैवाहिक जीवन का आरंभ अच्छे ढंग से कर सके।

बताया कि जल्द ही बिटीया के खाते में पैसा भेज दिया जाएगा। सकलडीहा एसडीएम मनोज पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा तमाम योजनाओं को संचालित करते हुए उन्होंने ने बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह समारोह आयोजित किया, जिससे गरीब बेटियों के शादी के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश सरकार की इस योजना से अब बेटियां परिवार पर बोझ नहीं रहेगी। मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि व खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने वर वधू को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए नव दाम्पत्य जीवन सुखमय होने की कामना की। साथ ही वर-वधू पक्ष की ओर से आये मेहमानों को भोजन की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुशवाहा, ग्राम प्रधान सावित्री गुप्ता, एडीयो पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद यादव, मनोज कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, केशरी यादव,एपीयो राजन सिंह, अर्चना वर्मा वरिष्ठ सहायक, मंडल अध्यक्ष संकठा राजभर, रामअवतार चौहान मौजूद रहे। संचालन दीनानाथ यादव ने किया।



वर वधू को प्रमाण पत्र व आशीर्वाद देते मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि व अन्य लोग।

## डायट की प्रभारी प्राचार्य बनी डॉ.माया सिंह

**सकलडीहा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य संगीता चौधरी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गयी है। बुधवार को प्रभारी प्राचार्य के रूप में डा. माया सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। डायट के शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य को बुके व मिठाई खिलाकर बधाई दी।

डा. माया सिंह मूल रूप से जौनपुर जनपद की रहने वाली पीईएस संवर्ग की अधिकारी है। वर्ष 2017-18 में संत कबीर नगर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में तैनात रही। डायट पर पिछले दो साल से डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता के रूप में तैनात है। तत्कालीन प्राचार्य संगीता चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। डा. माया सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके साथ ही जनपद को नवाचार शिक्षा के माध्यम से निपूर्ण भारत अभियान को पूरा किया जायेगा। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता डा.प्रिया पांडेय, डा.रोशन सिंह, लिली श्रीवास्तव, डा. राजश्री सिंह, जितेन्द्र सिंह,कमर अयूब, राजेश सिंह, मंजू कुमारी, प्रवीण राय, रमाशंकर, मनोज पांडेय, प्रशांत, मोहन गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डीजे बजाने को लेकर घराती-बराती में मारपीट

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में मंगलवार की देर रात डीजे बजाने को लेकर उपजे विवाद में घराती व बराती आपस में भीड़ गये, जिसमें जमकर मारपीट हुई। मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल बताते जा रहे है जिसमें दुल्हे के भाई की हालत गंभीर है जो ट्रामा सेंटर में भर्ती बताया जा रहा है। आरोप है कि लड़की के भाई के सह पर गांव के कुछ मनबढ़ युवकों ने बरातियों से मारपीट की। घटना के बाद बिना शादी किये बराती पक्ष घर जाने पर अड़ गये लेकिन पुलिस ने समझा बुझाकर किसी तरह शादी करवाया। लेकिन शादी के नाम पर कुछ रस्म अदायगी कर लड़की को लेकर चले गये। बारात जमानिया से आयी थी।

### सड़क पार करते समय अज्ञात बाइक से महिला घायल

**सकलडीहा।** सकलडीहा-कुचमन मुख्य मार्ग पर सड़क पर करते समय अज्ञात वाहन के चपेट में आने से महिला घायल हो गई। वही मौके पर जुटी भीड़ ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को फोन कर सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया व परिजनों को इसकी सूचना दिया। घायल महिला सावित्री देवी 40 पुत्री ओमप्रकाश मिश्रा निवासी बहबलपुर वही प्राथमिक इलाज के दौरान डॉ0 बीके0 प्रसाद व फार्मासिस्ट शेष नाथ यादव ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया।

### बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**पड़ाव।** क्षेत्र के शाहुपुरी स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र पर डीडीयू नगर व चंधासी फीडर का दो मार्च गुरुवार को अनुरक्षण के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बात की जानकारी देते हुए अवर अभियंता चंदन प्रसाद ने बताया कि 33 केवी पीडीडीयू नगर शाम 17:30 से 18:20 व 33 केवी चंधासी फीडर 18:25 से 19:15 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### सामाजिक कार्यकर्ता के निधन पर शोक

**नियामताबाद।** शास्त्री पार्क में बुधवार को शोक सभा लोकतंत्र सेनानी और समाजवादी नेता हरबंस सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुइ, जिसमें लेडूआपुर, मुगलसराय निवासी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। वे बीएचयू स्थित कार्डियोलॉजी विभाग में एडमिट थे। दो दिन पहले 27 फरवरी को उनका देहांत हो गया था। वक्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें जनता के लिए संघर्ष करने वाला नेता बताया। इस अवसर पर 2 मिनट मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई स शोक सभा में इंद्रजीत शर्मा, महेंद्र प्रसाद यादव, बनारसी मौर्य, बैजनाथ यादव, क्यामुद्दीन अंसारी, शमीम मिल्की, याहिया खान बब्बन, सुदामा यादव, तिलकधारी बिंद, लक्ष्मण चौहान, शिवराम सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

### अराजक तत्वों ने सपा नेत्री गार्गी पटेल का वाहन तोड़ा

**पड़ाव।** मांगलिक कार्यक्रम में शरीक होने जा रही सपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गार्गी सिंह पटेल की गाड़ी पर कुछ अराजक तत्व ने गाड़ी का शीशा मारकर तोड़ दिया। घटना की जानकारी होते ही दो जिलों का बॉर्डर होने के कारण मुगलसराय थाना व रामनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना क बाद महिला सपा नेता की तहरीर पर सुजाबाद पुलिस जांच में जुट गई।
बताते चलें कि मढ़िया निवासी सपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदौली गार्गी सिंह पटेल अपने पति सुजीत पटेल व सहेली रिंकू के साथ पड़ाव-भूपौली मार्ग पर मंगलवार की रात करीब 10 बजे वैवाहिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रही थी। जैसे ही गाड़ी पड़ाव कस्बा पहुंची बारात में शामिल कुछ युवकों द्वारा गाड़ी का पीछे का शीशा तोड़ दिया गया। घटना की जानकारी होते ही दो जिलों का बॉर्डर होने के कारण मुगलसराय थाना व रामनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना सुजाबाद चौकी क्षेत्र में निकला। पीड़िता की तहरीर पर सुजाबाद पुलिस जांच में जुट गई।

### लौंदा में जर्जर खंभे को बिजली विभाग ने किया दुरुस्त

**नियामताबाद।** क्षेत्र के लौंदा गांव स्थित पुल से सटे जर्जर खंभे पर टिका 11 हजार बोल्ट का तार बड़ी घटना का सबब बना हुआ था, जिसे जनसंदेश टाइम्स ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। इसके बाद समस्या को विद्युत विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान में लेकर तुरंत कार्रवाई में जुट गए। आपको बता दें कि लौंदा नहर के किनारे काफी समय से लगे लोहे के खंभे जड़ से खोखले होते जा रहे थे। पानी लगने से सड़ कर टूटने और गिरने के कगार पर थे। यह लोगों की दीवारों और छतों पर किसी तरह अड़े हैं। यह कभी भी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। इन सभी दिक्कतों को दूर करते हुए बिजली विभाग के एसडीओ संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जैसे ही हमारे संज्ञान में यह मामला संज्ञान में आया कि जर्जर पोल की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है इस मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से वरीयता के आधार पर इस पोल को बदलने का कार्य किया गया है ताकि आम जनमानस का कोई भी कार्य प्रभावित ना हो। इससे ग्राम वासियों में हर्ष व्याप्त है।

### सौहार्द्र के साथ मनाए होली व शबे बारात का त्यौहार



बलुआ थाने में पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी,बलुआ इंस्पेक्टर व क्षेत्रीय लोग।

**चहनियां।** बलुआ थाना परिसर में होली एवं शबे बरात त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक की गयी। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने कहा होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये। होली पर डीजे कतई न बजाये। ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वही क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने कहा होलिका दहन से लेकर होली का पर्व व शबे बरात का पर्व हिन्दू मुस्लिम भाईचारे की भावना से मिलजुलकर मनाये किसी तरह की कोई अप्रिय घटना घटी या लापरवाही हुई तो क्षम्य नही होगी। कानूनी कार्यवाही तय है। पीस कमेटी की बैठक को बलुआ थानाध्यक्ष विनय प्रकाश सिंह ने भी संबोधित किया। वही पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया। इस दौरान उपनिरीक्षक अभिनव गुप्ता,अनिल यादव, विनोद सिंह, सुनील सिंह, जैनुदीन खां, जगदीश प्रसाद, प्रदीप सिंह, प्रधान कुंजे यादव सुनील सिंह धर्मेंद्र यादव, बजरंगी यादव, राजेश यादव,श्रवण यादव मौजूद रहे।

### एनडीआरएफ टीम ने छात्राओं को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



त्रिदंडी स्वामी कन्या स्कूल में छात्राओं को आपदा प्रबंधन की जानकारी देती एनडीआरएफ की टीम।

**पड़ाव।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत कमान्डेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु वृहद पैमाने पर मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है तथा शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूल सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है।
इसी कड़ी में एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा श्री त्रिदंडी स्वामी कन्या विद्यालय कैथी-गुरेरा चन्दौली में भूकम्प से बचाव, बांढ़ में बचाव के तरीके, फायर सेफ्टी, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, स्कूल सुरक्षा ड्रिल, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या किरण सिंह ने एनडीआरएफ के इस कार्यक्रम को बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद बताया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी, अध्यापक और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए और आपदा में राहत-बचाव की तकनीकों की बारीकियों को जाना।

# स्पोर्ट्स



### यौन और नैतिक उत्पीड़न की जांच बीच फुटबॉल फेडरेशन के प्रमुख ने दिया इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांस फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष नोएल लि ग्रेट ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया क्योंकि सरकार के ऑडिट में पता चला कि महिलाओं के प्रति उनके व्यवहार और प्रबंधन शैली के कारण उन्हें संस्था का नेतृत्व करने का वैधानिक अधिकार नहीं है। लि ग्रेट को कथित यौन और नैतिक उत्पीड़न के लिए न्यायिक जांच का सामना करना पड़ रहा है। यह 81 साल का प्रशासक ऑडिट के निष्कर्ष की महासंघ की कार्यकारी समिति द्वारा समीक्षा तक पहले ही महासंघ के कामकाज की अपनी दैनिक जिम्मेदारी के निर्वहन से पीछे हट गया था। महासंघ के बयान के अनुसार उन्होंने मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक में अपना इस्तीफा सौंपा। बयान के अनुसार जून 2023 तक महासंघ के उपाध्यक्ष फिलिप डियालो अंतरिम आधार पर लि ग्रेट की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट पर 156 रन, भारत पर बनाई 47 रन की बढ़त...

## इंदौर में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में दोनों टीमें दिखा रही दमखम

**इंदौर।** इंदौर में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की पहली पारी सिर्फ 109 पर सिमट गई है।ऑस्ट्रेलिया ने भारत के पहली पारी के 109 रन के जवाब में तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में चार विकेट पर 156 रन बनाकर 47 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से उस्मान ख्वाजा ने 60 जबकि मार्नस लाबुशेन ने 31 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से चारों विकेट रविंद्र जडेजा ने चटकाए। स्पिन की अनुकूल पिच का फायदा उठाते हुए बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने अपने दूसरे ही टेस्ट में पांच विकेट चटकाए जिससे



ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले ही दिन भारत को पहली पारी में 109 रन पर ढेर कर दिया। स्पिन की अनुकूल पिच पर आक्रामक रवैया अपनाने की रणनीति भारत पर भारी पड़ी और टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम सिर्फ 33.2 ओवर में सिमट गई।

### रविंद्र जडेजा ने चटकाए चार विकेट

ऑस्ट्रेलिया ने चाय तक एक विकेट पर 71 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 33 जबकि मार्नस लाबुशेन 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। मेहमान टीम भारत के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 38 रन पीछे है। टीम ने एकमात्र विकेट ट्रेविस हेड का गंवाया जिन्हें रविंद्र जडेजा ने पवेलियन भेजा। पहले दो टेस्ट की तरह पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिलने की उम्मीद थी लेकिन होलकर स्टेडियम की पिच पर पहले ही घंटे में गेंद ने काफी टर्न लिया और कुछ मौकों पर गेंद नीची भी रही जो थोड़ा हैरानी भरा था। भारत के लिए विराट कोहली 52 गेंद में 22 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल के स्थान पर टीम में जगह बनाने वाले शुभमन गिल ने 21 रन की पारी खेली। पहले सत्र में सात विकेट गंवाने के बाद भारत ने दूसरे सत्र में 25 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट भी गंवा दिए। कुहनेमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 रन पर पांच विकेट चटकाए। ऑफ स्पिनर नॉथन लियोन ने 35 रन पर तीन विकेट चटकाकर उनका अच्छा साथ निभाया। उमेश यादव अगर 13 गेंद में दो छक्कों और एक चौके से 17 रन की पारी नहीं खेलते तो भारत को 100 रन के आंकड़े को पार करने के लिए भी जूझना पड़ता। भारत ने भी उम्मीद के मुताबिक गेंदबाजी की शुरूआत अश्विन और जडेजा की जोड़ी से कराई। जडेजा ने पारी के दूसरे ओवर में ही ट्रेविस हेड (09) को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। लाबुशेन भी इसके बाद जडेजा की गेंद को विकेटों पर खेल गए लेकिन यह नोबॉल हो गई। लाबुशेन ने इस जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और ख्वाजा के साथ मिलकर चाय तक ऑस्ट्रेलिया को और झटके नहीं लगने दिए। इससे पहले भारत के तीन बल्लेबाज रोहित शर्मा (12), रविंद्र जडेजा (04) और श्रेयस अय्यर (00) आक्रामक रवैया अपनाने की कोशिश में आउट हुए। श्रृंखला में पहली बार टॉस जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित ने उम्मीद के मुताबिक पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

स्टार्क ने पहले ही ओवर में स्विंग होती गेंदों पर रोहित को परेशान किया। पहली ही गेंद ने रोहित के बल्ले का हल्का किनारा लिया लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस नहीं लिया। तीन गेंद बाद स्टार्क की अंदर आती गेंद रोहित के पैड पर लगी और इस बार भी ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस का सहारा नहीं लिया जबकि रीप्ले में दिखा कि गेंद ऑफ स्टंप से टकराती। ऑस्ट्रेलिया ने छठे ओवर में कुहनेमैन के रूप में स्पिनर को आजमाया और उन्होंने गेंद को तेजी से टर्न कराया। उनके ओवर की अंतिम गेंद को रोहित आगे बढ़कर खेलने के प्रयास में चूक गए और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने उन्हें स्टंप कर दिया। कुहनेमैन ने इसके बाद गिल (21) को स्लिप में कप्तान स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया।

चेतेश्वर पुजारा (01) सिर्फ चार गेंद खेलने के बाद लियोन की ऑफ साइड से तेजी से स्पिन होती गेंद पर बोल्ड हो गए। गेंद थोड़ी नीची भी रही।

### 'सर' जडेजा ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, 5000 रन और 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** इंदौर के होलकर स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मैच में भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान उस्मान ख्वाजा को आउट कर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 500वां विकेट पूरा किया। इस मैच से पहले जडेजा के 499 इंटरनेशनल विकेट थे। अब उनके नाम टेस्ट में 260, वनडे में 189 और टी20आई में 51 विकेट हैं। अपने इंटरनेशनल करियर में रविंद्र जडेजा बल्लेबाजी में 5,000 रन के साथ-साथ गेंदबाजी में 500 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वह भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव के क्लब में शामिल हो गए हैं। कपिल देव ने 356 इंटरनेशनल मैचों में 28.83 की औसत से 687 विकेट अपने नाम किए थे। वहीं उन्होंने बल्लेबाजी में 9,031 रन भी बनाए थे। रविंद्र जडेजा ने 298 इंटरनेशनल मुकाबलों में 5 हजार रन के साथ-साथ 500 विकेट लेने का रिकॉर्ड हासिल किया है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई स्पिन अटैक के सामने पूरी भारतीय टीम फेल रही और केवल 109 रन बनाकर आउट हो गई। भारत की तरफ से सर्वाधिक 22 रन विराट कोहली ने बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मैथ्यू कुह्लमेन ने पांच और नाथन लॉयन ने तीन विकेट झटके।

## जेम्स एंडरसन को पछाड़कर नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने अश्विन, जडेजा भी टॉप-10 में

### वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हार के बाद एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गए

**दुबई।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पछाड़कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंच गए। नई दिल्ली में दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के दौरान छह विकेट चटकाने वाले अश्विन को दो स्थान का फायदा हुआ है। वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हार के बाद एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। छत्तीस साल के अश्विन टेस्ट गेंदबाजों के बीच पहली बार 2015 में शीर्ष पर पहुंचे थे। इसके बाद वह कई बार शीर्ष पर जगह बना चुके हैं। अश्विन ने दिल्ली में भारत की जीत के दौरान पहली पारी में मार्नस लाबुशेन और



स्टीव स्मिथ को एक ही ओवर में आउट करने के बाद एलेक्स कैरी को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा था। इस ऑफ स्पिनर ने दूसरी पारी में शीर्ष पांच में से तीन विकेट चटकाए थे जबकि उनके स्पिन जोड़ीदार रविंद्र जडेजा ने दूसरे छोर से ऑस्ट्रेलिया के बाकी बल्लेबाजों को आउट किया था।

अश्विन के पास घरेलू सरजमीं पर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो मैच में और बेहतर प्रदर्शन करके शीर्ष पर लंबे समय तक बने रहने का मौका होगा। पिछले तीन हफ्ते में अश्विन तीसरे गेंदबाज हैं जो टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। पिछली बार एंडरसन ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था। कमिंस नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। अश्विन के 864 रेटिंग अंक हैं जो एंडरसन से पांच अधिक हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट चटकाने वाले जडेजा भी गेंदबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा और अश्विन टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जो रूट ऑलराउंडर की सूची में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर हैं। वेलिंगटन में फॉर्म में वापसी करते हुए रूट ट्रेविस हैड और बाबर आजम को पछाड़कर आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के टॉम ब्लंडेल ने शीर्ष 10 में जगह बनाई है। वह चार स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनकी उम्दा पारी से न्यूजीलैंड ने फॉलोआन खेलने के बाद इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक एक और शतक के साथ 15 स्थान के फायदे से विराट कोहली के साथ संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर हैं।

### त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या बाबू पर चार साल का प्रतिबंध, अपील के लिए 21 दिन का समय



**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या बाबू को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल पर चार साल के लिए प्रतिबंधित किया है। पच्चीस साल की ऐश्वर्या को धाविका एस धनलक्ष्मी के साथ 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया था क्योंकि ये स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव पाए गए थे जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल था। नाडा के अपील पैनल से 13 फरवरी को प्रतिबंध का नोटिस मिलने के बाद ऐश्वर्या के पास प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने के लिए छह मार्च तक का समय है। ऐश्वर्या पिछले साल 13 और 14 जून को चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप के दौरान ओस्टेरिन के लिए पॉजिटिव पाई गई थी जो एक सिलेक्टिव एंड्रोजेन रिसेप्टर मोडुलेटर (एसआरएएम) है। ऐश्वर्या ने चैंपियनशिप में 14.14 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ त्रिकूद में स्वर्ण पदक जीता था। ऐश्वर्या को पिछले साल जुलाई में अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया था। नाडा ने कहा है कि ऐश्वर्या ने एनाबॉलिक स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया जो वाडा की 2022 की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। एजेंसी ने कहा कि खिलाड़ी ने इसके इस्तेमाल के लिए उपचार के लिए छूट नहीं ली थी। ऐश्वर्या ने अपने जवाब में कहा था कि उन्होंने प्रदर्शन में सुधार के लिए कोई प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया। इस खिलाड़ी ने कहा कि फरवरी 2021 में जिम में भार उठाते हुए उन्हें चोट लगी थी और उनका कंधा खिसक गया था। उन्होंने उपचार कराया और इस चोट से उबर गईं। ऐश्वर्या ने कहा कि राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से पहले उन्होंने कड़ी मेहनत की जिससे उन्हें उसी स्थान (कंधे) पर दोबारा परेशानी का सामना करना पड़ा। इतने ही जज्बे के साथ ट्रेनिंग की स्थिति में चोट के दोबारा उभरने के डर से ऐश्वर्या ने इस मुद्दे पर अपने साथी जगदीश के साथ चर्चा की जो स्वयं भी एक एथलीट हैं। जगदीश ने उन्हें ओस्टेरिन दवा खाने का सुझाव दिया और दावा किया कि यह पूरी तरह सुरक्षित है और दर्द से छुटकारा दिलाने तथा मांसपेशियों को ठीक करने में मदद करेगा। नाडा के अनुशासनात्मक पैनल ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों ऐश्वार्या ने अस्पताल या पंजीकृत डॉक्टर से संपर्क नहीं किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी ने नियमों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया और अपने साथी की सलाह पर ओस्टेरिन ली। पैनल ने कहा, तथ्यों, हालात, पूर्व मामलों और नियमों को ध्यान में रखते हुए फैसला किया जाता है कि खिलाड़ी ने नाडा डोपिंग रोधी नियमों के नियम 2.1 और 2.2 का उल्लंघन किया है इसलिए उन्हें चार साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है। अयोग्यता का समय अस्थाई निलंबन की तारीख से शुरू होगा जो 18 जुलाई 2022 है।

## एमएस धोनी प्रभावशाली कप्तान और सर्वश्रेष्ठ रणनीतिकारों में से एक, फाफ डुप्लेसी ने 'कैप्टन कुल' की तारीफ में पढ़े कसीदे

**बेंगलुरू।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने उन्हें एक नेतृत्वकर्ता के रूप में परिपक्व होने में मदद की। उन्होंने साथ ही पूर्व भारतीय कप्तान को सर्वश्रेष्ठ रणनीतिकारों में से एक करार दिया। डुप्लेसी आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स का दो बार 2011 से 2015 और फिर 2018 से 2021 तक हिस्सा रहे। वह पिछले सत्र में कप्तान के रूप में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से जुड़े। डुप्लेसी ने कहा कि जब उन्होंने महसूस किया कि वह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ या धोनी जैसे कप्तान नहीं बन सकते तो उन्होंने खुद जैसा बनने का फैसला किया। डुप्लेसी ने आरसीबी के पोडकास्ट में कहा, मुझे लगता है कि



मेरे लिए (उनके करियर के दौरान) जो वास्तव में अच्छा था, वह यह पता चलना था कि मैं एक कप्तान के रूप में ग्रीम स्मिथ नहीं बनने जा रहा हूं, मैं एक कप्तान के रूप में स्टीफन फ्लेमिंग नहीं बनने जा रहा हूं, मैं कप्तान के रूप में महेंद्र सिंह धोनी नहीं बनने जा रहा। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति के रूप में मैं जो हूं उसके प्रति सच्चा होने के लिए, मुझे मेरे जैसा होने की आवश्यकता है। क्योंकि यदि आप अपने जैसे नहीं हैं, तो लोग इस पर निशाना साधेंगे, शायद तब नहीं जब आप अच्छा कर रहे हों लेकिन निश्चित रूप से तब जब आप दबाव में होंगे या उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे होंगे। डुप्लेसी ने कहा कि सीएसके के साथ अपने पदार्पण सत्र के दौरान वह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग के साथ काफी समय बिताते थे और बस कप्तानी को लेकर उनके दिमाग को पढ़ने की कोशिश करते थे और नेतृत्वक्षमता की बारीकियों को आत्मसात करने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा, मेरे पास हमेशा दिग्गज नेतृत्वकताओं से सीखने का यह दृष्टिकोण था, यह (नेतृत्व) हमेशा कुछ ऐसा था जिसके बारे में मैं रोमांचित था। जब मैं शुरू में दक्षिण अफ्रीकी की टीम में आया था तो ग्रीम स्मिथ कप्तान थे। मैं ऐसा था, वाह, यह आदमी जब बोलता है तो उसकी एक अद्भुत उपस्थिति होती है और वह बोलते हुए कमरे में हावी हो जाता है। डुप्लेसी ने कहा, अपने करियर की शुरूआत में ही मुझे चेन्नई (सीएसके) जाने का मौका मिला। स्टीफन फ्लेमिंग खेल के महान नेतृत्वकताओं में से एक हैं, जाहिर है, न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए भी।

अलग पहलू यह था कि वह मानव प्रबंधक थे, एक व्यक्ति जो रिश्तों पर काम करता है। उन्होंने कहा, सीएसके में अपने पहले सत्र के दौरान मैं उनके (फ्लेमिंग) बगल में बैठा था और उनसे सिर्फ कप्तानी और नेतृत्व के बारे में सवाल पूछे, बस जितना हो सके उतना सीखने के लिए। और फिर उससे ऊपर महेंद्र सिंह धोनी, आप जानते हैं वह खेल को रणनीतिक रूप से कितना अच्छी तरह पढ़ता है। और आप कहते हैं कि वह प्रभावशाली कप्तान है। दक्षिण अफ्रीका के इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि 2016 की श्रृंखला के दौरान होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में गेंद को चमकाने के लिए 'अनुचित' आलोचना की जा रही थी जिससे वह घरेलू टीम को जवाब देने के लिए और अधिक प्रतिबद्ध हो गए थे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा टेस्ट पारी और 80 रन से जीता था। टीम की कप्तानी कर रहे डुप्लेसी ने कथित तौर पर मुंह में टॉफी रखकर गेंद पर लार लगाई थी। उन पर मैच फीस का शत प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया था लेकिन उन्हें एडीलेड में अगला टेस्ट खेलने की मंजूरी दे दी गई थी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन का ऐलान, केएल राहुल हुए बाहर

**इंदौर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंदौर में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने अपने प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव करते हुए के.एल. राहुल की जगह शुबमन गिल व पेसर मोहम्मद शमी की जगह उमेश यादव को शामिल किया है। भारत सीरीज में 2-0 से आगे है।



इंदौर में होने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट मैच से एक दिन पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान के तौर पर पारंपरिक परिचय कराए जाने पर रोहित शर्मा ने मजाक में कहा, सबको पता है यार। रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगे बताया कि भारत के प्लेइंग इलेवन का एलान टॉस के दौरान ही किया जाएगा। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में बुधवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रोहित ने टॉस के बाद कहा, हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। इस ड्रेसिंग रूम में मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। खिलाड़ियों को अपने कौशल पर भरोसा है जो आगे बढ़ने के लिये अच्छी बात है। हमने (यहां) काफी क्रिकेट खेली है लेकिन यह (पिच) थोड़ी अलग है। पिच थोड़ी सूखी दिख रही है और हमें इसके अनुसार ढलना होगा। हमने टीम में दो बदलाव किये हैं। केएल राहुल की जगह शुभमन गिल आये हैं। हमने मोहम्मद शमी को आराम दिया और उमेश यादव को टीम में जगह दी है।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा, पिच काफी सूखी लग रहा है और कोई आश्चर्य नहीं कि रोहित ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उम्मीद है कि हम जल्दी ही अपने कौशल का प्रदर्शन कर पाएंगे और भारतीय बल्लेबाजों को दबाव में आउट कर सकेंगे। यह (ब्रेक) हमारे लिये अच्छे समय पर आया, जाहिर तौर पर पिछले मैच की हार निराशाजनक रही। खिलाड़ियों के पास तैयारी करके वापस आने का समय था। हम पैटी (पैट कमिंस) के बारे में सोच रहे हैं, उसकी मां की तबीयत खराब है और उसे घर जाना पड़ा। हमने टीम में दो बदलाव किये हैं, मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया गया है।

***ऑस्ट्रेलियाई एकादश***

उस्मान ख्वाजा, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), पीटर हैंड्सकॉम्ब, कैमरन ग्रीन, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नेथन लायन, टॉड मर्फी, मैथ्यू कुह्नेमन।

***भारतीय एकादश***

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज।

### माटियो बेरेटिनी ने लगातार जीते सात गेम अल्कारेज और कैमरन नोरी टूर्नामेंट से हटे

एकापुल्को (मैक्सिको)। माटियो बेरेटिनी ने मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में एलेक्स मोलकेन के खिलाफ लगातार सात गेम जीते जिसके बाद विरोधी खिलाड़ी ने कलाई की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया। इटली के 26 साल के बेरेटिनी 17 जनवरी को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में एंडी मरे के खिलाफ शिकस्त के बाद पहला मैच खेल रहे थे। बेरेटिनी ने पहला सेट 6-0 से जीता और वह दूसरे में 1-0 से आगे थे जब मोलकेन ने मुकाबले को आगे नहीं खेलने का फैसला किया। इस बीच शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज और पांचवें वरीय कैमरन नोरी ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। अल्कारेज के दाएं पैर की मांसपेशियों में ग्रेड एक का खिंचाव है जबकि नोरी थकान के कारण टूर्नामेंट से हट गए।



# रोजगार के लिए पीयू प्रयासरत : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**समझौता**

## कौशल विकास व प्रशिक्षण केंद्र के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर

**जनसंदेश न्यूज**



एमओयू पर हस्ताक्षर करती कुलपति प्रो. मौर्य

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र और पीएमजी कॉमर्स एज फाउंडेशन के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर किया गया। एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य, नोडल अधिकारी डा. राजकुमार और पीएमजी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रतीक सिंह थे। कुलपति प्रो. मौर्य विश्वविद्यालय में शिक्षा और रोजगार के अवसर के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। यह दसवां एमओयू है, जिससे विश्वविद्यालय को हर क्षेत्र में नई ऊचाई मिल रही है।

कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि इस करार से उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन के अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं माइक्रो फाइनेंस एक्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम के सर्टिफिकेट कोर्स चलाये जा रहे हैं। 27-27 प्रशिक्षुओं के दो बैच (कुल अवधि 400 घंटे) उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत डोमेस्टिक डाटा इंट्री ऑपरेटर और दो बैच (कुल अवधि 400 घंटे) माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव के सर्टिफिकेट कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इससे विश्वविद्यालय के आस-पास के ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही उनके कौशल का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि हमारी यह मंशा केवल शिक्षा की उत्कृष्टता के लिए ही नहीं बल्कि सामाजिक हितों के लिए भी विश्वविद्यालय को समाज मे आगे लाकर कार्य करना चाहती है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा सबको हुनर सबको काम को भी मूर्त रूप देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय और एक कदम आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार इस केंद्र के उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत हैं। केंद्र का लक्ष्य बड़ी संख्या में युवाओं के कौशल का संवर्धन तथा उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना है, जो उन्हें बेहतर आय प्राप्त करने में मदद करेगा। ऐसे युवा जो स्कूल/कॉलेज छोड़ चुके हैं एवं बेरोजगार हैं, वे इस प्रशिक्षण केंद्र में दिए गए अल्पावधि प्रशिक्षण से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद पीएमजी कॉमर्स एज फाउंडेशन भदोही व्यावसायिक/रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार प्रदान करने में मदद कर रही है। एमओयू के अवसर पर डॉ. प्रतीक सिंह, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील कुमार, चीफ वार्डन सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, राजन कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार यादव आदि थे।

## जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सौरभ और मुकेश दूसरे स्थान पर



**जौनपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जनक कुमारी इंटर कॉलेज में संपन्न जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी सौरभ एवं मुकेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इन विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। निर्णायक मंडल में डॉ. संजीव गंगवार विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, अशोक कुमार यादव, सत्यम कुमार उपाध्याय ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सभी विज्ञान मॉडलों का मूल्यांकन किया एवं उसके आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए।

**संक्षेप**

## पंचायत उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना



**खेतासराय।** शाहगंज सोंधी में होने वाले पंचायत उप चुनाव के लिये बुधवार को ब्लाक से पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्र पर रवाना हुई। सोंधी ब्लाक के ग्राम पंचायत कड़ैला में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होना है। इस गांव के प्रधान कमलेश बिंद का निधन हो जाने से गांव प्रधान विहीन हो गया था। प्रधान पद के उपचुनाव में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जिसमें मृतक प्रधान कमलेश बिंद की पत्नी अनीता, लल्लन बिंद पुत्र छट्ठू और मनीता पत्नी राजेन्द्र प्रत्याशी हैं। एआरओ हिमांशु सिंह ने बताया कि कड़ैला गांव के प्राथमिक विद्यालय पर मतदान केंद्र पर दो बूथ बनाए गए हैं। इस गांव में मतदाताओं की कुल संख्या 1309 है। दो मार्च को सुबह सात बजे से सायं पांच बजे तक मतदान होगा।

## एसपी ने थाना का किया औचक निरीक्षण



**बदलापुर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा सिंगरामऊ थाने का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले कार्यालय की साफ सफाई तथा आपराधिक रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों व उपकरणों के बारे में गहनता से जांच पड़ताल करते हुए जानकारी प्राप्त की फिर उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, पुलिस बैरक और मेस की गुणवत्ता को परखा साथ रख-रखाव आदि को चेक किया। थाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए सर्व संबंधित को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## शाहगंज महोत्सव में प्रतिभागियों को देना होगा ऑडिशन

**सुइथाकला।** रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले शाहगंज महोत्सव में प्रतिभाग के इच्छुक कलाकारों, स्कूल-कालेजों के बच्चों को कार्यक्रम से पूर्व आयोजक मंडल के समक्ष अपना ऑडिशन देना होगा। तत्पश्चात चयनित कलाकार ही मंच पर प्रस्तुति दे सकेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रबंधन कार्य देख रहे शशि तिवारी ने बताया कि जिले के जिस भी स्थानीय कलाकर अथवा स्कूल कालेजों की सांस्कृतिक टीम को महोत्सव में हिस्सा लेना है वे 3 व 4 मार्च को शाहगंज डाक बंगले में आयोजित ऑडिशन सत्र में भाग ले सकते हैं।

## सड़क दुघर्टना में दो घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नगर के बाईपास ओवरब्रिज पर सड़क दुघर्टना में बाइक सवार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी 17 वर्षीय अनुज सिंह पुत्र बृजेश सिंह दवा लेकर बाइक से घर जा रहे थे कि सामने से आ रहे खुटहन थाना क्षेत्र के तिघरा गांव निवासी 50 वर्षीय चंदू की बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार कराया गया।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के मेंहौड़ा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में दो घायल हो गए। क्षेत्र के मेंहौड़ा गांव के सचनू राम व दीपक कुमार के बीच काफी दिनों से भूमि विवाद चल रहा था। इसी भूमि विवाद को लेकर बुधवार को सुबह आठ बजे दोनों पक्षों में विवाद हो गया जिसमें देखते ही देखते दोनों पक्षों से लाठी डंडे चले। इस मारपीट में एक पक्ष से सचनू राम व दूसरे पक्ष से दीपक कुमार घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।

## झाड़ी में फेंकी मिली नवजात बच्ची

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमोध गांव में स्थित बसुई नदी की झाड़ी में बुधवार की शाम करीब चार बजे कपड़े में लिपटी हुई एक नवजात बच्ची रोती हुई मिली। अमोध गांव का ही एक लड़का विशेष गौतम जो बुधवार की शाम नदी की तरफ शौच करने गया था अचानक उसे रोने की आवाज सुनायी दी। एक बार तो वह डर गया लेकिन पास जाकर देखा तो मालूम हुआ कि कपड़े में लिपटी हुई नवजात बच्ची है। सूचना पर गांव के लोग भी पहुंच गये और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया पुलिसबल के साथ तत्परता दिखाते हुए पहुंचे और बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले गये, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। बच्ची सही-सलामत है। बच्ची को चाइल्ड केयर सेन्टर जौनपुर को सुपुर्द कर दिया गया। देखने से ऐसा लग रहा था कि किसी ने लोक-लज्जावश झाड़ी में फेंक दिया था।

## बदमाशों ने युवक को मारपीट कर मोबाइल छीना

**जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के राजेयर रामेश्वरम पुल के पास बुधवार को एक युवक को मारपीट कर बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन लिया। युवक के शोर मचाने पर बदमाश भाग निकले। केराकत क्षेत्र के टेढ़वा खरगसेनपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र जयप्रकाश किसी काम से उदपुर गांव होते हुए जौनपुर शहर जा रहा था। वह उक्त पुल के पास पहुंचा था कि उसे शौच लग गयी। वह बाइक को खड़ा कर नदी के किनारे शौच करने गया। जब वह शौच करके ऊपर आने लगा तो वहां मौजूद तीन बदमाश उसे अपने पास बुलाकर घर का पता पूछने लगे। प्रदीप ने जब बोला क्या करोगे। तब वे गाली गलौज देते हुए उसे पीटने लगे। प्रदीप शोर मचाने लगा तो वे उसका मोबाइल लेकर भाग निकले। प्रदीप ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। ज्ञात हो कि जलालपुर क्षेत्र के उक्त क्षेत्र में कुछ माह से इस प्रकार की घटनाओं की बाढ़ आ गयी है। लोगों की माने तो पुलिस की निष्क्रियता से नत्थनपुर, राजेपुर रामेश्वरम आदि स्थानों पर अराजक तथा मनबढ़ किस्म के युवकों का जमावड़ा रहता है। हल्का के सिपाहियों का इनको शह मिलती है। चार दिन पहले डेढ़ दर्जन युवकों ने एक परिवार पर हमला किया था जिसने चार बाइके भी पकड़ी गई थीं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सफाईकर्मी की मौत

**दुखद**

## पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुटी

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** स्थानीय निरीक्षण भवन के समीप स्थित मिश्रा भोजनालय के सफाई कर्मी की मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुटी है।

नगर के डाक बंगला (निरीक्षण भवन) मार्ग स्थित मिश्रा भोजनालय में सफाई का काम करने वाले सफाई कर्मी लक्ष्मी चौहान 27 लगभग 20 वर्षों से वह उक्त भोजनालय पर सफाई आदि का काम करता था। प्रतिदिन की भांति मंगलवार की रात भोजनालय की सफाई करने के बाद वह लेबर रूम में सोने गया। बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी लाश चारपाई पर पड़ी मिली। चारपाई के बगल कुछ जले कपड़े मिले। आशंका जताई जा रही है कि उक्त सफाई कर्मी की दम घुटने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विभिन्न पहलुओं को बारीकी से जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने बताया कि भोजनालय की सफाई कर्मी का शव मिला है मामले की जांच की जा रही है।

## 5 हत्यारोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई

**बदलापुर।** कोतवाली पुलिस ने सुल्तानपुर गांव निवासी सभासद योगेश यादव हत्याकांड मामले में 5 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। बताते चलें कि कुख्यात हत्यारे अपराधियों की गैंग चार्ट जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरांत प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा गैंग लीडर पुष्पेन्द्र दूबे उर्फ बन्टी दूबे पुत्र सुनील दूबे उर्फ कल्लू दूबे नि. ग्राम पट्टीदयाल बदलापुर, और उनके गैग के सदस्य गोलू शुक्ला उर्फ शशिकेश शुक्ला पुत्र अजय प्रकाश शुक्ला उर्फ नन्हे शुक्ला निवासी मछलीगाँव, उदित शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा निवासी ग्राम पट्टीदयाल, विकास शर्मा पुत्र दिनेश चन्द्र शर्मा निवासी ग्राम पट्टीदयाल और काजू दूबे उर्फ नरेन्द्र दूबे पुत्र सुनील दूबे उर्फ कल्लू दूबे निवासी पट्टीदयाल के विरुद्ध पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई की।

## होली और शब ए-बरात को लेकर हुई बैठक

**गौराबादशाहपुर।** थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। एसडीएम सदर सुनील भारती और सीओ केराकत गौरव शर्मा ने होलिका दहन, होली और शब-ए-बरात के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये लोगों से सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि कोई नई परंपरा नहीं होगी। किसी के ऊपर जबरदस्ती रंग न डालें। समय सीमा के तहत त्योहार मनायें। एसओ देवानंद रजक ने कहा कि कहीं कोई भी समस्या होती है तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। बैठक में कस्बा चौकी इंचार्ज रामजी सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह, प्रधान सूबेदार यादव, नीरज यादव, संतोष मौर्य, सत्यानंद चौबे, नवीन साहू, दिनेश सोनकर, आसिफ सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. अरविंद सिंह बने सहकारी पीजी कॉलेज के प्राचार्य

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** सहकारी पीजी कॉलेज मिहरावां में नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार गुप्ता के त्यागपत्र देने के कारण यह पद रिक्त चल रहा था। डॉ. अरविंद कुमार सिंह को प्रबंधक राजीव कुमार सिंह द्वारा प्राचार्य का पदभार ग्रहण कराया गया। डॉ. अरविंद कुमार सिंह सहकारी पीजी कॉलेज मिहरावां में हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. अरविंद कुमार सिंह एक अच्छे, नेक दिल इंसान और प्रशासनिक क्षमता से परिपूर्ण हैं। प्रबंधक ने महाविद्यालय परिवार से आह्वान किया कि पूरा महाविद्यालय डॉ. अरविंद सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर महाविद्यालय को नया आयाम और नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंधक ने मुझ पर भरोसा करके जो दायित्व दिया है उसकी पूरी क्षमता के साथ निर्वहन करुंगा। कार्यक्रम में उप प्राचार्य प्रो. पुष्पा सिंह, प्रो. मुक्ता राजे, लेफ्टिनेंट रणधीर कुमार, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. योगेंद्र प्रताप, डॉ. शिव प्रताप सिंह ने विचार व्यक्त किया। संचालन डॉ. राज बहादुर यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन लेफ्टिनेंट रणधीर कुमार ने किया।



कार्यक्रम में डॉ. मनोज सोनकर, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. नितेश यादव, डॉ. तारकेश्वर सिंह, शफीक अहमद, जोगिंदर सिंह, मोती लाल यादव आदि उपस्थित रहे ।

## शान्ति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं होली व शबे बारात: पुलिस उपाधीक्षक



**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** आगामी दोनों त्योहार होली और शबे बरात शान्ति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। मंगलवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित शान्ति समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा ने अपील किया।

उन्होंने जनसहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि कहीं और कभी भी विवाद की स्थिति में पुलिस को सूचना अवश्य दें जिसे समय रहते उसका निस्तारण किया जा सके। पूर्व त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने के लिए उन्होंने जनता के प्रति साधुवाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉक्टर बहादुर अली खान, प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा, निवर्तमान चेयरमैन विजय गुप्त, नगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष द्वय प्रदीप कमलापुरी व चन्दन सेठ, आजाद कुरैशी, रामदास यादव, फिरोज अंसारी व पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पोलिंग बूथ के लिए पार्टियाँ रवाना, मतदान आज

**सुइथाकला।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सवायन के रिक्त ग्राम प्रधान पद पर गुरूवार को होने वाले उपचुनाव के लिए विकासखण्ड मुख्यालय से बुधवार अपरान्ह पोलिंग पार्टियाँ रवाना हो गयी। उपचुनाव में कुल पाँच बूथों पर मतदान किए जाएंगे। बुधवार अपरान्ह विकासखण्ड मुख्यालय से उक्त ग्राम पंचायत में रिक्त प्रधान पद पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियाँ बूथों के लिए चुनाव सामग्री के साथ रवाना हो गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीओ आई एसबी सुरेन्द्र नाथ ने बताया कि उक्त पद के लिए गुरूवार को होने वाले मतदान के लिए जूनियर हाई स्कूल सवायन को मतदान केन्द्र बनाया गया है। कुल पाँच बूथ बनाए गए हैं जिस पर कुल 3853 मतदाता अपने मतदान का उपयोग करेंगे। उपचुनाव सकुशल सम्पन्न कराने सम्बन्धी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कुल 6 पार्टियाँ बनायी गई हैं जिसमें एक को रिजर्व में रखते हुए पांच को रवाना किया गया। निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण चुनाव के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल लगाए गए हैं। मतदान सुबह आठ बजे से सायं 5 बजे तक होगा।

# साइबर ठगी से बचाव के लिए किया गया जागरूक



साइबर ठगी से बचाव की जानकारी देते एक्सपर्ट

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली परिसर में बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम में जिले से आए ओपी जायसवाल ने कोतवाली परिसर में उपस्थित लोगों को साइबर ठगी के बारे जागरूक किया।

इस दौरान क्षेत्रवासियों को साइबर अपराधियों द्वारा लाटरी, एनी डेस्क एप, टीम व्यूवर, एसएमएस फावर्डिंग एप, लोन एप, फेक कस्टमर केयर नंबर आदि के माध्यम से लोगों को ठगी से बचने के तरीके बताए। साथ ही बताया कि आनलाइन जॉब, क्रेडिट और डेबिट कार्ड की डिटेल प्राप्त कर भी साइबर ठग खातों से रुपये उड़ा रहे है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि लोग झूठे प्रलोभन से बचें। यदि इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें। साथ ही बताया की साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल पर भी दर्ज करवा सकते हैं। लोगों को जागरूक किया गया कि आपके मोबाइल पर आए ओटीपी या एटीएम पिन को किसी के साथ शेयर न करें, फर्जी जॉब के आफर्स से भी सावधान रहें। असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें, इंटरनेट मीडिया पर अज्ञात लोगों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी आनलाइन साझा करते समय सावधानी बरतें, किसी भी झांसा या प्रलोभन देने वाले हाईपर लिंक/ वेबलिक्स/ यूआरएल को न खोलें, क्योंकि ये आपकी निजी व वित्तीय जानकारियों को लीक कर सकते है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, चौकी प्रभारी अनिल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस धूमधाम से मना कृष्ण जन्मोत्सव

**आयोजन**

## नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल पर झूमे श्रोता



भागवत कथा सुनाते कथावाचक आचार्य प्रमोद

**जलालपुर।** क्षेत्र के ताला मझवारा गांव में पंडित दुबरी चौबे के आवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह महायज्ञ के चतुर्थ दिवस मंगलवार को काशी से पधारे कथावाचक पंडित आचार्य प्रमोद त्रिवेदी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल ब्रज में खो गया। जय जयकार और नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की...जैसे भजनों से पूरा पंडाल गूंज गया।

कथा श्रवण कराते हुए उन्होंने कहाकि जब-जब धर्म की हानि होती है, इस पृथ्वी में तब-तब भगवान अधर्म का नाश करने और धर्म का पताका फहराने स्वयं आते है। कंस के अत्याचार और संतों के कष्टो को दूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कंस के कारागृह में अवतार लिया। जन्म के समय माया से सभी पहरेदार सो जाते हैं एवं कारागार का ताला खुल जाता है। कथा की झांकी में बासुदेव बने पंडित रवि शंकर चौबे भगवान कृष्ण की प्रतिमा लिए यमुना पार करके कृष्ण को गोकुल में छोडकर आते हैं और वहां से योगमाया रूपी कन्या लेकर आते है और योगमाया कन्या ने कंस को याद दिलाया कि अब उसका अंत निश्चित है। यहां गोकुल में जैसे ही नंद बाबा यशोदा ने भगवान को देखा तो सब कुछ बलिहार कर दिया और फिर पूरे चौरासी कोस ब्रज को बुलाकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। सभी देवी देवता भी रूप बदल बदलकर दर्शन करने पहुंचे। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म की झांकी भी सजाई गई। कृष्ण के जन्म होते ही भजनों पर सभी भक्त झूम उठे। इस मौके पर मंगल देव यादव, कन्हैया लाल यादव, शिवनारायण यादव, पंडित राजेश मिश्रा, नन्हु चौरसिया, कमलेश यादव, पंकज पांडेय, राजन पांडेय, समेत भारी संख्या में महिला व पुरुष कथा की ज्ञान गंगा में देर रात तक गोता लगाते रहे।

# 14 वर्षों से लंबित मामले को एसडीएम ने सुलझाया

**जनसंदेश न्यूज**

**बदलापुर।** तहसील क्षेत्र के लखनेपुर ग्राम पंचायत में करीब 14 वर्ष से लंबित एक बंटवारे के मामले में पक्षकार एक दशक से लगातार तहसील का चक्कर काटते परेशान हो गया था।



एसडीएम रिषभ देशराज पुंडीर

जिसके वाद में पारित स्थगन आदेश के कारण वह अपने ही घर में निर्माण या मरम्मत कार्य नहीं करवा पा रहा था। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम रिषभ देशराज पुंडीर द्वारा दिन प्रतिदिन की कार्यवाही त्वरित रूप से करते हुए मामले का निस्तारण कर सुलझा दिया गया जिसकी प्रशंसा क्षेत्र में जोरों से चल रही है। बताते चलें कि संबंधित वाद 2009 में दर्ज हुआ था। एक दशक से ज्यादा वाद के लंबित रहने के उपरांत वादी द्वारा प्रतिदिन सुनवाई कराने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसके सामने आते ही मामले को गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया गया। इसके अलावा पक्षकारों द्वारा बताया गया कि विवाद के लंबित होने के कारण हुए कई वर्षों से अपनी भूमि पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रहे हैं और तहसील के चक्कर काट काट कर परेशान हो गया है जिसे संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी ने उक्त मामले में सभी लंबित कार्यवाही को तुरंत पूरा करते हुए दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनकर अंतिम आदेश पारित कर मामले का संपूर्ण निस्तारण कर दिया गया।

# छात्र छात्राओं ने विज्ञान का आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किया

**प्रयास**

## जन जीवन कल्याण के लिए विज्ञान का प्रयोग जरूरी

**जनसंदेश न्यूज**



**करंजाकला।** विकासखंड करंजाकला क्षेत्र के मोमिनपुर इंदिरा पब्लिक स्कूल में विज्ञान लेकर बच्चों ने आकर्षण मॉडल प्रस्तुत किया और लोगों ने उनके कार्य की सराहना की।

विज्ञान मॉडल प्रजेंटेशन समारोह में बच्चों ने बढ़ चढ़कर अपने अपने तरीके से विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें प्रकृति व सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम का भी मॉडल प्रस्तुत किया। कक्षा 5 व सात के बच्चों की टीम ने कम्प्यूटर जल संरक्षण टंकी का भी मॉडल बनाया। पर्यावरण प्रदूषण के साथ ही पृथ्वी के घूर्णन गति का मॉडल दिया गया। कक्षा 12 की छात्रा खुशी का विशेष मॉडल दिखाया। जिसमें पृथ्वी पर दिन और रात क्यों होते हैं जिसकी सभी लोगों ने सराहना की। मानव तंत्रिका पर्यावरण कूलर से फायदे नुकसान के प्रति बच्चों ने जानकारी हासिल की। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामाश्रय भारद्वाज ने जीवन में विज्ञान का महत्व उसकी उपयोगिता पर विस्तार से अपने विचार दिए और कहा कि विज्ञान को जन जीवन कल्याण के लिए प्रयोग किया जाए जिससे देश तरक्की करे। प्रबंधक ज्ञान ज्ञानेंद्र पाल ने कहाकि विज्ञान ने विश्व में अपने तकनीक का लोहा मनवाया है और विज्ञान ही जीवन की जरूरत का अभिन्न अंग है। विज्ञान का प्रयोग विश्वकल्याण के लिए होने का जोर दिया। कहाकि अब विध्वंस के लिए नहीं होना चाहिए। इस मौके पर प्रेम धारीवाल, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार, संजीव कुमार, अमित कुमार, मनोज तिवारी, विजय सिंह, अखिलेश मौर्या, शिवा मिश्रा, राजकुमार, सुषमा पाल चंदूवाला, स्तुति, रंजना विश्वकर्मा, फरहीन शेख, अनिल यादव मौजूद रहे।

# जनरथ बस, ट्रैक्टर टक्कर में ट्रैक्टर चालक की मौत, एक अन्य घायल

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिराई के सामने रोडवेज बस और ट्रैक्टर की टक्कर में ट्रैक्टर चालक मनोज यादव 40 निवासी नथईपुर की जहा घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही कठौता गांव निवासी राजू सरोज गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कर्बला के सामने पेट्रोल पंप से ट्रैक्टर चालक मनोज डीजल भरा कर कट पॉइंट से सड़क की तरफ घूम रहा था इस दौरान वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही रोडवेज बस ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया। घटना मे ट्रैक्टर का चालक गंभीर रूप से घायल होकर वहीं तड़पने लगा। जब तक स्थानीय लोग उसे अस्पताल ले जाते तब तक उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई मौके पर मौजूद पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आवागमन सुचारू रुप से चालू करा दिया। रोडवेज की जनरथ बस मे 32 यात्री सवार थे जो सकुशल बच गये हैं।

## भाई की ससुराल में पंखे के सहारे युवक ने लगाई फांसी

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के बरदहां गांव स्थित ब्राह्मण बस्ती में मंगलवार की रात एक युवक द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने छानबीन की और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानकर कई एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार कुंदन तिवारी 28 वर्ष पुत्र शेषधर तिवारी निवासी धनापुर थाना चौरी का शव उसके भाई की ससुराल में स्थित रसोईघर में पंखे के सहारे लटक रहा था। पुलिस टीम ने कुंदन तिवारी का शव नीचे उतारा और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। फोरेंसिस टीम के द्वारा घटना स्थल पर फोटोग्राफी कर पूरे घर की तलाशी ली गई। पूछताछ में पता चला कि उस वक्त घर में एक महिला के अलावा कोई अन्य मौजूद नहीं था। परिवार के सभी लोग मुंबई में रहते हैं। वारदात की सूचना उसके परिजनों को भेज दी गई है। बताया जाता है कि मृतक कुंदन तिवारी का विवाह छह वर्ष पूर्व हुआ था। परिजनों के मुताबिक इन दिनों इसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। परिजन इसका इलाज भी करवा रहे थे। बताया जाता है कि कुंदन तिवारी के भाई अजीत तिवारी की शादी बरदहां निवासी अमरेश दुबे की बेटी के साथ हुई थी। मंगलवार की रात कुंदन अपने कपसेठी लोहराडीह ननिहाल से चलकर अपने भाई की ससुराल बरदहां गया था। जहां पहुंचने के बाद यह दरवाजा खोलवाकर सो गया। सुबह रसोईघर में कुंदन तिवारी का शव रसोईघर में पंखे के सहारे लटकता मिला। थानाध्यक्ष के मुताबिक हत्या है या आत्महत्या इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हो पाएगी। मृतक चार भाइयो में सबसे छोटा था।

## रंगों का पर्व होली के लिए सजने लगी रंग व पिचकारी की दुकानें



पर्व

### महंगाई के बावजूद खरीदारी में उत्साह

**गोपीगंज।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली के मद्देनजर अबीर गुलाल पिचकारी आदि की दुकानें सजनी शुरू हो गई है। नगर के खरहट्टी मोहाल में थोक और फुटकर की दुकानों पर रंग-बिरंगे बंदूक की शक्ल की पिचकारी, अबीर गुलाल सहित डरावने मुखोटे की खरीदारी में तेजी रही। थोक अबीर गुलाल और रंग के विक्रेता रामचंद्र ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष लगभग 15% सामानों के दामों में बढ़ोतरी हुई है, बावजूद इसके खरीदारों में काफी उत्साह है। पर्व के मद्देनजर बाजारों में होली की रंग चढ़ता दिखाई देने लगी है। खरीददारों की भीड़ से बाजार गुलजार दिखने लगा है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार विशेष रंग ही बिक रहे हैं जो किसी भी प्रकार से शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। इसके साथ ही अबीर और गुलाल भी गुणवत्ता परक है, जिसको लगाने के बाद शरीर को हानि नहीं पहुंचेगी।

## संक्षेप

### बारीपुर गांव में प्रधान पद के लिए उपचुनाव आज, 4 को मतगणना

**भदोही।** डीघ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारीपुर के प्रधान पद के लिए आज उपचुनाव होगा। करीब 6 माह पूर्व ग्राम प्रधान कुलवंती देवी का निधन होने से सीट रिक्त हो गई थी। चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव हेतु घोषित तिथि के क्रम में आज यानी गुरुवार को वोट डाले जायेंगें। बुधवार को ही पोलिंग पार्टियां विकास खण्ड डीघ से रवाना होकर मतदान स्थल पर पहुंच गई हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे से शाम के 6 बजे तक वोटिंग होगी। बारीपुर प्राथमिक विद्यालय में बने मतदेय स्थल पर वोटिंग के लिए कुल 5 बूथ बनाये गए हैं। उपचुनाव में प्रधान बनने के लिए 5 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सीट अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। वहीं उपचुनाव की मतगणना होली के ठीक पहले 4 मार्च को होगी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के दृष्टिगत बुधवार को गांव में उपजिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने उम्मीदवारों व कुछ संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने सभी से शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग देने की अपील की तथा खलल पैदा करने वालों से सख्ती से निबटने की हिदायत भी दी है। उनके साथ थानाध्यक्ष बृजेश मौर्या चौकी प्रभारी सीतामढ़ी श्रीप्रकाश मिश्रा आदि रहे। उपचुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। मतदान केंद्र पर पुरुष व महिला पुलिस के साथ सेक्शन पीएसी के जवानों की तैनाती रहेगी। बढ़ी हुई सरगर्मी को देखते हुए पुलिस ने गांव में सक्रियता बढ़ा दी है। पुलिस अराजकतत्वों पर भी पैनी नजर रख रही है। उधर अंतिम क्षण तक प्रत्याशी अपने.अपने ढंग से मतदाताओं को अपने पाले में करने में जोरआजमाइश करते रहे।

### बड़े शिव मंदिर पर सजेगा बाबा का दरबार, रंग रोगन की तैयारियां शुरू

**गोपीगंज।** नगर के प्राचीन बाबा बड़े शिव धाम में शुक्रवार को बाबा का दरबार रंगभरी एकादशी को रंग-बिरंगे पुष्पों और विद्युत झालरों से जगमग होगा। बड़े शिव धाम सेवा समिति के तत्वावधान में प्रसिद्ध व ऐतिहासिक फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष के रंगभरी एकादशी के पावन पर्व पर बाबा के गौना के पवित्र बेला में बाबा बड़े शिव का दिव्य और आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके लिए मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग रोगन, सजावट आदि की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। मंदिर परिसर को आकर्षक पुष्पों के द्वारा अद्भुत तरीके से सजाया जा रहा है। मंदिर की अलौकिक श्रगार और बाबा का दर्शन पाने के लिए रात भर बाबा का परिसर गुलजार रहेगा।

### विकास एजेंडा क्रियान्वयन में भदोही को मिला प्रदेश में पहला स्थान

**भदोही।** विकास प्राथमिकता कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप भदोही द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा जारी विकास एजेंडा कार्यक्रम की माह जनवरी की रैंकिंग के संदर्भ में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि पूरे प्रदेश में भदोही शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शासन द्वारा जारी सूची में विंध्याचल मंडल निर्धारित सूचकांक में 99.09% के साथ छठें स्थान पर है तथा विंध्याचल मंडल के अन्य जिले मीरजापुर की रैंकिंग 33 व सोनभद्र 40 है। जिलाधिकारी गौरांग राठी व मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने शासन की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में लगे सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई व धन्यवाद ज्ञापित किया है, जिनके सतत तत्परता और लगन के साथ कर्तव्य निर्वहन के कारण पूरे प्रदेश में भदोही जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

### खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का जागरूकता शिविर आज

भदोही। ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन ज्ञानपुर पटेल नगर केनरा बैंक के बेसमेंट में अपराह्न 12:30 बजे आयोजित किया गया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने बताया कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर में विभागीय योजनाओं के बारे में जन समूह को जानकारी दी जायेगी।

### थानाध्यक्षों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल

**ज्ञानपुर।** जनहित में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निरीक्षको का स्थानांतरण किया गया है। एसपी ने बताया कि विपिन सिंह पुलिस लाइन्स ज्ञानपुर से प्रभारी निरीक्षक सुरियावां, राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक सुरियावां से विवेचना सेल अपराध शाखा तैनात किया गया है।

## नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कायम होगा मुकदमा

आयोजन

### डीजे संचालकों संग कोतवाल ने की बैठक



**गोपीगंज।** आदर्श कोतवाली गोपीगंज में बुधवार को शब ए बारात और होली पर्व को देखते हुए थाना परिसर में डीजे संचालकों संग बैठक कर कोतवाल सदानंद सिंह ने उनसे सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए मानक की परिभाषा बताई।

कोतवाल ने कहा कि रशब ए बारात व होली पर्व पर आप लोगों के द्वारा डीजे लाउडस्पीकर लगाकर उच्च ध्वनि में बजाते हुए पाए जाते हैं। जिसके कारण पूरे उत्तर प्रदेश में कई बार शांति व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो चुकी है। और यहां तक कि दंगे फसाद भी हो चुके हैं। संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा डीजे ध्वनि विस्तारक किराए पर चलाने का व्यापार भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी त्यौहार होली पर डीजे का प्रयोग उच्च ध्वनि में बजाने हेतु प्रतिबंधित कर दिया गया है। यदि आपके द्वारा डीजे किसी भी व्यक्ति को उधार या किराए पर दिया गया तो, सम्बंधित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार का दंगा, फसाद, मारपीट पथराव घटना घटित होती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध विधिक धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी डीजे संचालकों से उन्होंने बांड भरवाया। डीजे संचालकों में प्रमुख रूप से रईस अख्तर, कैलाश, रमेश, फूलचंद, शंकर, बबलू, आशुतोष दुबे, शिव आदि उपस्थित रहे।

# यादवेंद्र राय काका ने आईडीएफसी के नए ब्रांच का किया उद्घाटन

शुभारंभ

### मुख्य अतिथि यादवेंद्र राय काका का आईडीएफसी परिवार ने तिलक लगाकर किया स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** आईडीएफसी की नई शाखा का शुभारंभ मंगलवार को मुगलसराय में भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया। शाखा प्रबन्धक राकेश चौबे, रिजनल मैनेजर रिजवाना की उपस्थिति में शाखा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काका ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर यादवेंद्र राय काका रहे। मुख्य अतिथि का

आईडीएफसी परिवार ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि यादवेंद्र राय काका ने कहा कि आईडीएफसी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी है। इसकी स्थापना 1997 में एक इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी के रूप में की गई थी। एक भारतीय बहुराष्ट्रीय बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है। इसकी स्थापना 2015 में हुई थी और यह आईडीएफसी लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है। बैंक सेविंग और करंट अकाउंट, क्रेडिट कार्ड, लोन, मोरगेज, धन प्रबंधन, बीमा और निवेश बैंकिंग सहित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। इस बैंक का पूरे भारत में 1,000 से अधिक शाखाएं और 2,500 एटीएम का नेटवर्क है। दुबई और अबू धाबी में भी बैंक की मौजूदगी है। यहाँ पर नए ब्रांच के शुभारम्भ होने से क्षेत्र के व्यापारियों व उद्यमियों के साथ-साथ आम जन मानस को इसका लाभ मिलेगा।



मुख्य अतिथि यादवेंद्र राय काका को बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करती रिजनल मैनेजर रिजवाना

## संक्षेप

### सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को दी गयी विदाई

**पवांरा।** थाने पर आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक बाल शंकर यादव को पुलिसकर्मियों ने भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उनके कार्यशैली की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। मंगलवार की शाम थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पुलिसकर्मियों ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक बाल शंकर यादव को फूल-माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने शॉल ओढ़ाकर उपनिरीक्षक को सम्मानित किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इनके द्वारा किये गये कार्यों को हम सभी भूल नहीं पायेंगे। सेवानिवृत्त बाल शंकर यादव ने कहा कि सफलता के लिए इन्सान को अनुशासन में रहना बहुत जरुरी है। अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहे। इस दौरान उपस्थित मुंगराबादशाहपुर थानाध्यक्ष विवेक तिवारी, मीरगंज थानाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने भी उपनिरीक्षक को माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सच्चा सिपाही वही है जो अपने फर्ज के प्रति पूरी तरह से ईमानदार हो। इस अवसर पर उपनिरीक्षक शितलू प्रसाद, उपनिरीक्षक मंजय यादव, उपनिरीक्षक बासदेव प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह दीवान गेंदा सिंह, दीवान लक्ष्मण यादव, विजय यादव, पत्रकार अर्जुन आदि उपस्थित रहे।

### जनपद में धारा 144 लागू

**जौनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया है कि आगामी होली, शबे बारात, राम नवमी, गुड फ्राइडे, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती, ईद-उल-फितर, चेटी चन्द, महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषादराज गुह्य जयंती, ईस्टर सैटरडे, ईस्टर मन्डे, चन्दशेखर जयंती, रमजान का अन्तिम शुक्रवार एवं परशु राम जयंती जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दृष्टिगत सामाजिक/साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखे जाने तथा जनपद में विशिष्ट अतिथि/महानुभावों के आगमन आदि की सुरक्षा व अराजक तत्वों द्वारा विधि विरुद्ध समस्त कार्यो को अनिवार्य रूप से रोका जाना आवश्यक एवं अपरिहार्य है। उक्त के दृष्टिगत धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तात्कालिक प्रभाव से निषेधाज्ञा पारित किया जाता है। उपरोक्त आदेश 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।

### पुलिस की सक्रियता से होलिका दहन स्थल का विवाद खत्म

**जफराबाद।** क्षेत्र के हिसामपुर गांव में बुधवार को होलिका दहन के स्थल के विवाद को थानाध्यक्ष ने खत्म करवा दिया। गांव के लोगों की मौजूदगी में पुलिस की पहल की लोगों ने सराहना की। उक्त गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दिया कि मेरे खेत के लगाए गए खम्भे को गांव के कुछ लोगों ने हटा कर वहां होलिका लगाकर दहन करने की योजना बना रहे है। मामला संवेदनशील होने के कारण थानाध्यक्ष तत्काल मौके पर पहुंच गए। वहां पर खम्भा नहीं उखाड़ा गया था। आरोप लगाने वाले व्यक्ति ने कहा कि मेरे खेत मे होलिक दहन किया जाता है। इस पर गांव के लोगों ने बताया कि आज तक कोई विवाद नहीं था आरोप गलत है। यह जानकारी होने पर थानाध्यक्ष श्री द्विवेदी ने लेखपाल को बुलवाकर मामले को सुलझा दिया। सभी पक्षों में सहमति हो गयी। लोगों ने पुलिस की सराहना की।

### चाकू के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में उ.नि. मंजीत कुमार मय हमराही द्वारा एक नाजायज चाकू के साथ अभियुक्त मुन्नीलाल सोनी पुत्र स्व. ओमप्रकाश 32 वर्ष निवासी ग्राम मीरजापुर चौहारी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को रामनगर तिराहा से मंगलवार करीब 09.10 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर व धनवंतरी मंदिर का शिलान्यास समारोह संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**नगरा।** श्री नरहेजी चिकित्सालय नरहीं, रसड़ा, बलिया के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन के अवसर श्री धनवंतरी मन्दिर के शिलान्यास समारोह बुधवार को चिकित्सकीय परीक्षण के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके मां सरस्वती की आराधना के पश्चात मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह डीओ ने कहा कि इस सुदूर क्षेत्र में श्री नरहेजी पैरामेडिकल एवं नरसिंग संस्थान का संशाधनयुक्त सुसज्जित ढंग से सेवा के साथ शिक्षित करने के लिए संकल्पित होना अपने आप में चिकित्सकीय कार्य अद्भुत अनुकरणीय है। इस मौके पर आयोजित निःशुल्क इलाज के लिए विशाल शिविर का आनन्द विजय के नेतृत्व में मेडिकल के चिकित्सकों द्वारा हजारों मरीजों का चिकित्सकीय स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यकतानुसार सलाह के साथ मुफ्त दवा दिया गया। इसके साथ ही श्रीनरहेजी मेडिकल एवं शोध संस्थान पर मरीजों को भर्ती कर 24 घण्टे इलाज का शुभारंभ हो गया है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 एलबी कुशवाहा, बलिया जिलाध्यक्ष आयुष मेडिकल एसोसिएशन इण्डिया नेहा कि नरहेजी में पैरामेडिकल संस्था से हेल्थ केयर के क्षेत्र में अच्छे सुगम प्रायोगिक कार्य के साथ इलाज में सतर्कता के लिए परीक्षण की जो आवश्यकता होती है उसके प्रक्षिक्षक यहां से निकलेंगे। जो लैब टेक्नीशियन के तौर पर एक्सरे, सोनोग्राफी, फिजियोथैरेपिस्ट आदि कार्य में निपुण होंगे। आरएसएस के जिला प्रचारक अनुज जी ने वृक्षारोपण किया। आयोजक मण्डल के विजय नारायण सिंह गोपालजी ने कहा कि शिलान्यास हुए धनवंतरी मन्दिर के निर्माण के बाद आयुर्वेद के जनक ऋषि धनवंतरी की प्रतिमा परिसर में लगाया जाएगा। इस मौके पर डॉ. एसएस इस्लाम, डॉ. वीरेन्द्र यादव, डॉ. एसएन गिरि, डॉ. डीके पाण्डेय, अमजद ली, डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. विजय शंकर यादव आदि मौजूद रहे। अर्जुन गोपालन ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। संचालन कृष्ण मोहन ने किया।




## चार लोगों पर एससी-एसटी सहित छिनैती का केस दर्ज

**बदलापुर।** कोतवाली पुलिस ने जौनपुर न्यायालय एडीजे द्वितीय स्पेशल कोर्ट एससी एसटी के आदेश पर ग्राम दिलशादपुर थाना तेजी बाजार निवासी सुरेश चंद्र पुत्र स्वर्गीय रतन की तहरीर पर चार लोगों पर एससी एसटी, मारने पीटने, गाली गलौज देने, जान से मारने, रुपया छीनने, जाति सूचक शब्द से अपमानित करने तथा बाइक क्षतिग्रस्त करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। घटना बीते वर्ष 28 अक्टूबर 9 बजे रात की है। सुरेश चंद्र ने न्यायालय में इस बात का प्रार्थना पत्र दिया है कि वह बसिलसिला शहर कोलकाता में रहता है। 28 अक्टूबर को वह कोलकाता से जौनपुर जंक्शन पर रात में 7 बजे इन एक्सप्रेस से घर पहुंचने के लिए उतरा था। उसे लेने के लिए उसके घर से उसका लड़का दुर्गेश बाइक द्वारा जौनपुर जंक्शन आ रहा था कि जैसे ही वह कलिंजरा मोड़ के पास पहुंचा की मोनू पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम मिरशादपुर थाना बदलापुर, प्रेमचंद किराना स्टोर वाले निवासी मिरशादपुर थाना बदलापुर, अख्तर पुत्र अज्ञात निवासी मिरशादपुर थाना बदलापुर तथा एक अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात उसके लड़के को रोककर मारने लगे। इस बीच लोगों ने लड़के को भद्दी भद्दी गाली देते हुए उसका पर्स छीन लिया जिसमें 5000 रूपया था। उसकी बाइक भी छीनने का लोग प्रयास कर रहे थे कि वह अपनी बाइक लेकर किसी तरह धनियामऊ की तरफ भागा। धनिया मऊ पहुंचते ही चारों लोगों ने उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। उन लोगों ने उसकी गाड़ी को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी सुरेश ने जब पुलिस को दी तो पुलिस एफआईआर दर्ज करने की बजाए सुलह समझौता कराने लगी। थक हार कर उसने पुलिस अधीक्षक के यहां इस बात की शिकायत किया कि थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। सुरेश थक हारकर न्यायालय की शरण में गया।

## बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सिपाह पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। सुल्तानपुर जनपद के थाना दोस्तपुर के लोकनाथपुर गांव निवासी आशुतोष कुमार 35 वर्ष पुत्र देवेंद्र कुमार गोस्वामी अपने चचेरे भाई मंगला प्रसाद गोस्वामी के साथ विंध्याचल माता का दर्शन करने के लिए जा रहा था। बुधवार दोपहर लगभग 1 बजे जब दोनों उक्त स्थान से गुजर रहे थे अचानक रोडवेज बस की चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में मंगला प्रसाद गोस्वामी बाल-बाल बच गए, जबकि आशुतोष को गंभीर चोट आई और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बलिया का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा, सबका मिला सहयोगः सौम्या



जनसंदेश न्यूज

समारोह

### विदाई समारोह में अधिकारियों ने किया सम्मान

**बलिया।** निवर्तमान डीएम सौम्या अग्रवाल के स्थानांतरण के बाद उनका सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुआ।

उन्होंने कहा कि बलिया में बतौर डीएम आठ महीने का कार्यकाल काफी सुखद अनुभूति देने वाला रहा। यहां कभी कोई दिक्कत समझ में नहीं आयी। यहां बहुत सारे कार्य किए गए, जो जमीन पर दिखा। मुख्यमंत्री का हर एक भ्रमण सकारात्मक रहा। उन्होंने कहा कि यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। सच्चे मन से जुड़ने पर यहां के लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को यही सन्देश दिया कि हर कोई सकारात्मक सोच के साथ काम करें। सबको अंत में शुभकामनाएं देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टेज्ट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कौशल उपाध्याय व महामंत्री संजय भारती ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान एडीएम सीआरओ, तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदार, पीडब्लूडी के अधिकारी, सीएमओ, वीडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने निवर्तमान जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल का सम्मान किया।

### जब हाईस्कूल में था, तभी हुआ था प्रभावित : आत्रेय मिश्र

सम्मान समारोह में एक अजीब किस्सा सामने आया। एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा कि निवर्तमान डीएम जब महराजगंज में सीडीओ थीं, तब वह हॉली क्रॉस स्कूल में 10वीं में थे और एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आयीं थीं। इनके रूप में एक आईएएस ऑफिसर को देख काफी प्रभावित हुआ था और स्वयं भी आईएएस अफसर बनने की ठान ली थी। आज अगर एसडीएम के रूप में हूँ तो इसमें मैडम की ओर से मिली प्रेरणा भी काफी सहायक साबित हुई है।

### वक्ताओं ने इन उपलब्धियों का किया बखान

एडीएम, सीआरओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने अपने सम्बोधन में निवर्तमान डीएम की तमाम उपलब्धियों को गिनाया। वक्ताओं ने कहा कि बलिया को मेडिकल कालेज की जमीन चिन्हित करने में जिलाधिकारी का विशेष सहयोग रहा। इनकी विशेष रुचि का ही परिणाम रहा कि जमीन ढूंढकर चिन्हित की जा सकी। सुरहाताल को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करना भी खास उपलब्धि रही। बलिया के लिए यह बहुत बड़ा काम हुआ। किसी भी अधिकारी के सामने जो भी समस्याएं आयी, उसको अपने ऊपर लेकर उसका समाधान कराना भी बेहतर नेतृत्व क्षमता का अनूठा उदाहरण बताया।

# बीमारी के कारणों को खत्म करती है होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति

**खास मुलाकात**
**डॉ. नीरज वर्मा**

- हफ्ते में एक बार मंडल के किसी भी जिले में करतीं हैं होम्यापैथी चिकित्सा से संबंधित समीक्षा, देतीं हैं निर्देश
- जून 2022 में प्रदेश के 18 मंडलों में होम्योपैथिक में सृजित नये पद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के रूप में वाराणसी में मिली पहली तैनाती
- मंडल के 80 चिकित्सक, चार होम्योपैथी अधिकारी दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचा रहे होम्योपैथ की पद्धति

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** होम्योपैथी के रूप में डॉ. हैनिमैन ने एक ऐसी प्राचीन पद्वतियों में होम्योपैथ को भी माना जा सकता है शुरू से ही लोगों का होम्यापैथ की ओर रूझान रहा है, पूरी दुनिया में 30 करोड़ से ज्यादा लोग होम्योपैथी में भरोसा करते हैं, एलोपैथी जहां बीमारियों का पता लगाने, जांच करने का सबसे विश्वसनीय तरीका है, वहीं बीमारी को दबाने की बजाय उसे जड़ से खत्म करने के लिए होम्योपैथी आज भी ज्यादा भरोसेमंद मानी जाती है।



डॉ.नीरज वर्मा, मुख्य चिकित्साधीक्षक (होम्यापैथ) वाराणसी मंडल

'जनसंदेश टाइम्स' से खास मुलाकात के दौरान इस बात की तस्दीक करते हुए वाराणसी मंडल (चार जिले शामिल वाराणसी, जौनपुर, चंदौली व गाजीपुर )की मुख्य चिकित्साधिकक्षक (होम्यापैथ) डॉ.नीरज वर्मा ने बताया कि होम्योपैथ एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो बीमारी नहीं, बीमारी के कारण को खत्म करती है। बताया कि 1755 में जन्मे जर्मन डॉक्टर सैमुअल हैनिमैन को होम्योपैथी का जन्मदाता कहा जाता है, वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति को विकसित किया, जो शरीर के उसी अंग विशेष या उसी बीमारी का इलाज करती थी, जो परेशानी में है, साथ ही होम्योपैथी ने पहली मनुष्य के शरीर की बीमारियों को उसके भावनात्मक और मानसिक जीवन के साथ जोड़कर देखना और समझना शुरू किया।



जिले में निरीक्षण के दौरान पास के स्कूल के बच्चों से बात कर मीठी गोली के बारे में पूछती डॉ. नीरज

## एक परिचय

लखनऊ की रहने वाली डॉ. नीरज वर्मा ने वर्ष 1996 में बातौर मेडिकल आफिसर होम्योपैथ से अपने करियर की शुरूआत की, एटा, रायबरेली, सुल्तानपुर, लखनऊ में बेहतर होम्यापैथी अधिकारी के रुप में अपने को स्थापित करने वाली डॉ.नीरज को जून 2022 को पहली बार वाराणसी मंडल का मुख्य चिकित्साधिक्षक होम्यौपैथ की जिम्मेदारी दी गयी जिसे बाखूबी डॉ नीरजा निभा रहीं हैं।

## मंडल के चार जिलों को देंती हैं निर्देश

डॉ. नीरज वर्मा बताती हैं कि जून 2022 से पूर्व पूरे प्रदेश में सिर्फ दो मंडल में ही मुख्य चिकित्साधिक्षक होम्यापैथ का पद था, लेकिन जून 2022 में प्रदेश के सभी 18वों मंडल में इस पद को सृजित किया गया। वाराणसी मंडल के तहत आने वाले वाराणसी, जौनपुर, चंदौली व गाजीपुर जिलों में कुल 103 राजकीय होम्योपैथ चिकित्सालय में 79 होम्यापैथ चिकित्सक लोगों का इलाज कर रहें हैं।

## होम्योपैथिक दवाओं का कोई साइड इफेक्ट नहीं

डॉ. नीरज वर्मा ने बताया कि होम्योपैथी पूरी तरह सुरक्षित चिकित्सा पद्धति है, एलोपैथी के उलट इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं अंग्रेजी मेडिसिन में आप जिस भी बीमारी के इलाज के लिए जिस भी दवा का सेवन करते हैं, उसका कोई न कोई साइड इफेक्ट जरूर होता है। लेकिन होम्योपैथी के साथ ऐसा नहीं है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं यह दवा सिर्फ उस बीमारी और कष्ट का ही निवारण करती है, जिसके लिए वह दी जा रही है।

## आयुष मंत्रालय के बाद बढ़ा है बजट

डॉ. नीरज वर्मा ने बताया कि होम्यापैथी में दवाओं की कमी कभी नहीं थी लेकिन वर्ष 2014 में आयुष मंत्रालय के गठन के बाद होम्योपैथी के लिए बजट बढ़ा है। केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से होम्योपैथ की दवाओं के स्टॉक में कभी कोई कमी नहीं देखी गयी, बताती हैं कि सभी जिलों के मेडिकल ऑफिसर की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों केसाथ अति दुर्गम क्षेत्रों में भी इस पद्वति को पहुंचाया जा रहा है।

# चला हो गौरा ऊंचे पहड़वा तोहरा के भोला बोलवले बा...

**गौरा को ससुराल के नियम समझाने और अचल सुहाग की कामना के साथ गाए मंगल गीत**



**वाराणसी।** शिव-पार्वती विवाह के उपरांत रंगभरी (अमला) एकादशी पर बाबा के गौना की रस्म उत्सव का क्रम मंगलवार से टेढ़ीनीम स्थित विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर आरंभ हो गया। महंत आवास पर गौरा के विग्रह को संध्या बेला हल्दी लगाई थी। बुधवार को महंत आवास पर गौरा के विग्रह के समक्ष सुहागिनों और गवनहिरयों की टोली संध्या बेला में अचल सुहाग की कामना के साथ पहुंची। इस उत्सव में मोहल्ले की बुजुर्ग महिलाएं भी शरीक हुईं। बुधवार की शाम हुए इस उत्सव में ढोलक की थाप और मंजीरे की खनक के बीच मंगल गीत गाते हुए महिलाओं ने गौरा को ससुराल के नियम समझाया। दुल्हे के स्वागत के लिए कौन कौन से पकवान पकाए जा रहे हैं। सखियां पार्वती का साज श्रृंगार करने के लिए कैसे कैसे सुंदर फूल चुन कर ला रही हैं। मांगलिक गीतों से महंत आवास गुंजायमान हो उठा। लोक संगीत के बीच बीच शिव-पार्वती के मंगल दाम्पत्य की कामना पर आधारित पारंपरिक गीतों का क्रम देर तक चला। मंगल गीतों में यह चर्चा भी की गई कि गौना के लिए कहां क्या तैयारी हो रही है। गौरा को विदा कराने रविवार को ससुराल पहुंचने से भोले बाबा के आगमन के लिए तैयारिया की जा रही है। ठंडई मेवे और पकवान की व्यवस्था कि जा रही है। तीन मार्च को रंगभरी (अमला) एकादशी पर बाबा विश्वनाथ, माता पार्वती संग प्रथमेश की चल प्रतिमा की पालकी यात्रा को लेकर लोकाचार के लिए महंत आवास पर पालकी की मरम्मत से लेकर बाबा के राजसी स्वरूप और पुजन परंपरा के साथ गौरा के गौना के सामानों को सूचीबद्ध कर लिया गया है।

**रंगभरी एकादशी उत्सव का दूसरा दिन**

**गुजरात (सूरत) से आये बरसाने के लहंगे में होगा गौरा का गौना**

बुधवार सायंकाल सूरत व मथुरा के बरसाने से आये गौना के राजशाही पोशाक का महंत आवास में विधिवत पूजन किया गया आचार्य सुशील त्रिपाठी ने पालकी एंव राजशाही पोशाक का पूजन कराया।

# होली के हुड़दंग में महिलाओं का धमाल

**कार्यक्रम**

**महिलाओं ने दीं एक दूसरे को बधाइयां**

**वैश्य महिला समाज की ओर से आयोजन**



**वाराणसी।** वैश्य महिला समाज की ओर से बुधवार को रंगभरी एकादशी का त्यौहार मनाने के साथ ही नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अध्यक्ष सुष्मिता केसरी के नेतृत्व में होली के हुड़दंग एवं रंगभरी एकादशी का कार्यक्रम लक्सा स्थित एक होटल में धूमधाम से मनाया गया। संस्था की संरक्षक एवं केंद्रीय मंत्रालय वाराणसी, जहाजरानी डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ रचना अग्रवाल ने रंगभरी एकादशी की बधाई दी। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता चौरसिया ने सभी महिलाओं को बधाइयां दी। साथ ही वैश्य समाज के उत्थान की बात कही। सुष्मिता केशरी ने रंगों के त्योहार होली के इस पावन पर्व पर समाज के सभी लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि सभी के जीवन में प्रेम, उल्लास एवं उमंगों के रंग घुलें और सबका जीवन होली के रंगों की तरह रंगमय हो। हम सभी प्रेम और सौहार्द्र से रहें, ईश्वर से ऐसी कामना है। कार्यक्रम में महामंत्री अनूप और नीलू बरनवाल ने भोजपुरी गीत गाया। कार्यक्रम का शुभारंभ ममता केसरी एवं सुनता अग्रहरी के स्वागत गीत से हुआ। साथ ही कार्यक्रम में सुष्मिता केशरी द्वारा नारी सशक्तिकरण नृत्य की प्रस्तुति की गयी। रंगभरी एकादशी से संबंधित नृत्य श्वेता अग्रहरी तथा प्रीति केसरी ने प्रस्तुत किया। नारी सशक्तिकरण में एक और बड़ी कड़ी जोड़ते हुए ज्योति से ज्योति जलाते चलो भजन की प्रस्तुति मुख्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जया बरनवाल तथा रिया बरनवाल ने होली का नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में सभी पदाधिकारियों ने होली का ग्रुप डांस भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अनुपमा ने दिया। सुष्मिता केशरी ने संदेश दिया -आधा भारत आधी आबादी के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। साथ ही वैश्य समाज के लोगों में निष्ठा, प्यार, सौहार्द के साथ के साथ होली मनाने की अपील की।

# मो पे डारो न रंग गिरधारी...

**गीत**

**होली व फागुन के राग सिखाये**

**दुर्गाकुंड अंधविद्यालय में त्रिदिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का आगाज**

**वाराणसी।** दुर्गाकुंड स्थित श्रीहनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय में शिल्पायन द म्यूजिक हब की ओर से बुधवार को सायंकाल होली व फागुन पर आधारित त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे व शास्त्रीय गायिका डा. रागिनी सरना संगीत के विद्यार्थियों व जिज्ञासुओं के लिए पूर्णतः निःशुल्क गायन सीखा रहे हैं। प्रथम दिन उन्होंने आज सदाशिव खेलत होरी, मो पे डारो न रंग गिरिधारी,देखो कान्हा ने रंग मोपे डारी आदि गाकर सुनाया। उनके साथ तबले पर पं. किशोर कुमार मिश्र संगत कर रहे थे। इस मौके पर भारी संख्या में शिष्य व संगीत प्रेमी मौजूद थे। यह आयोजन तीन मार्च तक सायंकाल छह से रात्रि 8 बजे तक चलेगा।

